# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 09 नवंबर 2021, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com


## नसीहत



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि खिलाड़ियों को आईपीएल की बजाय राष्ट्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। टी20 विश्वकप की गलतियों से बचने के लिए बीसीसीआई बेहतर योजना बनाए।


उत्तराखण्ड शासन

22वां

# उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आज़ादी का अमृत महोत्सव







"उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 21वीं वर्षगाँठ की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मैं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राज्य निर्माण के अमर शहीदों, वीर बलिदानी सैनिकों को नमन करते हुए अपनी देवभूमि को सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की भावना के अनुरूप देश के अग्रणी विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता अभिव्यक्त करता हूं। हमारा प्रदेश युवावस्था में प्रवेश कर चुका है तथा हमारी सरकार युवा प्रदेश की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूर्ण करने हेतु संकल्पबद्ध है।

आइये, आज के दिन हम ये प्रण लें कि हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुरूप हम प्रदेश स्थापना के रजत जयंती वर्ष सन् 2025 तक अपने प्रदेश को भारत का एक श्रेष्ठ राज्य बनायेंगे।"

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"देवभूमि की असीम संभावनाओं पर विश्वास करते हुए आज उत्तराखण्ड की सरकार, यहां सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के महायज्ञ से पूरी ताकत से जुड़ी है। जिस अभूतपूर्व गति से इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण सहित सभी विकास कार्य हो रहे हैं, वह उत्तराखण्ड के सामर्थ्य को दिखाता है। 21वीं शताब्दी का तीसरा दशक, उत्तराखण्ड का दशक है।"

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

## नये इरादे-युवा सरकार

- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना में माताओं एवं नवजात बालिकाओं को दी जा रही है आवश्यक वस्तुओं की किट।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक प्रदेश में 8.93 लाख किसान हुए लाभान्वित।
- कोविड से प्रभावित क्षेत्रों के लिए लगभग ₹600 करोड़ का राहत पैकेज। 13 लाख लोगों को मिला लाभ।
- उत्तराखण्ड कोविड वैक्सीनेशन की शत प्रतिशत प्रथम डोज लगाने वाला देश का प्रथम राज्य बना।
- 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क।
- NDA/CDS एवं लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले उत्तराखण्ड के होनहार अभ्यर्थियों को राज्य सरकार आगे की तैयारी के लिए दे रही है ₹50000/- की आर्थिक सहायता।
- देश के 27 हजार अस्पतालों में उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड मान्य।
- प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना (ग्रामीण) में ₹169.87 करोड़ व्यय कर 12662 परिवारों को आवास आवंटित।
- 87 आक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित, 91 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- 5 महीने तक लगभग 35 हजार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को ₹2-2 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।
- आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में ₹1800 तथा मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में भी की गई ₹1500 की मासिक वृद्धि।
- आशा एवं आशा फेसिलिटेटर को 5 महीने तक ₹2-2 हजार की प्रोत्साहन राशि।
- हरिद्वार और पिथौरागढ़ के मेडिकल कॉलेजों के लिए ₹140 करोड़ की धनराशि स्वीकृत।
- कोविड उपचार में तैनात चिकित्सकों को ₹10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि।
- राजकीय स्कूल के कक्षा 10 व 12 तथा डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को निःशुल्क मोबाइल टेबलेट।
- भारत नेट फेज-2 में 6 हजार ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया।
- अतिथि शिक्षकों का वेतन ₹15 हजार से बढ़ाकर ₹25 हजार।
- केदारनाथ धाम में आदिगुरु शंकराचार्य की समाधि व प्रतिमा का लोकार्पण और ₹400 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अन्तर्गत 21 वर्ष की आयु तक के युवाओं को ₹3000 प्रतिमाह तथा निःशुल्क राशन व शिक्षा की व्यवस्था।
- मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत 2 रुपये प्रति किलो पौष्टिक चारा उपलब्ध।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत 62 लाख व्यक्तियों को 5 किलो चावल और 1 किलो दाल निःशुल्क।
- उत्तराखण्ड से द्वितीय विश्वयुद्ध की वीरांगना एवं पूर्व सैनिक की पेंशन ₹8 हजार से बढ़ाकर ₹10 हजार प्रतिमाह की गई।
- विभागों में लगभग 22 हजार रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान।
- एम.बी.बी.एस. इंटर्न्स के स्टाइपेंड को ₹7500 से ₹17000 किया गया।
- समूह 'ख' एवं 'ग' के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट।
- टनकपुर-बागेश्वर, डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेल-लाइन के सर्वे की मिली सहमति।
- हल्द्वानी, देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर में आउटर रिंग रोड का होगा निर्माण।
- "सुन्दर लाल बहुगुणा प्रकृति संरक्षण पुरस्कार" प्रारम्भ करने का निर्णय।
- राजकीय विद्यालयों के कक्षा 12 के 100 टॉपर्स को 5 साल तक उच्च शिक्षा की तैयारी हेतु छात्रवृत्ति।
- युवाओं को बड़ी सौगात, प्रदेश के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस माफ।
- उत्तराखण्ड के नेशनल पार्कों व चिड़ियाघरों में 18 साल तक के बच्चों का निःशुल्क प्रवेश।
- किसानों को ₹3 लाख और महिला स्वयं सहायता समूहों को ₹5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के।
- ऑल वेदर रोड परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत 670 किमी. लम्बाई के सापेक्ष 645 किमी. लम्बाई में कार्य गतिमान।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य प्रगति पर।



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

महिला हेल्पलाइन नं. 1090 | किसान कॉल सेंटर नं. 1551 | सी.एम.हेल्पलाइन नं. 1905 | चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098 | आयुष्मान उत्तराखण्ड हेल्पलाइन नं. 104 | आपदा कॉल सेन्टर नं. 1070




छठ पूजा के इस महापर्व पर छठी मैया का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और हमारे जीवन में खुशियां और सौभाग्य लेकर आये।

''आप सभी व्रतियों को आस्था के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनायें!
छठी मैया आपके परिवार को स्वस्थ और खुश रखे।''

–अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली

DIP/Shabdarth/D/0127/21-22

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार





# हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 09 नवंबर 2021, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

**नीतीश सख्त**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# NEET-UG 2021

## आकाशियन्स ने फिर से रचा इतिहास

**Aakash + BYJU'S**

### क्लासरूम प्रोग्राम के छात्रों ने दी परफेक्ट स्कोर की हैट्रिक



All India and Delhi Topper

1 AIR 720/720

Mrinal Kutteri – 2 YEAR CLASSROOM
Tanmay Gupta – 2 YEAR CLASSROOM
Karthika G Nair – 2 YEAR CLASSROOM

### क्लासरूम प्रोग्राम से भारत में सबसे अधिक छात्रों का सिलेक्शन#

**63564*** आकाशियन्स क्वालिफाइड NEET-UG 2021
49296 क्लासरूम
14268 डिस्टेन्स एवं डिजिटल

**17*** राज्य व केंद्र शासित प्रदेश टॉपर्स | **8*** रैंक टॉप 10 AIR में | **23*** रैंक टॉप 50 AIR में | **46*** रैंक टॉप 100 AIR में

*क्लासरूम, डिस्टेन्स और डिजिटल कोर्सेज से सभी वर्गों के विद्यार्थियों सहित। *Still Counting

**NEET 2021 में सबसे अधिक टॉप स्कोर Aakash BYJU'S से हैं***

| मार्क्स | आकाशियन्स* |
|---|---|
| ≥ 710 | 21 |
| ≥ 700 | 93 |
| ≥ 695 | 159 |
| ≥ 690 | 236 |
| ≥ 685 | 320 |
| ≥ 680 | 423 |
| ≥ 675 | 535 |

*क्लासरूम, डिस्टेन्स और डिजिटल कोर्सेज से सभी वर्गों के विद्यार्थियों सहित।



5 AIR 715/720

Jashan Chhabra – 2 YEAR CLASSROOM
Shubham Agarwal – 3 YEAR CLASSROOM
Nikhar Bansal – 2 YEAR CLASSROOM
Meghan HK – 2 YEAR CLASSROOM
Rajat Goyal – 2 YEAR CLASSROOM

**Aakash BYJU'S के क्लासरूम प्रोग्राम से NEET-UG 2021 में कई और सफलताएं**

#As compared with the available database in public domain of other similar educational institutes.
Though every care has been taken to publish the result correctly, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for error, if any.

कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।

**ADMISSIONS OPEN**
Repeater / XII Passed Batches
Get Up to 90% scholarship*

**HURRY! BATCHES BEGIN SOON**
Classroom Coaching is open
as per respective state government guidelines.
Batch Commencement Dates - NEET 2022
12 & 19 NOV - 2021

**AAKASH NATIONAL TALENT HUNT EXAM**
Aakash NATIONAL TALENT HUNT EXAM ANTHE 2021
Get Up to 100% Scholarship* (Top 100 Ranking students in each class will also be eligible for Cash Awards)
Win a trip to NASA
To Register, visit: anthe.aakash.ac.in
*Terms & conditions apply. 5 Students win an all expense paid trip to NASA.
SCAN TO REGISTER

OUR BRANCHES AT: Janak Puri (Medical Wing): 8800013110 Janak Puri (Engineering & Foundation Wing): 8800013017 South Extn., (Medical Wing): 8800013111 South Extn., (Engineering Wing): 8800015936 South Extn., (Foundation Wing): 8800013018 Dwarka (Sec-11): 8800013019 Pitam Pura (Medical Wing): 9560292031, 9560292034, 9560292036, 8826993525 Pitam Pura (Engg. Wing): 9560292026, 9560292028, 9821396805 Model Town-II: 9560197324, 9821396797, 9821396801 Punjabi Bagh: 9560197322, 9560197321, 9560197327 Preet Vihar: 8468807500, 8468807505 Noida (Sector-18): 8800013020 Noida (Sector-62): 8800013021 Greater Noida: 8800013024 Faridabad: 8800013022 Palwal: 8800013038 OUR CENTRES AT: Pusa Road: 8447299285, 8447299386, 8377956764, 7011910618 Vasant Kunj: 9711786886 Dilshad Garden: 9350395559 Ghaziabad: 8826050187, 8882546640 Gurugram (Sector-14): 9717508555, 7042494290 (South City-II): 9958064196, 9599488141 Rewari: 9053008274, 9053008275

Punjabi Bagh Branch now shifted to 29/35, Punjabi Bagh (West), Near Shivaji Park Metro Station, Rohtak Road, New Delhi-26. Ph.: 9560197321, 9560197322, 9560197327

OPENING SHORTLY - Bahadurgarh: 9311992031 Sonipat: 8527068811

SCAN FOR NEAREST CENTRE

Download Aakash App | CALL (TOLL-FREE) 1800-102-2727 | VISIT aakash.ac.in

# कैमरून के सूखे पड़े क्षेत्र को शरणार्थियों ने बना दिया हरा-भरा

**सराहनीय**

कैमरून | एजेंसी

कैमरून का जो क्षेत्र कभी सूखा था, अब वह पेड़-पौधों की वजह से हरा-भरा दिखाई देने लगा है। क्षेत्र को नई पहचान पड़ोसी देश नाईजीरिया से आए शरणार्थियों ने दी है, जिन्होंने लूथरन वर्ल्ड फेडरेशन और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की मदद से इसे हरा-भरा बनाया है।

नाईजीरिया में बोको हरम की हिंसा के बाद वर्ष 2014 में नाइजीरिया से 60,000 शरणार्थी कैमरून के मिनावाओ क्षेत्र में आए थे। शुरुआत में शरणार्थियों ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए क्षेत्र से लकड़ियों का कटान किया। लकड़ियों की कीमत बढ़ी तो वहीं सामुदायिक संघर्ष भी तेज हुआ। इस पारिस्थितिक और मानव आपदा का सामना करते हुए दोनों संस्थाओं ने वर्ष 2017 में अपना अनूठा कार्यक्रम शुरू किया और पांच साल में क्षेत्र की तस्वीर बदल गई।

### 294 एकड़ में साढ़े तीन लाख से अधिक पड़े लगाए

वर्ष 2017 में अभियान के तहत क्षेत्र के 294 एकड़ क्षेत्रफल में साढ़े तीन लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। जिसमें से 90 फीसदी जीवित हैं। दोनों संस्थाएं शरणार्थी स्वयंसेवकों की मदद से नर्सरी में फलों के पेड़ उगाते है, फिर पौधे को शिविर प्रशासकों, स्कूलों, मस्जिदों, चर्चों और घरों में वितरित किया जाता है।







**60** हजार शरणार्थी नाईजीरिया से कैमरून आए थे 2014 में

**05** साल पहले क्षेत्र को हरा भरा बनाने का कार्यक्रम शुरू किया गया

अफ्रीकी देश कैमरून के मिनावाओ का सूखा पड़ा इलाका (ऊपर) शरणार्थियों के प्रयासों से अब ऐसा नजर आता है।

## बटालियन के लिए नया प्रस्ताव भेजेगा एसएसबी

**नई दिल्ली।** भारत, नेपाल और भूटान सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को ज्यादा पुख्ता करने के लिए एसएसबी नए सिरे से बटालियन और फ्रंटियर की जरूरतों का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजेगा। सशस्त्र सीमा बल को इन सीमाओं पर करीब 12 हजार अतिरिक्त जवानों की जरूरत है।

एसएसबी ने गृह मंत्रालय को नेपाल और भूटान सीमा की सुरक्षा के लिए 12 नई बटालियन और नए सेक्टर मुख्यालय और फ्रंटियर का प्रस्ताव दिया था। अब इसे फिर से तार्किक तरीके से तैयार किया जा रहा है। जिससे ज्यादा संवेदनशील बिन्दुओं की जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा सके। **(वि.सं.)**

**आईना**

## 'स्वदेशी तकनीक का विकास जरूरी'

**नई दिल्ली।** संघर्ष के दौरान भारतीय सेना के पूर्ण इस्तेमाल के लिए केवल स्वदेश में विकसित प्रौद्योगिकियां उपलब्ध रहेंगी। ऐसे में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए विदेशी प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता घटाना बेहद जरूरी है। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने सोमवार को फिक्की के एक कार्यक्रम में दिए अपने संबोधन में यह बात कही।

## न्यायमूर्ति भूषण ने चेयरपर्सन पद संभाला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के चेयरपर्सन का पद संभाल लिया। पिछले महीने मंत्रिमंडल ने न्यायमूर्ति भूषण के नाम को मंजूरी दी थी।

## अनंतनाग से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और सेना के एक दल ने अनंतनाग जिले के अश्मुकाम क्षेत्र के वहादान गांव में तलाश अभियान के दौरान एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया।

## सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे राष्ट्रपति कोविंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों और उपराज्यपालों के 51वें सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी भाग लेंगे।

### यूएन ने रिपोर्ट में चेताया, 2030 तक तापमान 1.5 डिग्री भी बढ़ा तो संकट से बच पाना संभव नहीं होगा

# चार अरब लोग जलवायु खतरे से जूझेंगे

**आशंका**

ग्लास्गो | मदन जैड़ा

जलवायु वार्ता में जहां तापमान बढ़ोतरी को सदी के अंत तक डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने पर चिंतन-मनन हो रहा है, वहीं संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के ताजा विश्लेषण में कहा गया है कि इन सबके बावजूद 2030 तक चार अरब लोग जलवायु खतरों के जद में होंगे। किसी भी सूरत में दो अरब लोगों पर से यह खतरा टलता नहीं दिख रहा है।

**अभी 43 फीसदी आबादी इन खतरों से प्रभावितः** इस रिपोर्ट को यूनिवर्सिटी ऑफ चिले के सेंटर फॉर क्लाईमेट रिजिलिएंस एंड रिसर्च ने मैकिंजी कंपनी के साथ मिलकर तैयार किया है। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सहायता प्राप्त है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नए विश्लेषण दर्शाते हैं कि यदि तापमान बढ़ोतरी 1.5 डिग्री की राह पर ही रहती है तो भी 2030 तक दुनिया की आधी आबादी यानी चार अरब लोगों को जलवायु खतरों से जूझना होगा। अभी करीब 43 फीसदी आबादी जलवायु खतरों का सामना कर रही है।

**मौजूदा बढ़ोतरी दर से 5.30 अरब आबादी प्रभावित होगीः** लेकिन यदि दुनिया दो डिग्री की मौजूदा तापमान बढ़ोतरी की राह पर ही चलती है तो यह खतरा ज्यादा भयावह होगा। इससे 2050 तक शहरों में रहने वाले 80 करोड़, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 10 करोड़ तथा समुद्र तटीय इलाकों में बसने वाले 40 करोड़ और लोग प्रभावित होंगे। इस प्रकार यदि तुरंत जमीनी स्तर पर कार्बन उत्सर्जन रोकने के लिए प्रयास नहीं किए जाते तो प्रभावित लोगों का आंकड़ा 5.30 अरब तक पहुंच जाएगा।



ग्लास्गो में चल रहे जलवायु सम्मेलन में सोमवार को विरोध प्रदर्शन में दुनिया भर के जलवायु कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### भीषण गर्मी से 25 फीसदी कार्यघंटों का नुकसान

रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 तक जिन दो करोड़ लोगों को जलवायु खतरों का सामना करना पड़ेगा, उसमें सबसे ज्यादा घातक गर्म हवाओं की चपेट में आएंगे। उसके बाद बाढ़ और सूखे से सर्वाधिक प्रभावित होंगे। भीषण गर्मी के कारण घर से बाहर किए जाने वाले श्रमिक कार्य सर्वाधिक प्रभावित होंगे और इससे लोगों के 25% कार्यघंटों का नुकसान होगा।

### खतरा कम करने के लिए 'रेस टू रिजिलिएंस' अभियान

संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन खतरों को कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से 'रेस टू रिजिलिएंस' अभियान शुरू किया गया है। इसका मकसद गैर सरकारी संस्थाओं को भी इन खतरों से निपटने के उपाय सुनिश्चित कराना है। पहली बार उन्हें मानवीय गतिविधियों के होनेवाले प्रभावों के आकलन में शामिल किया गया है। इनमें शहर, बिजनेस, क्षेत्र आदि शामिल किए गए हैं। यह गतिविधियां सरकारों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के अलावा होंगी। 'रेस टू रिजिलिएंस' का मकसद आशंकित चार अरब लोगों को इन खतरों की जद से बाहर निकालना है।

# 'एक-चौथाई देशों ने ही स्वास्थ्य रणनीति बनाई'

ग्लास्गो | विशेष संवाददाता

जलवायु वार्ता के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया के एक-चौथाई देशों ने ही अभी तक जलवायु खतरों के प्रभावों से निपटने के लिए स्वास्थ्य योजनाएं शुरू की हैं। बाकी देशों में या तो अभी योजनाएं बन रही हैं या फिर धन की कमी या अन्य कारणों से वह शुरू नहीं कर पा रहे हैं। 70 फीसदी देशों ने माना कि स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार नहीं कर पाने की मुख्य वजह आर्थिक संसाधनों की कमी है।

'डब्ल्यूएचओ हेल्थ एंड क्लाईमेट चेंज ग्लोबल सर्वे रिपोर्ट- 2021' के अनुसार, दुनिया के तीन-चौथाई देशों ने जलवायु खतरों के स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए रणनीति तैयार की है, या कर रहे हैं। लेकिन उन्हें अभी तक एक-चौथाई राष्ट्र ही लागू कर सके हैं। सर्वेक्षण में 95 देशों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 70 फीसदी ने कहा कि आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण वह जलवायु खतरे और स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत नहीं कर पा रहे हैं। जबकि 54 फीसदी ने स्वास्थ्य कार्मिकों की कमी, 52 फीसदी ने कोरोना महामारी को जिम्मेदार माना। 46 फीसदी देशों का यह मानना था कि इस मामले में पर्याप्त अनुसंधान एवं आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। 43 फीसदी का कहना है कि उनके पास इन प्रभावों से निपटने के लिए स्वास्थ्य तकनीकें एवं उपकरणों की कमी है। 39 फीसदी देशों की प्राथमिकता में यह शामिल नहीं है।

### सभी देश सेहत पर पड़ने वाले प्रभावों पर ध्यान दें

डब्ल्यूएचओ की निदेशक (पर्यावरण एवं हेल्थ) डॉ. मारिया नाइरा ने कहा कि सभी देशों को चाहिए कि वे जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभावों पर भी ध्यान दें तथा इसके लिए आवश्यक रणनीति एवं योजनाएं पेश करें। वायु प्रदूषण के चलते कुल मौतों में से 80 फीसदी मौतें होती हैं। डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों के अनुसार हवा को शुद्ध बनाकर इन मौतों को रोका जा सकता है। इसके अलावा जलवायु प्रभावों के कारण होने वाले विस्थापितों पर स्वास्थ्य के सर्वाधिक प्रभाव पड़ते हैं, जिन्हें नीतियां बनाकर रोका जा सकता है।

## बराक ओबामा ने देशों से अपील की

**ग्लास्गो।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सोमवार को करीब 200 सरकारों के वार्ताकारों से जलवायु उत्सर्जन में कमी लाने और उससे हुए नुकसान से निबटने के लिए बड़ी महत्वाकांक्षाएं रखने को कहा।

स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन से इतर ओबामा ने कहा कि यहां आने का उद्देश्य सरकारों को यह याद दिलाना है कि पेरिस समझौते को लेकर जो उत्साह था वह ठंडा पड़ता जा रहा है और उनसे यह अनुरोध करना है कि 2015 के समझौते को कार्रवाई में बदलने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। इसमें हम सबकी भूमिका है, हम सभी को त्याग करने होंगे। **एजेंसी**

# भारत के नेतृत्व में विकसित देशों की घेराबंदी

**कवायद**

ग्लास्गो | विशेष संवाददाता

यहां चल रही जलवायु वार्ता कॉप-26 के दौरान भारत के नेतृत्व में 'बेसिक' देशों ने जलवायु वित्त पोषण को लेकर विकसित देशों को आड़े हाथों लिया। भारत ने कहा कि यदि विकसित देश जलवायु वित्त पोषण की अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे तो विकासशील देशों के बढ़े हुए उत्सर्जन एवं नेट जीरो लक्ष्य खतरे में पड़ सकते हैं। क्योंकि वित्त के बगैर उन्हें पूरा करना संभव नहीं होगा।

सोमवार को स्टॉक टेकिंग सत्र के दौरान बेसिक (ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, चीन तथा भारत) देशों की तरफ से भारत ने अपनी बात रखी। भारत की मुख्य वार्ताकार तथा पर्यावरण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव ऋचा शर्मा ने कहा कि ज्यादातर देशों ने अपने कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों में बढ़ोतरी की है। भारत समेत कई देशों ने नेट जीरो का भी ऐलान किया है। एक तरफ जहां विकासशील देश अपने लक्ष्यों में बढ़ोतरी कर रहे हैं, वहीं विकसित देश एक दशक पहले तय की हुई 100 अरब डॉलर की राशि का भी इंतजाम जलवायु खतरों से निपटने के लिए नहीं कर पा रहे हैं। न तो अब तक यह राशि एकत्र हुई है और न ही राष्ट्रों को प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह राशि एक दशक पहले तय हुई थी और तब लक्ष्य भी अलग थे। लेकिन आज जब देशों ने अपने लक्ष्य बढ़ा दिए हैं, वे नेट जीरो के लिए कार्य कर रहे हैं तो इस राशि को बढ़ाए जाने की जरूरत है। 2025 तक विकसित देश इसके लिए नए वित्तीय लक्ष्य की घोषणा करें। बता दें कि भारत इस मुद्दे को पूर्व में भी कई वार्ताओं में उठा चुका है। इस मामले में उसे 'बेसिक' देशों के साथ-साथ गरीब देशों का भी समर्थन मिल रहा है। 'बेसिक' देशों की कोशिश है कि विकसित देशों को जलवायु वित्त पोषण को लेकर घोषणा करने के लिए बाध्य किया जाए। इसमें प्रतिवर्ष 100 अरब डॉलर की राशि सुनिश्चित कराने और आगे के लिए 2025 तक नई जलवायु वित्त पोषण राशि घोषित करना शामिल है।

### वित्तीय मदद देना विकसित देशों की जिम्मेदारी

ऋचा शर्मा ने कहा कि विकासशील देशों को वित्तीय मदद करना विकसित देशों की जिम्मेदारी है। क्योंकि जलवायु वित्तपोषण के बगैर नए जलवायु लक्ष्यों की प्राप्त खतरे में पड़ सकती है। इसलिए विकसित देश जलवायु वित्तपोषण की राशि में इजाफा करें और उसे विकासशील देशों तक पहुंचाना भी सुनिश्चित करें। वैसे भी ऐतिहासिक रूप से यह विकसित देशों की जिम्मेदारी है क्योंकि मौजूदा खतरे के लिए वे ज्यादा जिम्मेदार हैं। इसलिए बेसिक देश इस मामले में विकसित देशों की जवादेही सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं।

## 'हिंद महासागर में बढ़ेगा खतरा'

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने सोमवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) खतरों व अनिश्चितताओं में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि का सामना करेगा।

गोवा समुद्री सम्मेलन में 'समुद्री सुरक्षा एवं उभरते गैर परंपरागत खतरोंः हिंद महासागर क्षेत्र की अतिसक्रिय भूमिका का मामला' विषय पर श्रृंगला ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में तेजी से घटनाक्रम हो रहे हैं और खतरों व अनिश्चितताओं में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि के साथ वहां सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रही हैं। जरूरी है कि क्षेत्र की तट रक्षक व समुद्री सुरक्षा एजेंसियां एकजुट होकर और अधिक मजबूती से इन चुनौतियों का सामना करे।

# मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ाई

मुंबई | एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास एंटीलिया की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल, दो संदिग्ध यात्रियों द्वारा एंटीलिया का पता पूछे जाने के बाद एक टैक्सी चालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अल्टामाउंट रोड पर स्थित 27 मंजिला इमारत एंटीलिया के बाहर पुलिस और अधिक अवरोधक लगा रही है। अधिकारी ने बताया कि टैक्सी चालक दक्षिण मुंबई में किला कोर्ट के पास खड़ा था तभी एक कार आई और उसमें सवार लोगों ने अंबानी के आवास का पता पूछा। अधिकारी ने टैक्सी चालक के हवाले से बताया कि कार में सवार दोनों यात्री उर्दू में बातचीत कर रहे थे और उनके पास दो थैले थे।

अधिकारी ने बताया कि आजाद मैदान पुलिस टैक्सी चालक का बयान दर्ज कर रही है। साथ ही, उसके दावे का सत्यापन कर रही है। उन्होंने बताया कि एक वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस साल फरवरी में एंटीलिया के बाहर एक संदिग्ध वाहन पाया गया था, जिसमें जिलेटिन की छड़ें मिली थी।

# मानहानि मामले में नवाब मलिक को नोटिस

**मादक पदार्थ मामला**



मुंबई | एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े के पिता ध्यानदेव वानखेड़े की ओर से दायर मानहानि मामले में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को नोटिस जारी किया।

जस्टिस माधव जामदार की अवकाशकालीन पीठ ने सोमवार को मलिक को मंगलवार तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

जस्टिस जामदार ने कहा, 'मलिक मंगलवार तक जवाब दाखिल करें। अगर वह ट्विटर पर जवाब दे सकते हैं तो अदालत में भी जवाब देने में सक्षम हैं।' उन्होंने मलिक पर वादी के खिलाफ कोई और बयान देने से रोक लगाने का आदेश जारी किए बगैर यह निर्देश दिया। ध्यानदेव की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अरशद शेख ने कहा कि प्रतिवादी (मलिक) रोजाना कोई न कोई झूठा और मानहानिकारक बयान दे रहा है। इस पर आगे चलकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी की जाती है, जो और भी अपमानजक होती है।

### क्या ड्रग्स तस्करी में शामिल थी वानखेड़े की सालीः मलिक

महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े पर ताजा हमला बोलते हुए सोमवार को सवाल किया कि क्या एनसीबी अधिकारी की साली ड्रग्स तस्करी में शामिल थी। एनसीपी नेता ने दावा किया कि पुणे की एक अदालत में वानखेड़े की साली के खिलाफ एक मामला लंबित है। हालांकि, एनसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि जिस समय कथित मामला सामने आया था, उस समय वानखेड़े राजस्व सेवा में नहीं आए थे। मलिक ने ट्वीट कर कहा, 'समीर दाऊद वानखेड़े, क्या आपकी साली हर्षदा दीनानाथ रेडकर मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़ी हुई हैं? आपको जवाब देना चाहिए, क्योंकि उनसे जुड़ा मामला पुणे की एक अदालत में लंबित है। यह उसका सबूत है।' उन्होंने मामले से जुड़े एक दस्तावेज की तस्वीर साझा की।

### मोहित भारतीय की शिकायत पर सुनवाई 29 को

मुंबई की एक अदालत ने भाजपा नेता मोहित भारतीय की ओर से दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सोमवार को महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को नोटिस जारी किया। मोहित की शिकायत पर 29 नवंबर को सुनवाई होगी।

## तमिलनाडु में भारी बारिश से आफत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई जिलों में सोमवार को भी बारिश हुई। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपेट और वेल्लोर समेत अन्य उत्तरी जिलों के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से ही हल्की से मध्यम और रुक-रुक कर बारिश हो रही है।

बारिश के चलते चेन्नई में स्कूल, कॉलेज बंद करने पड़े हैं। ज्यादातर सड़कें और सबवे पानी भर जाने के कारण अब भी बंद हैं। संवेदनशील इलाकों में बिजली की आपूर्ति रोक दी। मौसम विभाग ने 10 और 11 को तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



चेन्नई में सोमवार को भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। • प्रेट्र

## गुरमीत राम रहीम से पूछताछ हुई

**रोहतक।** पंजाब प्रांत में छह वर्ष पूर्व गुरु ग्रंथ को लेकर बेअदबी के एक मामले में सोमवार को पंजाब पुलिस की एसआईटी ने गुरमीत राम रहीम से पूछताछ की। साढ़े तीन बजे तक पूछताछ पांच घंटे तक चली।

सुनारियां जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम से पूछताछ करने के लिए पंजाब से करीब 25 पुलिस अधिकारियों की टीम पहुंची। राम रहीम को प्रोडक्शन वारंट पर लाने के लिए फरीदकोट जेल ने निर्देश जारी किए थे। उन्हें 29 अक्तूबर को पेश होने को कहा गया था। इस पर 28 अक्तूबर को हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जेल में ही पूछताछ करने की हिदायत दी थी।

### शीर्ष कोर्ट ने अर्जी पर तत्काल सुनवाई से इनकार किया, पीठ ने इस मामले को अगली सुनवाई के लिए दिसंबर में सूचीबद्ध किया

# डिजिटल सुनवाई जारी रखने से हो सकती है समस्याःकोर्ट

**टिप्पणी**

नई दिल्ली | एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें अनुरोध किया गया था कि डिजिटल माध्यम से अदालतों में सुनवाई को याचिकाकर्ता का मौलिक अधिकार घोषित किया जाए।

शीर्ष अदालत ने कहा कि डिजिटल माध्यम से अदालतों में हो रही सुनवाई जारी रखने से समस्या हो सकती है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की एक पीठ ने कहा कि डिजिटल माध्यम से सुनवाई में बहुत सी समस्याएं हैं। पीठ ने इस मामले को अगली सुनवाई के लिए दिसंबर में सूचीबद्ध किया है। पीठ ने कहा, 'डिजिटल माध्यम से सुनवाई एक समस्या हो सकती है। एक साल तक इस प्रकार काम करने के बावजूद हम प्रतिदिन 30-35 मामलों की तुलना में 60-65 मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। डिजिटल माध्यम से सुनवाई में बहुत सारी समस्याएं हैं।' न्यायालय ने कहा, 'जरनैल सिंह (पदोन्नति में आरक्षण) मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए थे जहां वकीलों ने कहा कि यहां आकर दलीलें देने में कितना अच्छा लगता है। हम भी अब (अदालत) खोल रहे हैं। पूरी तरह खुलने के बाद हम सुनवाई करेंगे।' वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने यह अर्जी दायर की थी और मामले की सुनवाई तत्काल करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, 'आज याचिकाकर्ता कहीं से भी बैठकर मामले की सुनवाई देख सकता है।'



### 70 वर्षों से बिना शिकायत के न्याय मिल रहा

शीर्ष कोर्ट ने कहा,70 वर्षों से बिना शिकायत के न्याय मिल रहा है पर आज प्रत्यक्ष उपस्थिति के साथ समस्या आ गई। इससे पूर्व कोर्ट ने कहा था कि सुनवाई के मिलेजुले माध्यम से काम नहीं हो पा रहा हैं और फिर से सामान्य रूप से कामकाज होना चाहिए। न्यायालय गैर सरकारी संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज फॉर फास्ट जस्टिस' और कुछ प्रमुख लोगों की अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें वीडियो कांफ्रेंस से सुनवाई को वादकारियों का मौलिक अधिकार घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

# गूगल ने डूडल बनाकर रणदिवे को याद किया

नई दिल्ली | एजेंसी

गूगल ने सोमवार को भारतीय सेल जीवविज्ञानी डॉ. कमल रणदिवे की 104 वीं जयंती के अवसर पर एक डूडल बनाया। रणदिवे को उनके कैंसर अनुसंधान और विज्ञान और शिक्षा के जरिए एक ऐसा समाज बनाने के लिए जाना जाता है, जहां सब समान हों।

डूडल एक भारतीय कलाकार इब्राहिम रयिन्ताकथ ने बनाया। इसमें रणदिवे को माइक्रोस्कोप की ओर देखते हुए दिखाया गया। 1917 में पुणे में पैदा हुईं कमल रणदिवे के पिता ने उन्हें मेडिकल एजुकेशन के लिए प्रेरित किया लेकिन वो बायलॉजी में जाना चाहती थीं। 1949 में उन्होंने भारतीय कैंसर अनुसंधान केंद्र में रिसर्चर के रूप में काम करते हुए कोशिका विज्ञान, कोशिकाओं के अध्ययन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।



दिल्ली सरकार ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई पेज 2 | डीयू ने दाखिले के लिए पांचवीं कटऑफ जारी की पेज 5


# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया




**नसीहत**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि खिलाड़ियों को आईपीएल की बजाय राष्ट्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। टी20 विश्वकप की गलतियों से बचने के लिए बीसीसीआई बेहतर योजना बनाए।

मंगलवार, 09 नवंबर 2021, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 86, अंक 266, 20 पेज, मूल्य ₹ 4.50, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 9.00 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 5.50






उपहार अग्निकांड से जुड़े सबूतों के साथ छेड़छाड़ का जुर्म साबित, 2.5-2.5 करोड़ का जुर्माना भी लगाया

# फैसला : अंसल बंधुओं को सात साल की कैद

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 1997 में हुए उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों भाइयों पर 2.5-2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने दोनों को अग्निकांड मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का दोषी पाया गया था।

**तीन अन्य दोषियों को भी सजा और जुर्माना :** पटियाला हाउस स्थित मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा की अदालत ने कोर्ट के पूर्व कर्मचारी दिनेश चंद शर्मा एवं अंसल बंधुओं की कंपनी के दो पूर्व कर्मचारियों पीपी बत्रा एवं अनूप सिंह को भी सात-सात साल साधारण जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा इन तीनो पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जज ने कहा कि रात दर रात सोचने के बाद, मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि पांचों दोषी सख्त सजा के हकदार हैं। उपहार त्रासदी पीड़ित एसोसिएशन ने दोनों भाइयों को उम्रकैद देने की मांग की थी।

**पांचों दोषी जेल भेजे गए:** फैसला सुनाए जाने के बाद जमानत पर बाहर पांचों दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। यह मामला अग्निकांड मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ से संबंधित है जिसमें अंसल बंधुओं को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी पर बाद में उन्हें पूर्व में बिताए जेल के समय को ध्यान में रखते हुए इस शर्त पर रिहा कर दिया कि वे एक ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के लिए 30-30 करोड़ रुपये जुर्माने के तौर पर देंगे।



गोपाल अंसल

### पश्चाताप की बात दिखावटी

अंसल बंधु समेत पांचों दोषी अपने में सुधार, पश्चाताप और क्षमा की दलील पेश कर सजा में नरमी बरतने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनका यह मुखौटा दिखावटी है। दरअसल-उनका उद्देश्य अपनी कमजोर शारीरिक,आर्थिक और मानसिक स्थिति को दिखाकर केवल सजा से बचना है। आम आदमी में न्याय के प्रति भरोसा कायम रखने के लिए ऐसे तथाकथित उच्च तबके से ताल्लुक रखने वालों को सख्त सजा देना जरूरी है।

-डॉ. पंकज शर्मा, सीएमएम( पटियाला हाउस अदालत)



सुशील अंसल

### रकम पीड़ितों को दे दी जाए

अदालत ने कहा कि जुर्माना राशि में से मुकदमे की सुनवाई पर आए सरकारी खर्च को निकालकर बकाया रकम पीड़ित परिवारों को दे दी जाए। यह मुआवजा पीड़ित परिवारों द्वारा झेली गई यातना, सदमा व दर्द की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन आर्थिक मदद के तौर काम आ सकती है।

**59** लोगों की उपहार सिनेमा अग्निकांड में हो गई थी मौत

**28** परिवारों ने अपने लोगों को त्रासदी में खो दिया था

**तब**

### सिनेमाहाल में त्रासदी

13 जून,1997 को हिंदी फिल्म 'बॉर्डर' की स्क्रीनिंग के दौरान उपहार सिनेमा में आग लग गई थी और 59 लोग मारे गए थे और100 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। जुलाई, 2002 में पहली बार सबूतों से छेड़छाड़ का पता चला और 25 जून 2004 को दिनेश शर्मा को बर्खास्त कर दिया गया।

**अहम पड़ाव**

### पीड़ितों की लंबी लड़ाई

- 22 जुलाई 1997- सुशील अंसल को मुंबई से पुलिस ने गिरफ्तार किया
- 24 जुलाई 1997- जांच दिल्ली पुलिस से सीबीआइ को सौंपी गई
- 20 नवंबर 2007- सुशील-गोपाल अंसल सहित 12 दोषी करार दिए
- 19 अगस्त 2014-सुप्रीम कोर्ट ने 30-30 करोड़ जुर्माना लगाकर अंसल बंधुओं को रिहा कर दिया
- 08 अक्तूबर 2021-पटियाला हाउस कोर्ट ने सबूतों से छेड़छाड़ का दोषी करार दिया।

› सजा भुगतनी होगी पेज 02

# प्रदूषित हवा,जहरीले जल में आस्था की डुबकी



देश की राजधानी में इन दिनों न सांस लेने लायक हवा है और न ही पूजा के लायक जल। नहाय खाय के साथ सोमवार को छठ महापर्व की शुरुआत हुई। श्रद्धालु यमुना घाट पहुंचे तो जहरीले झाग के बीच उन्हें आस्था की डुबकी लगानी पड़ी।

**278** जगह यमुना में बने घाटों पर ऐसे ही पूजा करने के लिए मजबूर दिल्ली की महिलाएं

**390** दर्ज किया गया दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक, हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में

### उद्योगों से निकल रहा जहरीला झाग

- यमुना नदी में अमोनिया का स्तर बढ़ गया है और माना जाता है कि फैक्ट्रियों,रंगाई उद्योगों, धोबी घाटों के कारण फॉस्फेट की मात्रा बढ़ने से झाग दिखता है।

› झगड़ा बढ़ा पेज 03

कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी में जहरीले झाग के बीच छठ पूजा करती महिला। ●प्रेट्र

**जरूर जानें**

### संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर से

संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित करने की सिफारिश की है। पेज 12

### पीएफ-बैंक खाते का ब्योरा एक जगह ही

कमर्चारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नई ऑनलाइन सुविधा शुरू की है जिससे आपको एक ही जगह ईपीएफ और बैंक खाता का विवरण मिल जाएगा। पेज 11

### संकल्प गुप्ता 71वें ग्रैंडमास्टर बने

संकल्प गुप्ता भारत के 71वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। वे सर्बिया में जीएम आस्क श्री राउंड रोबिन प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर तीसरा ग्रैंडमास्टर नार्म हासिल किया। पेज 14

**जरूर पढ़ें**

### त्योहारों पर गांव-घर जाने का जुनून

आप हर साल होने वाली उन यात्राओं के बारे में क्या कहेंगे, जब लाखों लोग चेन्नई व बेंगलुरु जैसी कर्मभूमि को छोड़ अपनी माटी की ओर लौटते हैं। पेज08



एस श्रीनिवासन






# सीआरपीएफ जवान ने चार साथियों की जान ली

सुकमा | एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में स्थित सीआरपीएफ शिविर में एक जवान ने अपने साथियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना में चार जवानों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए हैं।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने सोमवार को बताया कि सीआरपीएफ की 50वीं बटालियन के शिविर में जवान रितेश रंजन ने साथियों पर गोलीबारी की। इसमें चार जवान धनजी, राजीब मंडल, राजमणी कुमार यादव और धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई। जबकि धनंजय कुमार, धरमात्मा कुमार और मलय रंजन घायल हैं।

› तनावग्रस्त पेज 07

### सोते जवानों पर गोलियां खत्म होने तक फायरिंग करता रहा

पुलिस ने बताया कि जवान जब बैरक में सो रहे थे तभी रंजन ने एके-47 से उन पर गोलीबारी की। उस वक्त बैरक में 45 जवान थे। रंजन तब तक गोलियां चलाता रहा जब तक उसकी राइफल में गोली खत्म नहीं हो गई।

### साथियों के मजाक उड़ाने से नाराज था रितेश रंजन

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि रंजन और अन्य जवान कुछ दिनों से एक-दूसरे का मजाक उड़ा रहे थे। अधिकारियों ने कहा, ऐसी आशंका है कि रंजन ने इससे नाराज होकर यह कदम उठाया है।

### गोली चलाने वाला जवान तनाव में था : सीआरपीएफ

सीआरपीएफ ने कहा है कि सहकर्मियों की जान लेने वाला जवान कथित तौर पर तनाव से गुजर रहा था। सीआरपीएफ प्रवक्ता ने कहा, स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फिर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के कारण पता लगाने और उपचारात्मक उपाय के सुझाव देने के लिए जांच के आदेश दिए हैं।

### पाक नौसैनिकों पर केस

गुजरात पुलिस ने भारतीय मछुआरे पर गोली चलाने वाले पाकिस्तान के 10 नौसैनिकों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। › ब्योरा पेज 15

### 30 लाख भुखमरी की ओर

इस साल अब तक 43 देशों के 30 लाख लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। › ब्योरा पेज 13

# सख्ती : लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच से सर्वोच्च अदालत असंतुष्ट

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने असंतोष जताते हुए सोमवार को कहा कि जांच की निगरानी के लिए हमें दूसरे हाईकोर्ट के पूर्व जज को नियुक्त करना पड़ेगा। बता दें कि सरकार ने जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को नामित किया था।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पुलिस की स्थिति रिपोर्ट में कुछ नहीं है, इसमें बस यह है कि कुछ और लोगों की गवाही हो रही है। आपको समय दिया गया था, दूसरे मुद्दों पर क्या हुआ, आपने सिर्फ आशीष मिश्रा का फोन जब्त किया है बाकि के फोन जब्त क्यों नहीं किए।

› कुछ नया नहीं पेज 07



### क्या आरोपी को बचा रहे

पीठ ने कहा कि हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि एक विशेष आरोपी को दो केस को ओवरलैप करके लाभ दिया जा रहा है।

### जांच सही नहीं हो रही

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि आप जांच को सही तरीके से नहीं कर रहे हैं हम किसी दूसरे हाईकोर्ट के रिटायर जज को जांच की निगरानी के लिए नियुक्त करेंगे।

# घाटी में आतंकियों ने फिर एक नागरिक को मार डाला

श्रीनगर | एजेंसी

श्रीनगर के बोहरी कदल इलाके में आतंकियों ने सोमवार को एक आम नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। पिछले 24 घंटे में आतंकवादियों द्वारा शहर में किया गया यह दूसरा हमला है।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने बांदीपुरा जिले के निवासी मोहम्मद इब्राहिम खान पर रात करीब आठ बजे गोली चलाई। गंभीर हालत में खान को अस्पताल ले जाया गया पर बचाया नहीं जा सका। अधिकारियों ने बताया कि खान पास के महाराजगंज इलाके में एक कश्मीरी पंडित दुकानदार के यहां सेल्समैन के तौर पर काम करता था। सुरक्षा बलों ने हमलावरों का पता लगाने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और तलाशी ली जा रही है।

### दूसरा हमला

आतंकियों ने रविवार शाम बटमालू इलाके में एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कड़ी निंदा की।

### जीका का पहला मरीज ठीक हुआ

**कानपुर।** अक्तूबर में एयरफोर्स कर्मचारी में पहली बार जीका संक्रमण मिला था जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद घर भेज दिया गया। › ब्योरा पेज 07

### भारत ने नौ विकेट से दर्ज की जीत

**अबुधाबी।** टी-20 विश्वकप में भारत ने नामीबिया को नौ विकेट से हरा दिया। कोहली ने बतौर कप्तान सम्मानजनक विदाई ली। › ब्योरा पेज 14

# संकट : दिल्ली में डेंगू के ढाई गुना केस, नौ की मौत

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

राजधानी दिल्ली में डेंगू लगातार लोगों के लिए जानलेवा बनता जा रहा है। बीते सप्ताह डेंगू से दो बच्चों सहित तीन और लोगों की मौत हो गई। अब तक डेंगू से मरने वालों की संख्या नौ पहुंच गई है। छह नवंबर तक डेंगू के 2708 मरीज सामने आए हैं जो बीते वर्ष के मुकाबले दोगुना से अधिक हैं। जबकि बीते साल डेंगू से सिर्फ एक मरीज की मौत हुई थी।

दक्षिण दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते सप्ताह डेंगू से तीन और मरीजों की मौत हो गई। इनमें से दो मरीज दक्षिण दिल्ली नगर निगम और एक उत्तरी दिल्ली नगर निगम का रहने वाला था।

दक्षिण निगम के स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों का कहना है कि दुर्गा विहार देवली कालोनी निवासी 12 साल की किशोरी की मौत मैक्स अस्पताल में हुई जबकि तीन साल के बच्चे की होली फैमली अस्पताल में मौत हुई। यह बच्चा बदरपुर स्थित सौरभ विहार कालोनी का रहने वाला था। वहीं, उत्तरी निगम में रोहिणी के रहने वाले 63 वर्षीय एक बुजुर्ग की महाराजा अग्रसेन अस्पताल में मौत हुई है।

### चिकनगुनिया, मलेरिया के मामलों में कमी

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से छह नवंबर 2021 तक डेंगू के 2708 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हुए जबकि वर्ष 2020 में 1072 मामले सामने आए थे। डेंगू ने जहां मौत के मामलों के रिकॉर्ड को तोड़ा है, वहीं मरीजों की संख्या दोगुना से अधिक है। बीते साल डेंगू से एक मरीज की मौत हुई थी। चिकनगुनिया के अब तक 88 मरीज सामने आए जबकि बीते साल 94 मामले सामने आए थे। मलेरिया के 166 मरीज अब तक सामने आए हैं जबकि बीते साल 216 मरीज मिले थे।

**03** और मरीजों ने जान गंवाई डेंगू के कारण इनमें दो बच्चे शामिल

**27** सौ से अधिक मामले सामने आए छह नवंबर तक इस साल

राष्ट्रपति ने 29 महिलाओं समेत 61 लोगों को पद्मश्री पुरस्कार दिए, इनमें समाज में बड़ा बदलाव लाने वालीतमाम हस्तियां शामिल

# सेवा- संकल्प की मिसाल बनी 29 महिलाओं को पद्म सम्मान

नई दिल्ली | एजेंसी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्ष 2020 के लिए सोमवार को 73 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से 61 लोगों को पद्मश्री दिया गया। इनमें 29 ऐसी महिलाएं भी शामिल हैं जो सेवा-संकल्प की मिसाल बनीं।

पद्म भूषण पाने वालों में तमिलनाडु की कृष्णम्माल जगन्नाथन का नाम है, जिन्होंने अहिंसक तरीके से भूमिहीन लोगों को जमीन दिलाने के लिए आंदोलन किया और हजारों लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया। उन्हें ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सम्मान मिला। जंगलों की एनसाइक्लोपीडिया के रूप में मशहूर कर्नाटक की 72 वर्षीय तुलसी गौड़ा को पद्मश्री मिला। वे अब तक हजारों पौधे लगा चुकी हैं। पद्म श्री पाने वाले लोगों में राजस्थान की ऊषा चौमार भी हैं, जिन्हें सात साल की उम्र से मैला ढोना पड़ा,आज 53 साल की ऊषा सैकड़ों महिलाओं की आवाज हैं। राहीबाई सोमा पोपेरे को भी पद्मश्री मिला है। सीड मदर के नाम से विख्यात राही जैविक खेती को बढ़ावा दे रही हैं।

› 73 को सम्मान पेज 07





पहली एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय और पर्यावरणविद तुलसी गौड़ा को सम्मानित करते राष्ट्रपति।

### पीवी सिंधु, कंगना रनौत, सरिता जोशी भी सम्मानित

पुरस्कार पाने वालों में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत, सरिता जोशी, अदनान सामी समेत कई हस्तियां शामिल रहीं। भारत की पहली महिला एयर मार्शल डॉ. पद्मा बंदोपाध्याय को पद्मश्री दिया गया।

> यह देखकर बेहद खुशी हुई कि जमीनी स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वालों को सार्वजनिक बेहतरी की दिशा में किए उनके प्रयासों के लिए मान्यता दी जा रही है।
>
> -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# अमेरिका ने डेढ़ साल बाद पर्यटकों के लिए द्वार खोले

वाशिंगटन | एजेंसी

अमेरिका ने कोरोना के मद्देनजर कई देशों पर लगाए यात्रा प्रतिबंध करीब डेढ़ साल बाद सोमवार को हटा दिए। इन देशों में मेक्सिको, कनाडा और यूरोप के अधिकांश देश शामिल हैं।

हवाई यात्रा के नए नियमों के तहत इन देशों के वही यात्री अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं, जो कोरोना रोधी टीकों की पूर्ण खुराक ले चुके हैं। उन्हें पूर्ण टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा। सड़क मार्ग से यात्रा के नए नियमों के अनुसार, मैक्सिको तथा कनाडा से आने वालों को टीकाकरण का प्रमाणपत्र दिखाना होगा, लेकिन किसी तरह की जांच रिपोर्ट की जरूरत नहीं होगी। हवाई यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से जुड़ी पूर्ण जानकारी 'एयरलाइंस' को रखनी होगी, किसी भी नियम के उल्लंघन पर उन्हें 35 हजार डॉलर तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

### निर्णय

- कोरोना टीके की पूरी खुराक लेने वाले कर सकेंगे अमेरिका यात्रा
- नियमों का उल्लघंन करने पर 35 हजार डॉलर तक का जुर्माना

### पांचों दोषियों की दलीलों को पटियाला हाउस अदालत ने सिरे से खारिज किया, अंसल बंधु फैसला सुनते ही भावुक हो गए

# जो किया उसकी सजा भुगतनी होगी : अदालत

**उपहार कांड**

नई दिल्ली। हेमलता कौशिक

उपहार सिनेमा हॉल अग्निकांड मामले के सबूतों से छेड़छाड़ में दोषी पाए गए रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल सोमवार को उस समय भावुक हो गए, जब अदालत ने उन्हें सख्त सजा सुनाए जाने का संकेत दिया। अंसल बंधुओं की ओर से उनके अधिवक्ताओं ने सामाजिक कार्य से लेकर उनकी अधिक उम्र, बीमारियों, हजारों कामगारों के बेरोजगार होने समेत दर्जनों दलीलें दीं, लेकिन अदालत ने कुछ ही शब्दों में इन दलीलों को धराशायी कर दिया। अदालत ने कहा, जब अपराध किया उस समय परिपक्व थे, सुशिक्षित थे फिर भी कानून के खिलाफ साजिश रच दी, तो बुढ़ापे का रोना क्यों। जो किया है उसकी सजा भुगतनी होगी।

पटियाला हाउस स्थित मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा की अदालत ने फैसले में कहा कि समय चलायमान होता है। पांचों दोषियों ने ऐसी साजिश रची जो सीधे तौर पर कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ थी। कानूनी दस्तावेजों को मिटाकर सजा से बचने का इन दोषियों का प्रयास कानून पर वार के समान था।

**परिणाम के बार में जानते थे :** अदालत ने कहा कि से दोषी अपनी टालमटोल वाली क्रिया से लंबे समय तक सिनेमाहॉल पीड़ितों को असहनीय पीड़ा देते रहे। अदालत ने यह भी कहा कि अब ये दोषी अपने परिवारों की खराब आर्थिक, सामाजिक व मानसिक स्थिति का हवाला दे रहे हैं, जबकि यह अपराध करते समय अपराध की प्रवृति और उसके परिणामों के बारे में अच्छे से जानते थे। अदालत ने अंसल बंधुओं समेत पांचों दोषियों को सात-सात साल साधारण कैद की सजा सुनाई है।



सिनेमा हॉल में आग लगने के बाद पार्किंग में लगे वाहन भी जलकर खाक हो गए थे। • फाइल फोटो

## दोषियों की दलील पर टिप्पणी

**1 सुशील अंसल**

अदालत ने कहा कि दोषी सुशील अंसल की दलील थी कि वह बहुत सारे सामाजिक कार्य करते हैं, जबकि वास्तविकता में ये कार्य चाहे वह शिक्षा संस्थान चलाने, वृश्राआश्रम चलाने की दलील हो यह एक कॉरपोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी का हिस्सा है। अपनी आमदनी के हिसाब से उन्हें यह सामाजिक सरोकार के काम करने ही हैं। इसका उन्हें अपने कारोबार में फायदा मिलता है। ऐसे में समाजिक कार्य के नाम पर सजा में नरमी की दलील बेबुनियाद है।

**2 गोपाल अंसल**

गोपाल अंसल की दलील थी कि उसकी कंपनी में दो हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। उसके जेल जाने से ये सड़क पर आ जाएंगे, क्योंकि वह अकेला कारोबार संभालता है। इस पर अदालत ने टिप्पणी की कि न्यायिक प्रणाली का इरादा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को नुकसान पहुंचाना नहीं है। लेकिन यहां यह सत्य है कि दोषी ने अपराध किया है और उसे सजा देना जरूरी है। इसके पीछे के हालात को समझना घटना के पीड़ितों के साथ नाइंसाफी करना होगा।

**3 दिनेश कुमार शर्मा**

अदालत ने पूर्व कोर्टकर्मी तत्कालीन अहलमद दिनेश कुमार शर्मा की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें कहा था कि वह सुधर गया है। नौकरी से निलंबित होने के बाद उसने एलएलबी व एलएलएम किया है। अदालत ने कहा कि अदालती रिकॉर्ड का संरक्षक होने के बावजूद वह इस साजिश में शामिल हुआ। उसे अच्छे से पता था कि इस अपराध की सजा क्या हो सकती है। वह पढ़ा-लिखा था। अदालत ने उसकी कानूनी शिक्षा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कानून की पढ़ाई से उसके सुधार या अपराध की गंभीरता में कम नहीं हो जाती।

**4 पीपी बत्रा**

अंसल बंधुओं की कंपनी में लीगल विभाग में कार्यरत पीपी बत्रा को आड़े हाथों लेते हुए अदालत ने कहा कि उसका कहना है कि वह कंपनी का एक बहुत छोटा सा कर्मचारी था। लेकिन अदालत ने कहा कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति था। उसे पता था कि वह क्या अपराध कर रहा है। उसकी सजा क्या हो सकती है। निजी फायदे के लिए साजिश में शामिल हुआ और अब दोष साबित हो गया तो सजा से बचने के लिए तरह-तरह के बहाने बना रहा है।

**5 अनूप सिंह करायत**

अनूप सिंह की दलील थी कि वह दो बार सेना में अपनी बहादुरी के लिए मेडल जीत चुका है और वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध का हिस्सा रहा है। 15 साल एसपीजी का हिस्सा रहा। उसका साफ सुथरा करियर रहा है। इस पर अदालत ने कहा कि बेशक उसके कार्यो को सराहा गया होगा, लेकिन अच्छे कार्य के एवज में कानून उसे अपराध करने की इजाजत नहीं देता। उसने अपराध किया है, तो सजा भुगतने के लिए भी तैयार रहे।

## 59 लोगों की मौत हो गई थी

वर्ष 1997 में ग्रीनपार्क स्थित उपहार सिनेमा हॉल में बार्डर फिल्म का प्रसारण हो रहा था, तभी हॉल में आग लग गई। हादसे में 59 लोगों की जान चली गई। अंसल बंधुओं समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक इस मुकदमे की सुनवाई पटियाला हाउस अदालत में चल रही थी। अंसल बंधुओं ने संबंधित अदालत के अहलमद दिनेश कुमार शर्मा के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची और मुकदमे की फाइल से उन पेजों को हटवा दिया जिनमें सिनेमाहॉल की खामिया जैसे की हॉल के बंद दरवाजे, हॉल की सीटिंग व्यवस्था में खामियों को लेकर साक्ष्य थे।

### डालसा ने की परिवारों को मुआवजे की सिफारिश

डालसा ने अदालत के आदेश पर पीड़ित परिवारों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट पेश की। इसमें बताया गया कि आग में 28 परिवारों के 59 लोगों की मृत्यु हो गई थी। परिवारों को अपूरणीय क्षति हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि ये परिवार मुआवजा पाने के हकदार हैं। इन्होंने अपनों को खोया है। अधिकांश परिवारों के बच्चे इस हादसे के शिकार हुए।

### मुकदमे पर खर्च का हिसाब भी दिया

डालसा की ओर से मुकदमे की सुनवाई पर खर्च आई रकम का ब्योरा भी पेश किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि मुकदमे की सुनवाई पर सरकार के 15 हजार 251 रुपये खर्च हुए हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि मुकदमे पर खर्च आई रकम को चार करोड़ 59 लाख रुपये में से काटकर बाकी रकम 28 पीड़ित परिवारों को मुआवजे के तौर पर दे दी जाए।

## मां का अपने बच्चों से किया वादा आज पूरा हुआ : नीलम कृष्णामूर्ति

**फैसले के** समय अदालत में मौजूद उपहार हादसा पीड़ित संघ की अध्यक्ष नीलम कृष्णामूर्ति दोषियों की सजा पर निर्णय को सुनने के बाद भावुक हो गईं। उन्होंने अपने आपको संभालते हुए कहा कि एक मां का वादा 24 साल बाद जाकर पूरा हुआ। मुख्य मामले में जहां अंसल बंधुओं व अन्य को लापरवाही से मौत के लिए महज दो साल की सजा सुनाई गई। वहीं, सबूतों से छेड़छाड़ में वह दोषियों को उनके असली अंजाम तक पहुंचाने में सफल रही हैं। आज का फैसला सुन उनका भरोसा कानून पर दोबारा बहाल हुआ है।

ज्ञात रहे कि 28 पीड़ित परिवारों को लेकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने में नीलम कृष्णामूर्ति की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रही है। जब इस बाबत उनसे पूछा गया तो उनका कहना था कि इस हादसे में उन्होंने अपने दोनों बच्चों( बेटा-बेटी ) को खो दिया। पति-पत्नी के पास जीने का एक ही मकसद बचा था। दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाना। उनकी कानूनी लड़ाई उन लोगों से थी जो समाज के उच्च तबके के नामी-गिरामी व पैसे वाले लोग थे। लेकिन उनके व अन्य पीड़ित परिवारों के पास हौसला था। इसी हौसले व बच्चों को इंसाफ दिलाने की जिद्द ने ढाई दशक तक उन्हें चैन से नहीं बैठने दिया।


EYE MY EYE

Presents

खेलो और जीतो

हिन्दुस्तान के साथ

रोज एक आसान से सवाल का जवाब दें और पाएं मौका eyemyeye के गिफ्ट वाउचर जीतने का।

आज का सवालः ऑस्ट्रेलिया का पुराना नाम क्या था ?
(A) बोस्त्रिया (B) न्यू हॉलैंड

भाग लेने के लिए अपना जवाब (सही ऑप्शन) लिखकर 9115100244 पर SMS करें। उदाहरण स्वरुप यदि आपका जवाब (A) बोस्त्रिया है तो SMS में लिखें A और 9115100244 पर भेज दें।

नियम व शर्तो के लिए www.eyemyeye.com पर जाएँ।


## तोहफा: दिल्ली सरकार ने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी करने से दिल्ली में श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में इजाफा हुआ है। यह बढ़ोतरी बीते एक अक्तूबर से लागू होगा। अब अकुशल श्रमिक की न्यूनतम मजदूरी 15 हजार 908 रुपये से बढ़कर 16 हजार 64 रुपये हो जाएगी। वहीं, अर्धकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 17 हजार 537 रुपये से बढ़कर 17 हजार 693 रुपये हो जाएगी। महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी किया जा चुका है।

उपमुख्यंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा दिल्ली में देश के दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे अधिक न्यूनतम मजदूरी मिलती है। उन्होंने कहा कि अकुशल से लेकर कुशल सभी श्रेणियों में मजदूरों का वेतन बढ़ गया है। कुशल श्रमिकों का अब मासिक वेतन 19,291 रुपये से बढ़कर 19,473 रुपये किया गया है। इसके अलावा सुपरवाइजर और लिपिक वर्ग के कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी भी बढ़ गई है। सिसोदिया ने कहा कि गरीब और मजदूर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कोरोना के दौरान यह बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिकों को महंगाई भत्ते पर रोक नहीं लगाई जा सकती है, जिन्हें सामान्यतः केवल न्यूनतम मजदूरी मिलती है। इसलिए सरकार ने महंगाई भत्ता जोड़कर नए न्यूनतम वेतन की घोषणा की है। सिसोदिया ने कहा कि देश में महंगाई और वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के कारण आज समाज का हर वर्ग आर्थिक रूप से भी प्रभावित हुआ है। उम्मीद करता हूं कि इस बढ़ोतरी से मजदूर भाईयों को सहायता मिलेगी।

**यह बदलाव होगा**

| श्रेणी | वर्तमान वेतन | बढ़ने के बाद |
|---|---|---|
| अकुशल | 15,908 | 16,064 |
| अर्धकुशल | 17,537 | 17,693 |
| पढ़े-लिखे | 19,291 | 19,473 |
| स्नातक से ऊपर | 20,976 | 21,184 |


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **30-Elect-08-T-2021-22-E3** उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल नई दिल्ली में स्थापित एयर कूल्ड स्क्रू चिलर एयर कंडीशनिंग सिस्टम का संचालन और व्यापक रखरखाव पांच साल के लिए। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 337.42 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 00.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | **02.12.2021, 12.00 Hrs.** |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | **02.12.2021, 12.00 Hrs.** |
| वेब साइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2566/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **DUK खण्ड पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, प्रथम के अंतर्गत किलोमीटर 47.155 पर TRR (P).** |
| 2. | अनुमानित लागत | **₹ 3,30,01,830.24** |
| 3. | समापन अवधि | 12 महीने |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 30.11.2021 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 30.11.2021 को 11:00 बजे |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है |
| 6. | समान प्रकार के कार्य | CTR/TRR/TFR/TTR ट्रैक की raising, गहरी स्क्रीनिंग, ट्रैक की distressing, पूर्व और पोस्ट ट्रैक मशीन के रखरखाव का कार्य, tamping मशीन की तरह TRT/PQRS गिट्टी स्क्रीनिंग, टी-28 से TTR कार्य। |

**नोट :-** शपथ पत्र संलग्नक-XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तो के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

**पत्र संख्याः- 128-डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/21-22/डब्ल्यू-I (NIT-34)**
**दिनाँक : 08.11.2021.** 2567/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता-III डीएलआई के तहत 12 किमी की मैनुअल डीप स्क्रीनिंग प्लेन ट्रैक और संबंधित कार्यो (किमी 15.940-किमी 22.000 अप एंड डाउन ईएमयू/डीएएल-3) और दिल्ली-अंबाला और दिल्ली-भटिंडा सेक्शन के अप और डाउन ट्रैक पर 33.720 किलोमीटर उथले स्क्रीनिंग का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,20,69,192.67 (एक करोड़ बीस लाख उन्हत्तर हजार एक सौ बान्वे और सड़सठ पैसे केवल) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.0/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00/- |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.11.2021 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/17/2021-22/डब्यू-3 दिनांक : 08.11.2021** 2564/2021

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (पूर्ववर्ती आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड)**

**वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)**
टैरिफ के जरिये प्रतियोगिता बोली प्रक्रिया (टी. बी. सी. बी. ) के अंतर्गत "पूर्वी और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के लिए प्रणाली सुदृढ़ीकरण स्कीम" के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधारित पारेषण सेवा प्रदाता के चयन की अहर्ता हेतु

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (पूर्ववर्ती आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड), नई दिल्ली, भारत (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वमित्व की सहायक कंपनी- एक "नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) उपरोक्त पारेषण परियोजना की स्थापना हेतु टी. बी. सी. बी. के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) वाली एक चरण दो लिफाफे की प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इच्छुक बोलीदाता कृपया हमारी वेबसाइट **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** पर 09.11.2021 से उपलब्ध "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) अधिसूचना तथा आरएफपी दस्तावेज का अवलोकन करें।
बोलीदाता, आरएफपी दस्तावेज सभी कार्य दिवसों में 10.30 बजे (भा.मा.स) से 16.00 बजे (भा.मा.स) के बीच (09.11.2021 से 10.01.2022 तक) हमारी वेबसाइट **www.recindia.nic.in** और www.recpdcl.in पर उपलब्ध संबंधित परियोजना के आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार अप्रतिदेय गैर-वापसी योग्य शुल्क (₹ 5,00,000/- (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) के भुगतान पर प्राप्त कर सकते है।
आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाइट **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। तथापि, ऐसे मामले में, इच्छुक पार्टी आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार अप्रतिदेय गैर-वापसी योग्य शुल्क (₹5,00,000/- (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) का अलग से भुगतान करने पर ही आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। आरएफपी के संबंध में स्पष्टीकरण मंगवाने की अंतिम तिथि 29.11.2021 है तथा आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 11.01.2022 (भा.मा.स. 12.00 बजे तक) है। आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव उसी दिन 12.30 बजे (भा.मा.स.) उन बोलीदाताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जो उपस्थित होना चाहें, खोले जायेंगे। सर्वे रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों के स्पष्टीकरण उन्हीं बोलीदाताओं को जारी किया जाएगा, जिन्होंने अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज प्राप्त किया है या खरीदा है।
बोली में सभी शुद्धिपत्र, अनुशेष, संशोधन, समय बढ़ाना आदि हमारी वेबसाइट **www.recindia.nic.in** तथा **www.recpdcl.in** पर होस्ट किए जाएंगे। नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे।
**नोटः** आरईसीपीडीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी बाध्यता के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। यह कोई पेशकश नहीं है।

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड)**
**कोर - 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003, भारत**

बोली प्रक्रिया समन्वयक: आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (पूर्ववर्ती आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) | पहलकर्ता: विद्युत मंत्रालय भारत सरकार | पहलकर्ता भागीदार: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं। Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps



**दिल्ली जल बोर्डः रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार**
**कार्यालय मुख्य जल विश्लेषक (डब्ल्यूएण्डएस)-I**
वाटर वर्क्स वजीराबाद, दिल्ली-110054
"कोरोना रोकें- मास्क पहनें, दो गज की दूरी का पालन करें एवं स्वच्छता बनाए रखें"
**प्रेस नि.आ.सू. सं. 08 (2021-22)**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रु.) | ई-प्रोक्युरमेंट सॉल्युशन में निविदा के निर्गमन की तिथि | ई-प्रोक्युरमेंट सॉल्युशन के जरिए निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | नवीनतम संशोधनों, यदि कोई हो, के साथ बीआईएस विशिष्टियों - 646 - 1986 के अनुरूप **लिक्विड क्लोरीन (900 किग्रा. सिलिण्डर्स में) की** आपूर्ति। | जॉब वर्क | 7,20,000/- | निविदा आईडीः 2021_DJB_210609_1 प्रकाशन तिथि 03 नवम्बर, 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे से | 21 नवम्बर, 2021 अप. 12.30 बजे तक |

सभी नियमों और शर्तों के साथ-साथ नि.आ.सू. दि.ज.बो. की वेबसाइट **https://govtprocurement.delhi.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
ज.सं.अधि. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा.सं. ज.सं.वि. 571/2021-22
ह0/-
मुख्य जल विश्लेषक (डब्ल्यूएण्डएस)-I



**सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी)**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**ब्लॉक IX, पुराना सचिवालय, दिल्ली- 110054**
**टेलीफोन नं. 011-23814616, ई-मेलः dirip@nic.in**

एफ.नं.20(23)/डीआईपी/ईवेंट मैने. एजेंसी एम्पैनल./2021-22

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा आईडी नं.: **2021_DIP_210346_1** दिनांक 28.10.2021 के संदर्भ में, यह सभी संभावित बोलीदाताओं के लिए सूचनार्थ है कि **"दिनांक 10.11.2021 को छठ पूजा के अवसर पर राजकीय अवकाश होने की वजह से निविदा की अनुसूची में संशोधन किया गया है"**। **"ईवेंट मैनेजमेंट कम्पनीज की सूचीबद्धता"** हेतु ऑनलाइन निविदा को निम्नांकित अनुसार पुनःनिर्धारित किया गया हैः-

**निविदा की पुनःअनुसूची**

| क्र.सं. | ईवेंट विवरण | तिथि और समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा पोर्टल पर आरएफपी के अपलोड होने की तिथि | 28.10.2021 |
| 2 | पूर्व-बोली बैठक | 12.11.2021 अप. 2.30 बजे |
| 3 | पूर्व-बोली पूछताछ की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 16.11.2021 |
| 4 | पूर्व-बोली बैठक के दौरान उठाए गए प्रश्नों के जवाब के प्रकाशन की तिथि | 18.11.2021 |
| 5 | बोलियों की प्रस्तुति की अंतिम तिथि | 25.11.2021 सायं 5.00 बजे तक |
| 6 | ईएमडी प्रस्तुति की अंतिम तिथि | 25.11.2021 सायं 5.00 बजे तक |
| 7 | तकनीकी बोली खुलने की तिथि | 29.11.2021 |

नियम एवं शर्तों आदि के साथ-साथ आरएफपी के विवरण ई-प्रापण, रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार और विभाग की वेबसाइट क्रमशः https://govtprocurement.delhi.gov.in एवं https://publicity.delhigovt.nic.in/wps/wcm/connect/DOIT_Publicity/information+and+ publicity/home पर उपलब्ध हैं जिसे यहां से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
पूर्व-बोली बैठक **मीडिया हट, डीआईपी में दिनांक 12.11.2021 को अप. 2.30 बजे** निर्धारित है।
इसे सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से जारी किया गया है।

ह0/-
निदेशक, डीआईपी

DIP/Shabdarth/0404/21-22


# ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन ढाई हजार में लगवाएं

**अच्छी खबर**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली में निजी ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन लगवाने के लिए आवेदकों को विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठे आवेदन करने के बाद सात दिन के अंदर चार्जिंग स्टेशन लगेंगे। इसके लिए सब्सिडी भी मिलेगी। सबसे सस्ता ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन 2500 रुपये में लग जाएगा। दरअसल, सबसे सस्ता ई-चार्जिंग स्टेशन 8500 रुपये का है, लेकिन 6000 की सब्सिडी के बाद आवेदक को सिर्फ 2500 रुपये देने होंगे।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सोमवार को निजी ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की शुरुआत की। डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन ऑफ दिल्ली के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह भी मौजूद रहे।

### ऐसे करना होगा आवेदन

दिल्लीवालों को अपनी बिजली आपूर्ति वाली कंपनी की वेबसाइट पर जाना होगा। वहां दिए गए लिंक पर आवेदक के अपने बिजली कनेक्शन का सीए (उपभोक्ता अकाउंट) नंबर डालना होगा। चार्जर लगाने वाली 12 कंपनियों में से एक को चुनना होगा। उसके बाद खुद सात दिन में कंपनी आपसे फोन पर बात कर चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए आएगी। आपको सब्सिडी का पैसा काटकर उसे भुगतान करना होगा। अगर कोई सिर्फ अपने लिए चार्जिंग स्टेशन लगवा रहा है तो वह अपने घर की बिजली का प्रयोग कर सकता है। लेकिन कोई व्यवसाय के तौर पर दूसरे के वाहन चार्ज करके पैसा कमाना चाहता है तो उसे व्यावसायिक मीटर लगवाना होगा। उसे 4.50 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करना होगा।

### खास बातें

- 8500 रुपये की लागत से चार्जिंग स्टेशन लगवा सकते हैं
- 6000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी, जिससे 2500 रुपये ही आवेदक को देना पड़ेगा
- एक जगह ही आवेदन करना होगा, एक फीट लंबे और चौड़ी न्यूनतम जगह की जरूरत पड़ेगी
- सात दिन में सब्सिडी के साथ चार्जिंग स्टेशन लग जाएगा
- तीन बिजली आपूर्ति कंपनी की वेबसाइट पर आवेदन का लिंक मिलेगा

## बढ़ती भीड़ के साथ मेट्रो ने अतिरिक्त गेट खोले

**सहूलियत**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**423** मेट्रो गेट अब तक खोले जा चुके हैं दूसरी लहर के बाद

**671** प्रवेश/निकास गेट पूरे मेट्रो नेटवर्क पर वर्तमान समय में है

लॉकडाउन से मिली राहत के बाद मेट्रो में बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्टेशन में प्रवेश और निकास के लिए गेट की संख्या बढ़ा दी गई है। बीते 7 जून को जब दूसरी लहर के बाद मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ तब कुल 257 गेट ही खोले गए थे जो अब बढ़कर 423 से अधिक हो गए हैं। यह अब भी मेट्रो नेटवर्क पर कुल मौजूद गेट का महज 61.69 फीसदी ही है।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली के मेट्रो के कुल 253 मेट्रो स्टेशन हैं। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर प्रवेश व निकास के लिए कुल 671 गेट बनाए गए हैं। मगर कोविड नियमों के चलते अभी तक सभी गेट खोलने की मंजूर नहीं मिली है।

बीते अप्रैल-मई में जब कोविड की दूसरी लहर आई तो मेट्रो का परिचालन दोबारा 48 दिनों तक बंद रहा। उसके बाद जब जून के पहले सप्ताह में मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ तो सिर्फ 257 गेट खोलकर सीमित संख्या में यात्रियों को प्रवेश दिया था।

## श्रमिक मित्र योजना शुरू

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली सरकार ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए श्रमिक मित्र योजना की शुरुआत की है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 800 श्रमिक मित्र निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के घरों तक जाएंगे और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगे। सरकार की योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी भी मुहैया कराएंगे।

सरकारी की योजनाओं को गिनाते हुए सिसोदिया ने कहा कि सरकार 800 के करीब श्रमिक मित्रों को तैयार करेगी। यह जिला, विधानसभा और वार्ड समन्वयक के तौर पर काम करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम तीन से चार श्रमिक मित्र हों, जो निर्माण श्रमिकों की सहायता कर सकें।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 11-2021-22-डब्ल्यू-5 |
| 1 | कार्य का नाम (स्थान के साथ) | वरिष्ठ डिवीजनल इंजीनियर/V के खंड में ग्रीन वायर मेष फेंसिग और फूलों का पौधरोपण करके दिल्ली क्षेत्र के दृष्टिकोणों में सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | रु. 29999243.26 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (**नोट** : रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।) रुपये 300000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 3 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 30.11.2021 को 15:00 बजे तक तथा 30.11.2021 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2021-22/W-V/NIT-11 Dated: 08.11.2021** 2568/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


ताजा खबरों के लिए देखें : www.livehindustan.com

**आमने-सामने :** भाजपा-कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर सवाल उठाए तो आप नेता राघव चड्ढा ने पड़ोसी राज्यों यूपी-हरियाणा की जिम्मेदारी बताई

# यमुना में सफेद झाग पर सियासी झगड़ा बढ़ा

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता



झाग से मुक्ति को लेकर हमने कई बार पड़ोसी राज्यों से बात की। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। दिल्ली सरकार यमुना साफ करने को लेकर कई कदम उठा रही है। लेकिन ओखला बैराज का जो वीडियो दिखाकर दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया जा रहा है, उसके लिए पड़ोसी राज्य जिम्मेदार हैं। **–राघव चड्ढा**, जलबोर्ड उपाध्यक्ष

राजधानी में छठ महापर्व पर यमुना के प्रदूषण को लेकर दिल्ली की सियासत गरमा गई है। यमुना के झागयुक्त पानी में महिलाओं के नहाने और पूजा की तस्वीर वायरल होने के साथ ही राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

भाजपा ने यमुना के प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कभी यमुना किनारे छठ पर्व पर रोक लगाकर तो कभी यमुना में अमोनिया बाहकर पूर्वांचलियों की आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। वहीं, कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर यमुना को साफ नहीं करने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए सीधे तौर पर पड़ोसी राज्य यूपी और हरियाणा जिम्मेदार हैं।

**नाले क्यों नहीं बंद किए :** भाजपा सांसद मनोज तिवारी छठ पर्व के पहले ही दिन सोमवार को सुबह-सुबह कालिंदी कुंज के उस घाट पर पहुंचे, जहां अमोनिया बढ़ने से यमुना में झागयुक्त पानी नजर आ रहा था। उन्होंने इसके लिए आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वजीराबाद बैराज तक यमुना का पानी साफ है, फिर दिल्ली में कालिंदी कुंज पहुंचते-पहुंचते यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार छठ पर्व को लेकर पूर्वांचलियों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना में गिरने वाले नालों को आज तक बंद नहीं किया है।

**यूपी-हरियाणा से आ रही गंदगी :** विपक्ष के हमले पर दिल्ली सरकार की ओर से जलबोर्ड उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यमुना की इस हालत के लिए सीधे तौर पर पड़ोसी राज्य यूपी और हरियाणा जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि यमुना की जो तस्वीरें दिखाई जा रही हैं, दरअसल वह ओखला बैराज की हैं। वहां झाग दिख रहा है, वह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के अधीन आता है।

उन्होंने कहा कि ओखला बैराज पर रोजाना करीब 155 एमजीडी पानी पहुंचता है। इसमें 105 एमजीडी हरियाणा, 50 एमजीडी शाहदरा ड्रेन से आता है, जो कि गंगा का पानी होता है। यह गैर शोधित पानी छोड़ा जाता है। यह पानी ऊंचाई से छोड़ा जाता है तो वहां झाग बन जाता है। चड्ढा का आरोप है कि हम कई बार यूपी और हरियाणा को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई सुधार नहीं किया।



कालिंदी कुंज के पास यमुना में सोमवार को सफेद झाग के बीच ही छठ की पूजा करतीं महिलाएं। ● अजय अग्रवाल

## आस्था का महापर्व शुरू, खरना आज

**नई दिल्ली।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन नहाय-खाय हुआ। इस दिन छठ पूजा करने वालों के यहां लौकी की सब्जी, चने की दाल और चावल का प्रसाद बना। दूसरे दिन मंगलवार को खरना के साथ 36 घंटे का कठिन व्रत शुरू हो जाएगा, जिसके बाद 10 नवंबर को डूबते सूर्य और फिर अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूजा संपन्न हो जाएगी।

**यमुना घाट पर नहीं मिली अनुमति :** दिल्ली में इस बार यमुना घाटों पर छठ पूजा की अनुमति नहीं मिली है। इसलिए पूजा करने वालों के लिए कृत्रिम घाट तैयार किए जा रहे हैं।

**30-40 लाख लोग मनाते हैं :** छठ पूजा समिति दिल्ली प्रदेश आईटीओ घाट के अध्यक्ष सेवाराम पांडेय और सचिव बृजेश पांडेय ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में 30-40 लाख लोग छठ पूजा मनाते हैं। उन्होंने बताया कि मध्य जिला में 23 स्थानों पर कृत्रिम घाट की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है।

**वालंटियर तैनात किए गए :** यमुना घाट पर छठ पूजा की अनुमति नहीं दी गई है। प्रशासन ने सिविल डिफेंस वालंटियर की तैनाती कर दी है। प्रदूषण का हवाला देकर पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि आईटीओ यमुना घाट के पूर्वी तट पर हाथी से लेकर ऊंट तक रहते हैं।

### किसने क्या कहा

दिल्ली के भाजपा नेताओं को पड़ोसी राज्यों से जवाब मांगना चाहिए। उप राज्यपाल अनिल बैजल ने नदी किनारे छठ पूजा की अनुमति नहीं देने का फैसला किया था, जबकि यमुना में पानी हरियाणा सरकार द्वारा छोड़ा जाता है। केंद्र में भी भाजपा सरकार और हरियाणा में भी भाजपा पार्टी सत्ता में है। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि भाजपा नेता अपने उप राज्यपाल और सरकारों से बात क्यों नहीं कर पा रहे हैं?
**–गोपाल राय**, पर्यावरण मंत्री, दिल्ली

दिल्ली में देशभर ही नहीं, दुनियाभर से आए लोग बसते हैं। जहां देश के त्योहार ही नहीं, विदेशों के भी राष्ट्रीय उत्सव मनाए जाते हैं। लेकिन राजधानी के लोग आज शर्मसार हैं कि दिल्ली सरकार की हठधर्मिता के चलते छठ पूजा की उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। हम दिल्ली के मूल नागरिक शर्मिंदा हैं कि हमारे पूर्वांचल के भाई-बहनों को त्योहार मनाने में असुविधा हो रही है। राज्य सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।
**–प्रवीण शंकर**, भाजपा प्रवक्ता

आम आदमी पार्टी और भाजपा यमुना किनारे छठ पूजा के आयोजन को लेकर जान-बूझकर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस मुद्दे पर दोनों पार्टियां दिल्लीवासियों को भ्रमित करके राजनीति कर रही हैं। पूर्व में कांग्रेस की दिल्ली सरकार के अनुरोध पर हरियाणा सरकार हर वर्ष छठ पर्व से तीन-चार दिन पहले हथिनि कुंड बैराज से पानी छोड़ती थी, जिसके बाद तमाम श्रद्धालु स्वच्छ जल में आस्था के महापर्व पर सूर्य देव को अर्घ्य देते थे।
**–अनिल कुमार**, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**छठ घाटों का जायजा लिया** उत्तरी निगम और पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न छठ घाटों का महापौर राजा इकबाल सिंह और श्याम सुदंर अग्रवाल ने जायजा लिया।

# 800 स्थानों पर छठ का आयोजन : सिसोदिया

**दावा**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली में सोमवार से नहाय खाय के साथ शुरू हुए छठ महापर्व का आयोजन 800 जगहों पर किया जा रहा है। कोरोना के बावजूद दिल्ली सरकार छठ पर्व की सभी तैयारियों पूरी कर रही है। यह बातें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को डिजिटल प्रेस फॉन्फ्रेंस में कहीं।

सिसोदिया ने कहा कि हमारी सरकार सभी पूर्वांचलियों के लिए मोहल्ले-मोहल्ले में छठ पर्व का आयोजन कर रही है। राजनीतिक फायदे के लिए इसका आयोजन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2015 से पहले दिल्ली में सिर्फ 80-90 छठ घाट हुआ करते थे। यह घाट भी सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं के थे जो आयोजन समितियां चलाते थे। आम आदमी के लिए कोई छठ घाट नहीं होता था। केजरीवाल सरकार ने इस राजनीतिक आयोजन को खत्म करके मोहल्ले-मोहल्ले में छठ घाट बनवाएं। इस बार 800 जगहों पर इसका आयोजन किया जा रहा है।

सिसोदिया ने कहा कि आयोजन को लेकर जो भी बुनियादी जरूरतें है जैसे पानी, रोशनी, सुरक्षा, सरकार उसके लिए काम कर रही है। लेकिन लोगों से अपील है कि कोरोना खत्म नहीं हुआ है। इसलिए मास्क जरूर पहने, कोविड नियमों का पालन करें।

### दिल्ली में घटे 278 घाट

कोरोना नियमों के चलते दिल्ली में इस बार 278 छठ घाट कम हो गए हैं। 2019 में आखिरी बार कोविड से पहले छठ पर्व पर 1078 जगहों पर आयोजन किया गया था। लेकिन इस बार डीडीएमए आदेश के चलते यमुना नदी के किनारे छठ पूजा के आयोजन पर रोक लगा दी गई, जिसके चलते 17 से अधिक आयोजन रद्द हो गए। इसके अलावा हिंडन नहर में पानी की कमी के चलते इसका आयोजन नहीं किया गया। कई कॉलोनियों में भी आयोजन को लेकर रुचि नहीं दिखी, जिसके चलते आयोजन नहीं किया गया है।

# पुलिस की पिटाई ने जॉर्ज फ्लायड की याद दिलाई

**अदालत से**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पुलिस हिरासत में या पूछताछ के दौरान लोगों को मारने-पीटने की इजाजत कानून नहीं देता और किसी के लिए भी जॉर्ज फ्लायड के दुखद शब्दों 'मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं' को दोहराने की नौबत नहीं आए। उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी भी आपराधिक कार्रवाई के लिए सजा निर्धारित करना कानून का काम है।

उच्च न्यायालय दो लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रहा थी, जिन्हें कथित तौर पर अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बेरहमी से पीटा था। याचिकाकर्ताओं ने घटना की एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा निष्पक्ष तरीके से एवं नए सिरे से प्रारंभिक जांच का अनुरोध किया है।

घटना की तस्वीरों का अवलोकन करने वाले न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं पर पुलिस का हमला आपत्तिजनक है क्योंकि कानून पूछताछ के दौरान भी पीटने की इजाजत नहीं देता है।

### दम घुटने से हुई थी मौत

अमेरिका के मिनिएसोटा में अश्वेत जॉर्ज फ्लायड की हत्या के बाद पूरे अमेरिका में विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें दोषी पुलिसकर्मी जॉर्ज की गर्दन के ऊपर अपना घुटना दबाए दिखा था। वीडियो में फ्लायड को सांस न लेने की शिकायत करते भी सुना गया था।

## तीनों महापौर को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने तीनों निगमों के महापौर को नोटिस जारी किए हैं। तीनों महापौर 16 नवंबर को आयोग के समक्ष पेश होंगे। आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि तीनों निगमों के कर्मचारी वर्षों से अपनी जायज मूलभूत अधिकारों से वंचित हैं। **(प्र.सं.)**

## सुरक्षा पर सहयोग करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसे अदालतों में सुरक्षा के लिए दिल्ली सरकार, पुलिस और वकीलों से सहयोग की उम्मीद है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि सुरक्षा ऑडिट के आधार पर न्यायिक परिसरों में प्रवेश को सख्ती से विनियमित किया जाना चाहिए। **(प्र.सं.)**

# ...तो शहर में जंगल राज हो जाएगा : अदालत

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि हर किसी को दिल्ली में आकर रेहड़ी-पटरी लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इससे पूरे शहर में जंगल राज उत्पन्न हो सकता है।

न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि पथ विक्रेता अधिनियम का उचित क्रियान्वयन किए जाने की आवश्यकता है जिससे कि बिक्री की एक संगठित गतिविधि हो सके। उच्च न्यायालय ने नगर निगमों सहित स्थानीय अधिकारियों को पथ विक्रेता (आजीविका का संरक्षण और पथ बिक्री का नियमन) अधिनियम के तहत वैधानिक पथ बिक्री योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 18 नवंबर को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इस संबंध में उठाए गए कदमों के बारे में सुनवाई की अगली तारीख पर पीठ को अवगत कराया जाए। पीठ ट्रेडर्स एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जो कनॉट प्लेस क्षेत्र में दुकान मालिकों और संचालकों का प्रतिनिधित्व करती है।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
IME Sahibabad (NCR)
Estd. 1995
IME Group of Colleges
Ghaziabad (India)



7 DAYS OPEN
PROFESSIONAL COURSES
MBA BBA MCA BCA BA LLB BCOM LLB
26 YEARS OF EXCELLENCE
UGC APPROVED
NAAC ACCREDITED
51000+ ALUMNI
3000+STUDENTS
OTHER COURSES
MCOM LLB BA
Mob: 9599706361 / 62 / 63 / 64 / 65
Email : ime@ime.in. admn@ime.in
www.imesahibabad.ac.in imesahibabadofficial
on Metro Route Dilshad Garden to Mohan Nagar
"पेड़ लगाओ, पानी बचाओं, जनसंख्या घटाओ, अपनों का भविष्य उज्जवल बनाओं"

लोन उत्सव
ऑफर सीमित अवधि के लिए
आश्चर्य! 6.40%* इतना कम
यूनियन होम
• पुनर्भुगतान की अधिकतम अवधि 30 साल या 75 वर्ष की उम्र, जो भी कम हो
• ₹30 लाख तक के लोन के लिए 90% फाइनांस उपलब्ध
• पुनर्भुगतान के फ्लेक्सिबल विकल्प
7.15%*
यूनियन माइल्स
• पुनर्भुगतान की अधिकतम अवधि 84 महीने
• वाहन की ऑन-रोड कीमत पर 90% फाइनांस उपलब्ध
• नए 4 व्हीलर पर कोई अधिकतम सीमा नहीं
प्रोसेसिंग शुल्क पर 100% छूट*
अन्य प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर
यूनियन एमएसएमई | यूनियन नारी शक्ति | यूनियन पर्सनल | यूनियन एजुकेशन
*शर्तें लागू
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation
www.unionbankofindia.co.in
• हेल्पलाइन - 1800 208 2244 / 1800 222244 • +91 80618 17110 (चार्जेबल) • 9619333333 पर मिस्ड कॉल दें या 56161 पर <ULOAN> एसएमएस भेजें
संपर्क करें : @unionbankofindia @UnionBankTweets @unionbankofindia UnionBankInsta UnionBankofIndiaUtube
If anyone asks 'OTP' - do not respond

पेरियार मैनेजमेंट एण्ड कम्प्यूटर कॉलेज
PMCC
प्रस्तावित पेरियार स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर
(काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर द्वारा अनुमोदित एवं जीजीएस इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से संबद्ध)
बी. आर्क दाखिला
(मैनेजमेंट कोटा)
पात्रताः जीजीएसआईपीयू मानकों के अनुसार
सम्पर्क करें: 98111 13249, 98738 71750
011 - 4100 8955
देखें: www.pmccdelhi.com
पेरियार सेंटर, प्लॉट नं. 1 व 2, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जसोला, नई दिल्ली - 110 025



Empowering students for a brighter future
SIKSHA 'O' ANUSANDHAN
DEEMED TO BE UNIVERSITY
BHUBANESWAR, ODISHA, INDIA
Admission to B.Tech. Programmes through JEE-MAIN
Approval & Recognitions
■ Approved by UGC & AICTE
■ Re-accredited by NAAC with 'A' Grade
■ Accredited by NBA
■ Ranked in QS World Rankings 2022
MHRD India Rankings (NIRF) 2021
■ 20th Best in University Category
■ 32nd Best in Engineering Category
■ 21st Best in Medical Category
■ 14th Best in Dental Category
Placement Highlights
■ Number of companies visited - 110
■ Highest Salary Offered - 31 Lakh
■ Companies offering more than 10 LPA - 21
Highlighted Recruiters
■ Amazon ■ L&T Technology
■ Capgemini Digital ■ Microsoft
■ Cognizant ■ Robert Bosch
■ Deloitte ■ TCS
■ Infosys ■ Wipro
Apply online at : www.soa.ac.in

सार्वजनिक सूचना
भूमि नीति के नाम पर बनीं फर्जी सोसाइटी/कम्पनी/डेवलपर के शिकार न बनें
सावधान रहें!!!
कुछ सोसाइटी/कम्पनी/डेवलपर (प्रमोटर) डीडीए की भूमि नीति के नाम पर आकर्षक आवास योजनाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन दे रहे हैं और भूखंड/फ्लैटों की बुकिंग के लिए पंजीकरण राशि वसूल रहे हैं।
अभी तक डीडीए ने भूमि नीति के तहत किसी आवासीय परियोजना को किसी तरह का कोई अनुमोदन/लाइसेंस जारी नहीं किया है।
रियल एस्टेट रेगुलेटरी एथॉरिटी अधिनियम-2016 के तहत परियोजना के अनुमोदन/लाइसेंस के बिना किसी भी परियोजना में भूखंड/फ्लैट के लिए प्रकाशित किए गए विज्ञापन गैर कानूनी हैं।
RERA निवेश करने से पहले रेरा (RERA) की आधिकारिक वेबसाइट पर अनुमोदित परियोजनाओं की स्थिति जांच लें।
निवेश करने से पहले डीडीए द्वारा प्रमोटर को जारी किया हुआ लेआउट प्लान का अनुमोदन, अनंतिम और अंतिम विकास लाइसेंस का विवरण जांच लें, यदि कोई हो।
ऐसे प्रस्तावों का शिकार होने पर व्यक्ति प्रमोटर के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा, पुलिस स्टेशन कॉम्प्लेक्स, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली में शिकायत दर्ज करा सकता है। (आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस को ई-मेल लिखें dcp-eow-dl@nic.in)
दिल्ली विकास प्राधिकरण
दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in पर जाएं और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाओं में प्रासंगिक आइकन पर क्लिक करें या टोल फ्री नं. 1800-110332 डायल करें
@ddaofficial @official_dda पर हमें फॉलो करें
अधिक जानकारी हेतु कृपया https://online.dda.org.in/landpooling/AppForm/Default.aspx देखें

# कोरोना काल में बुजुर्गों की मानसिक सेहत बिगड़ रही



## कोरोना से डरिए मत सावधान रहिए 01

नई दिल्ली | हेमवती नंदन राजौरा

कोरोना काल में बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। लेकिन डरने से अधिक सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे हालात में बुजुर्गों को समय देना जरूरी है।

एम्स के ताजा अध्ययन में सामने आया है कि ऐसे बुजुर्ग जिन्हें संक्रमण नहीं हुआ, वे भी मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। अस्पताल जाने वाले 18.87 फीसदी बुजुर्ग मरीजों में अवसाद और 22.6 फीसदी में तनाव के लक्षण दिख रहे हैं।

**19%** बुजुर्ग मरीजों में अवसाद के लक्षण दिख रहे

एम्स के जिरियाट्रिक मेडिसिन विभाग (जहां बुजुर्ग मरीजों का इलाज होता है) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर विजय कुमार का कहना है खराब मानसिक स्वास्थ्य उनकी रिकवरी पर भी असर डाल रहा है।



### अन्य देशों में भी हुए अध्ययन

अध्ययन के सहलेखक और मनोचिकित्सक डॉक्टर जवाहर सिंह ने कहा कि हमारे अध्ययन के नतीजे दूसरे देशों में बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य पर नतीजों से अलग थे। ब्रिटेन में 9.2% बुजुर्गों में अवसाद, 15.3% में तनाव के लक्षण देखे गए हैं। हॉन्गकॉन्ग में हुए एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 27% लोगों में अवसाद और इतने ही फीसदी बुजुर्गों में तनाव देखा गया था।

### बिना देर किए डॉक्टर से मिलें

डॉक्टर जवाहर सिंह ने बताया कि बुजुर्गों को किसी परिस्थिति में डरना या घबराना नहीं है। स्वजन उनके साथ समय बिताएं। तनाव वाले जो मरीज सामान्य हैं लेकिन दवा ले रहे हैं उनमें तकलीफ दोबारा उभर सकती है। कोई बुजुर्ग तनाव, अवसाद, अनिद्रा से ग्रस्त है या खाना नहीं खा रहा है तो बिना देर किए डॉक्टर से मिलें। उन्हें दवा उपलब्ध कराएं और उनसे बात करते रहें।

### भोजन बेहद अहम

एम्स के डॉक्टर के मुताबिक बुजुर्ग मरीजों के लिए काउंसलिंग के अलावा डाइट और फिजियोथेरेपी भी जरूरी है। कोरोना से ठीक हुए बुजुर्गों में बदन दर्द एक बड़ी समस्या है। इन लोगों को परिवार के सहयोग की भी बहुत जरूरत होती है। ऐसे लोग खाने में प्रोटीनयुक्त चीजे जैसे चिकन, मछली, अंडा, पनीर, सोयाबीन, बादाम को शामिल करें। इससे मांसपेशियां तेजी से रिकवर होती हैं। डॉक्टर ने बताया कि कोविड के बाद रोगियों के मुंह का स्वाद खराब हो जाता है या उन्हें खाना निगलने में दिक्कत होती है, ऐसे लोगों को भोजन से पहले सूप और साथ में दही परोसा जा सकता है।

# होटल में दुष्कर्म के बाद युवती को मरा समझ भागे

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**दुस्साहस**

- पुलिस ने बचाया, होटल के रजिस्टर में विवरण दर्ज नहीं था
- होटल कर्मचारियों ने भी पीड़िता की सहायता नहीं की

द्वारका इलाके में 6 नवम्बर को नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने युवती के साथ होटल के कमरे में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने विरोध करने पर पीड़िता को जमकर पीटा और गला दबा दिया। आरोपी पीड़िता को मरा हुआ समझ कर कमरे का गेट बंद कर फरार हो गया।

पीड़िता ने होश आने पर उसने खुद मामले की सूचना पुलिस को दी। द्वारका साउथ थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता अपने परिवार के साथ द्वारका सैक्टर-7 में रहती है और इलाके में ही नौकरी करती है। पीड़िता ने बताया कि अंकित नाम के युवक ने युवती को नौकरी का झांसा देकर 6 नवम्बर को मिलने बुलाया। पीड़िता के पहुंचने पर रामफल चौक स्थित होटल में जानकार से मुलाकात कराने के लिए कहकर ले गया था।

### इन क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के ऊपर, हवा की रफ्तार बढ़ने के चलते प्रदूषण में थोड़ी गिरावट

# दिल्ली के 15 इलाकों की हवा अभी दमघोंटू



**प्रदूषण का प्रकोप**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

तेज रफ्तार हवाओं ने दिल्ली को प्रदूषण से खासी राहत दी है, लेकिन चिंता की बात यह है कि राजधानी के 15 इलाकों की हवा सोमवार को भी दमघोंटू यानी गंभीर श्रेणी में रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के ऊपर बना हुआ है।

दिल्ली के लोगों को अभी दमघोंटू हवा से पूरी तरह राहत मिलने की उम्मीद कम दिख रही है। हालांकि, हवा की रफ्तार बढ़ने के चलते प्रदूषण में थोड़ी गिरावट जरूर आई है। पिछले तीन दिनों से दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में चल रही थी और वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 400 से ऊपर बना हुआ था। लेकिन, सोमवार को इसमें सुधार हुआ।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 390 के अंक पर रहा। रविवार को सूचकांक 428 अंक पर था। यानी चौबीस घंटों के भीतर ही इसमें 38 अंकों का सुधार हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार दिन में ढाई बजे के लगभग हवा की रफ्तार 14 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही। इसके चलते प्रदूषक कणों का बहाव तेजी से हुआ। हालांकि, सफर का अनुमान है कि अभी दिल्ली की हवा पूरी तरह से साफ होने की संभावना कम है। अगले तीन दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में ही बने रहने का अनुमान है।



सुप्रीम कोर्ट के बाहर सोमवार को धूल कणों से राहत के लिए पानी का छिड़काव किया। • हिन्दुस्तान

### पराली के धुएं की प्रदूषण में हिस्सेदारी घटी

रविवार को दिल्ली की हवा में पराली के धुएं की हिस्सेदारी इस सीजन में अपने सबसे उच्च बिंदु पर पहुंच गई थी। रविवार को यह 48 फीसदी तक रही थी। लेकिन, सोमवार को इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सफर के मुताबिक सोमवार को दिल्ली की हवा में पराली के प्रदूषण की हिस्सेदारी 30 फीसदी तक रही। इसके चलते भी हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया है।

### इन स्थानों पर बुरा हाल

| स्थान | एक्यूआई |
|---|---|
| जहांगीरपुरी | 442 |
| आनंद विहार | 431 |
| वजीरपुर | 426 |
| अलीपुर | 424 |
| रोहिणी | 422 |
| नरेला | 422 |
| विवेक विहार | 419 |
| बवाना | 418 |
| सोनिया विहार | 417 |
| पंजाबी बाग | 413 |
| अशोक विहार | 413 |
| मुंडका | 408 |
| आईटीओ | 407 |
| पटपड़गंज | 406 |
| करणी सिंह शूटिंग रेंज | 403 |

### हवा के मानक

| अच्छा | संतोषजनक | मध्यम | खराब | बेहद खराब | गंभीर | आपात स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 से 50 | 51-100 | 101-200 | 201-300 | 301-400 | 401-500 | 501+ |

**अभी भी चार गुना से ज्यादा प्रदूषण :** वायु गुणवत्ता में भले ही थोड़ा सुधार हुआ है लेकिन हवा में अब भी मानकों से लगभग चार गुना प्रदूषण है। सीपीसीबी के मुताबिक, सोमवार शाम हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 की मात्रा 394 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 की मात्रा 245 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही। पता हो कि हवा में पीएम 10 की मात्रा 100 और पीएम 2.5 की मात्रा 60 से नीचे होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर की पत्नी को करंट लगाकर मार डाला

**हैवानियत**

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

बुराड़ी इलाके में डीयू के असिस्टेंट प्रोफेसर की पत्नी की करंट लगाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात की है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतका के चचेरे देवर राकेश को हिरासत में ले लिया है। वहीं मृतका के मायके वालों ने अगस्त माह में ही हत्या की आशंका जताते हुए बुराड़ी थाने में शिकायत दर्ज करा दी थी।

जानकारी के अनुसार संत नगर स्थित इमारत की चौथी मंजिल पर वीरेंद्र अपनी पत्नी पिंकी और बुजुर्ग माता पिता के साथ रहते थे। वीरेंद्र की इस साल फरवरी में गाजियाबाद निवासी पिंकी से शादी हुईथी। शादी से पहले तक वीरेंद्र के साथ ममेरे भाई राकेश का परिवार भी साथ रहता था। लेकिन शादी के बाद पिंकी का राकेश के परिवार के रहने पर आपत्ति थी।

इस बात को लेकर परिवार में पहले भी विवाद भी हुआ था और मामला पुलिस तक पहुंच गया। बताया जाता है कि अगस्त माह में राकेश अपने परिवार के साथ दूसरी जगह चला गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वह सोमवार शाम को घर आया। दरवाजा खुला होने की वजह से सीधे अंदर गया और सोई हुई पिंकी का गला घोंटने की कोशिश की। जब वह बेहोश हो गई तो करंट लगाकर हत्या कर दी।

हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी घूमते घूमते हुए खुद ही थाने पहुंच गया और पुलिस को वारदात के बारे में जानकारी दी।

हत्या के आरोपी ने अपनी भाभी पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाते हुए हत्या करने की बात कही है। लेकिन पिंकी के परिजनों का आरोप है कि राकेश की पत्नी का वीरेंद्र से अवैध संबंध था। इस बारे में पिंकी की मां मीना ने छह अगस्त को ही पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज करा दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों की तलाश कर रही है।



बुराड़ी इलाके में डीयू के असिस्टेंट प्रोफेसर की पत्नी की करंट लगाकर हत्या के मामले में सोमवार देर रात जांच के लिए पहुंची पुलिस। • हिन्दुस्तान

**वारदात**

- चचेरे देवर ने बुराड़ी थाने में किया आत्मसमर्पण
- आरोपी ने भाभी पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

# 47 हजार स्थानों पर जली पराली

नई दिल्ली | संजय कुशवाहा

देश के छह राज्यों में अबतक पराली जलाने की 47 हजार से ज्यादा घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। इसी पराली से उठने वाले धुएं ने दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शहरों की हवा दमघोंटू बना रखी है। खास बात यह है कि पराली जलाने की घटनाओं को कम करने में दिल्ली को पिछले साल की तुलना में सौ फीसदी सफलता मिली है।

धान की फसल के बचे अवशेषों को खेत में ही जला देने के चलते पूरे उत्तर भारत का आसमान धुएं से भर जाता है। इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, देश के छह राज्यों में 15 सितंबर से लेकर सात नवंबर तक की अवधि के दौरान पराली जलाने की 47 हजार 127 घटनाएं अबतक दर्ज की जा चुकी हैं।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश के आंकड़े इसमें शामिल हैं। पराली जलाने की पिछले साल हुई घटनाओं से अगर तुलना करें तो इस बार 39.9 फीसदी तक की कमी आई है।

हालांकि, यह कमी 15 सितंबर से लेकर सात नवंबर तक की अवधि के लिए है। इसलिए आगे पराली जलाने की घटनाओं में तेजी दर्ज की जा सकती है।

### दिल्ली में रुकी घटनाएं

पराली को जलने से रोकने में राजधानी दिल्ली को सफलता मिली है। पिछले साल राजधानी में उपरोक्त समयावधि में पराली जलाने की नौ घटनाएं दर्ज की गई थीं। लेकिन, इस बार अबतक एक भी घटना दर्ज नहीं की गई है।

### यूपी को कम सफलता

पराली को जलाने से रोकने में उत्तर प्रदेश को सबसे कम सफलता मिली है। पिछले साल की तुलना में यहां पराली जलाने की घटनाओं में सिर्फ 2.7 फीसदी की कमी आई है। जबकि, पंजाब में 40.5, हरियाणा में 40.1, राजस्थान में 69.3, मध्य प्रदेश में 70.2 तक की कमी आई है।

# प्रदूषण से हर पांच में से चार परिवार प्रभावित

**सर्वे**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली-एनसीआर में हर पांच में से चार परिवार वायु प्रदूषण से प्रभावित है। बढ़ते प्रदूषण को लेकर सोशल मीडिया मंच द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में इसका खुलासा हुआ है। सर्वे के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में हर पांच में से चार परिवार में कोई न कोई व्यक्ति प्रदूषित हवा के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहा है।

लोकल सर्कल संस्था द्वारा कराए गए सर्वे में यह भी खुलासा हुआ है कि दिल्ली के 91 फीसदी लोग मानते हैं कि प्रशासन इस दिवाली पर पटाखों की खरीद-बेच पर लगी पाबंदी को लागू कराने में पूरी तरह से या आंशिक तौर पर विफल रहा है।

### 34 हजार लोग शामिल

सर्वेक्षण में दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद से 34 हजार लोग शामिल हुए। इसमें 66 फीसदी पुरुष और 34 फीसदी महिलाएं हैं। लोगों से पिछले सप्ताह दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर होने के बाद उनके सामने उत्पन्न हुई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बारे में पूछा गया था। जवाब में 16 फीसदी लोगों ने गले में खराश या बलगम होने की बात कही, जबकि 16 फीसदी लोगों का कहना था कि आंखों में जलन, गले में तकलीफ है ।

# फैसला : स्टोन क्रशर और हॉट मिक्स प्लांट पर रहेगी पाबंदी

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए स्टोन क्रशर और हॉट मिक्स प्लांट पर पाबंदी रहेगी। जबकि, धूल को उड़ने से रोकने के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग पर जोर रहेगा।

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) को लागू कराने के लिए गठित सब कमेटी की सोमवार को हुई बैठक में इसका फैसला किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव प्रशांत गार्गव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में प्रदूषण और मौसम की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक के दौरान कहा गया कि अगले कुछ दिनों में दिन के समय हवा की रफ्तार ठीक रहेगी। लेकिन, रात के समय हवा की रफ्तार शांत होगी। इसके चलते हवा में प्रदूषण स्तर बना रहेगा। इन हालात को देखते हुए प्रदूषण की रोकथाम वाले कदमों को सख्ती से लागू कराने का फैसला लिया गया।

## संक्षेप

### मेट्रो की केबल काटते तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो पुलिस ने मेट्रो ट्रेन की केबल काटते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से सात लाख रुपये की केबल भी बरामद की है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी के आठ मामलों को सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी मेट्रो जितेंद्र मणि त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि सात नवंबर को भी केबल चोरी की एफआईआर दर्ज की गई थी।

### अवैध हुक्का बार में मालिक सहित दो पकड़े

**नई दिल्ली।** लाजपत नगर पुलिस ने डिफेंस कालोनी फ्लाईओवर के पास अवैध तरीके से चला रहे हुक्काबार पकड़ा है। पुलिस टीम ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर हुक्काबार मालिक रोबिन और मैनेजर सुखराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से ग्राहकों को परोसे गए 13 हुक्का और 32 रसीदें भी बरामद की गई हैं।

### दोस्त की मां और चाचा को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली ।** राजधानी में स्मैक लाने से मना करने पर हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय लक्की उर्फ लखन ने अपने दोस्त से स्मैक की मांग की। उसने मना किया तो उसने उसकी मां प्रियंका की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। जबकि अपनी भाभी को बचाने आए मृतका के देवर को चाकू मारकर जख्मी कर दिया, वारदात मोहन गार्डन इलाके की है।

### दोषी ठहराने पर अदालतों में हड़ताल

**नई दिल्ली ।** महिला वकील से मारपीट के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजीव खोसला को दोषी ठहराए जाने के विरोध में दिल्ली की सातों जिला अदालतों में वकील हड़ताल पर रहेंगे।

# छह साल के मासूम को सात घंटे में ढूंढ़ निकाला

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**सतर्कता**

- सदर बाजार इलाके से खरीदारी के दौरान मां से बिछड़ा था बच्चा
- सौ से अधिक सीसीटीवी खंगाले, आरडब्ल्यूए ग्रुप में फोटो भेजी

लाहौरी गेट इलाके में रविवार को छह साल का मासूम अपनी मां से बिछड़ गया। लेकिन पुलिस ने सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज एवं व्हाट्स एप ग्रुप के जरिए सात घंटे के अंदर बच्चे को सदरबाजार इलाके से ढूंढ़ निकाला।

डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि झंडेवालान निवासी रीता (परिवर्तित नाम) छह साल के बेटे हरि (परिवर्तित नाम) के साथ खारी बावली इलाके में सूखे मेवे खरीदने के लिए आई थी। इसी दौरान बच्चा मां से बिछड़ गया। पीड़िता ने गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी। एसआई संदीप माथुर, हेडकांस्टेबल नरेंद्र और कांस्टेबल विपिन ने इस दौरान करीब सौ सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली और बच्चे की फोटो व्हाट्स एप ग्रुप पर प्रसारित कराई।

# स्पा सेवा के नाम पर वेश्यावृत्ति का खुलासा

**शर्मनाक**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

**जांच**

- दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी किया
- सर्विस नंबर सर्च इंजन कंपनी प्रबंधन को भी समन

दिल्ली महिला आयोग को स्पा में चलाए जा रहे वेश्यावृत्ति रैकेट के खिलाफ कई शिकायतें मिलीं और जांच करने पर सबूत भी मिले हैं। आयोग ने इस मामले में पुलिस को तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने के लिए नोटिस दिया है। आयोग ने सर्विस नंबर सर्च इंजन कंपनी प्रबंधन को भी समन किया है।

आयोग ने शिकायतों पर संज्ञान लेकर एक जांच दल का गठन किया और एक वेबसाइट से जानकारी लेकर दिल्ली में संचालित स्पा के संपर्क नंबर के लिए इंक्वायरी डाली। 24 घंटों के भीतर आयोग की टीम को 15 से अधिक कॉल और 32 व्हाट्सएप प्राप्त हुए, जिसमें 150 से अधिक युवा लड़कियों की तस्वीरें उपलब्ध कराई गईं। आयोग की तरफ से बताया गया है कि एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें स्पा द्वारा एक युवती की तस्वीर भेजी गई। इसके अलावा एक नंबर से ऐसा ही संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें 14 युवा लड़कियों की तस्वीरें साझा की गई थी। आयोग का कहना है कि बाकी संदेश भी शर्मसार करने वाले हैं, जिनमें सुंदर युवा भारतीय और विदेशी लड़कियों द्वारा यौन सेवाओं के प्रस्ताव दिए गए थे। आयोग का कहना है कि इससे स्पा सेवा के नाम पर जिस्मफरोशी के धंधे का पर्दाफाश हो गया। स्पा ने अपनी गैर कानूनी गतिविधियों और वेश्यावृत्ति रैकेट का विवरण खुद ही दे दिया।

मामले पर संज्ञान लेते हुए महिला आयोग ने सख्त कार्रवाई करने के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को नोटिस जारी किया। आयोग ने पुलिस से 12 नवंबर को जवाब देने को कहा है। सर्विस नंबर सर्च इंजन कंपनी प्रबंधन को भी समन किया गया है।

# शादी से मना करने पर महिला पर तेजाब फेंका

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

बवाना इलाके में सनकी युवक ने शादी से मना करने पर महिला पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी युवक मोंटू को बक्सर जिला से छह नवम्बर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है।

26 वर्षीय पीड़िता पति सहित बवाना इलाके में रहती थी। पीड़िता के पड़ोस में मोंटू रहता था जो एक फैक्ट्री में काम करता था। वह उसे पति को छोड़ कर उससे शादी की जिद करता था। इस बात की जानकारी होने पर पीड़िता के पति ने इलाका छोड़ दिया और पत्नी के साथ पूंठ खुर्द इलाके में रहने लगा। बताया जाता है कि मो ?टू भी पीड़ति के घर के पास किराए पर रहने लगा। वह लगातार महिला पर दबाव डाल रहा था।

पुलिस ने बताया कि तीन नवम्बर को आरोपी ने पीड़ति को अपने घर बुलाया और शादी करने के लिये कहा। जब महिला ने मना कर दिया तो आरोपी ने उसके हाथ पैर बांध दिए फिर तेजाब फेंक दिया। आरोपी मौके से फरार हो गया और महिला की चीख सुनकर मौके पर लोग जमा गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने गम्भीर रूप से झुलसी हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

### आईटीपीओ ने जारी किया 40वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का शेड्यूल, देश-दुनिया की 1500 से अधिक कंपनियां लेंगी हिस्सा, बिहार रहेगा पार्टनर स्टेट

# व्यापार मेले में भाग लेने से पीछे हटा चीन, यूपी के पास सबसे अधिक जगह

**तैयारी**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

आत्मनिर्भर भारत की थीम पर आयोजित होने जा रहे 40वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में शामिल होने के लिए सबसे अधिक जगह उत्तर प्रदेश की तरफ से बुक कराई गई है।

मेले में यूपी फोकस स्टेट और बिहार पार्टनर स्टेट के तौर पर हिस्सा लेगा। आईटीपीओ ने सोमवार को 40वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का शेड्यूल जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार मेले में इस बार चीन हिस्सा नहीं ले रहा है।

ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) की तरफ से जानकारी दी गई है कि मेले को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में है। 14 नवंबर को सुबह 11 बजे मेल का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। इसके बाद विधिवत रूप से मेले शुरू हो जाएगा। पहले पांच दिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कारोबारियों के लिए ही आरक्षित रहेंगे। उसके बाद आम लोगों के लिए मेले को खोला जाएगा। मेले में इस बार 1500 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। वहीं तमाम राज्यों ने भी अपने बारे में जानकारी देने के लिए प्रयाप्त इंतजाम किए है। आईटीपीओ द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कुल 12 दिन यानी 15 से 26 नवंबर के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस बारे में सीाी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु भी शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

इस बारे में संबंधित राज्यों को भी जानकारी दे दी गई है, जिससे कि राज्य निर्धारित तिथि और समय पर अपने द्वारा की जाने वाली प्रस्तुति के लिए तैयार रहे। आईटीपीओ के सीएमडी एलसी गोयल का कहना है कि मेल में 1500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां आ रही हैं। इसके साथ ही नौ देश भी हिस्से लेंगे, जिसे देखते हुए तैयार पूरी हैं।

व्यापार मेले में इस बार 25 राज्यों के साथ ही केंद्र शासित प्रदेश भी हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार से जुड़े 11 से अधिक मंत्रालय, 25 से अधिक केंद्र सरकार से जुड़े बैंक, बोर्ड, सरकारी कंपनी और विभाग भी मेले में भागीदारी के लिए बुकिंग करा चुके हैं।

### 60 मेट्रो स्टेशन पर भी होगी टिकटों की बिक्री

मेले में टिकटों की बिक्री को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली और एनसीआर से जुडे 60 मेट्रो स्टेशन पर भी टिकटों की बिक्री की जाएगी। इसके लिए मेट्रो स्टेशन पर अलग से काउंटर बनेंगे जहां से आसानी से टिकट खरीदे जा सकेंगे। सबसे अधिक काउंटर द्वारका-वैशाली, द्वारका-नोएडा की ब्लू लाइन वाले स्टेशनों पर होंगे। उधर, मेले में चीन हिस्सा नहीं ले रहा है। बताया जा रहा है कि शुरूआत में चीन मेल में हिस्सा लेने का इच्छुक था लेकिन बाद में उसने अपने कदम पीछे खींच लिए। अब मेले में अफगानिस्तान, बंगलादेश, बहरीन, नेपाल, श्रीलंका, तंजानिया, किर्गिस्तान, तुर्की व यूएई शामिल होंगे।

# पेट में 2.6 करोड़ का गोल्ड पेस्ट छिपाया था

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे पर कस्टम विभाग ने 2.6 करोड़ के गोल्ड पेस्ट के साथ 5 युवकों को पकड़ा है। सभी युवक मणिपुर के रहने वाले हैं। इनसे कुल 15 कैप्सूल बरामद हुए हैं। सभी ने तीन-तीन कैप्सूल अपने गुप्तांगों में छिपा रखे थे। बरामद कैप्सूल से 5380 ग्राम गोल्ड पेस्ट बरामद हुआ है।

कस्टम विभाग के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि 5 नवंबर को इंफाल से आने वाली एक उड़ान में कुछ युवक तस्करी कर सोना लेकर आ रहें हैं। पूर्व में भी कुछ तस्कर गुप्तांगों में कैप्सूल में गोल्ड पेस्ट छिपाकर ला चुकें हैं। कस्टम ने इम्फाल से आने वाली उड़ान से आने वाले पांच युवकों को शक के आधार पर रोका। जांच में उनके पेट के निचले हिस्से में कुछ कैप्सूल दिखे।

**आज का दिन** 1877 में महान उर्दू शायर मुहम्मद इकबाल का पाकिस्तान के सियालकोट में जन्म हुआ



### तीसरी और चौथी कटऑफ में बंद विषयों में भी छात्रों के लिए दाखिले खोले गए

# डीयू की पांचवीं कटऑफ लिस्ट में छात्रों के लिए अब भी कई मौके

**डीयू दाखिला**

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय ने पांचवीं कटऑफ लिस्ट सोमवार की शाम जारी की। पांचवीं कटऑफ में कई कॉलेजों ने उन कोर्स को भी खोला है, जिन्हें वह तीसरी या चौथी कटऑफ में बंद कर चुके थे। यह कोर्स अधिकांश विज्ञान और कामर्स वर्ग के हैं। अधिकांश कॉलेजों ने प्रमुख विषयों में .25 से 1 फीसद तक कटऑफ में कमी भी की है। वहीं जो विषय लोकप्रिय नहीं हैं उसमें आरक्षित वर्ग में कॉलेजों ने दो फीसदी तक की कमी की है।

**कई कॉलेजों ने फिर कोर्स खोले :** आर्यभट्ट कॉलेज के दाखिला प्रभारी ने बताया कि हमारे यहां कोर्स और वर्ग दोनों में फिर से विभिन्न विषयों के दाखिले खुले हैं। यह पहले बंद हो चुके थे। सामान्य वर्ग में इतिहास में छात्रों के लिए मौका है, जबकि राजनीति विज्ञान, बीकॉम में ओबीसी वर्ग में मौका है। एससी वर्ग के छात्रों के लिए कंप्यूटर साइंस में और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए बीए प्रोग्राम में इकोनोमिक्स और हिस्ट्री के संयोजन में दाखिले का मौका है।

इतिहास में जहां सामान्य वर्ग के लिए 93.5 फीसद कटऑफ रखी गई है, वहीं आठ विषय ऐसे हैं, जिसमें सामान्य वर्ग में दाखिला बंद हो चुका है। एआरएसडी कॉलेज ने बीएससी इलेक्ट्रानिक्स का कोर्स फिर से खोला है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो.ज्ञानतोष का कहना है कि अधिकांश विषयों में दाखिला बंद है, लेकिन जिस विषय में दाखिला छात्रों ने वापस लिया है, उसमें फिर से कोर्स खोलना पड़ा है। लेकिन ऐसे कोर्स हमारे यहां कम हैं। पांचवीं कटऑफ में एक से दो फीसदी की कमी की गई है।

**10 नवंबर तक भर सकते हैं फीस :** चौथी कटऑफ के बाद स्नातक में 68 हजार से अधिक दाखिले हुए हैं। यह दाखिले एनसीवेब में हुए दाखिले से अलग है। अब तक डीयू में दाखिले के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या 2,14,347 है। वहीं 68,849 विद्यार्थियों ने दाखिला लेने के बाद शुल्क का भुगतान कर दिया है। पांचवीं कटऑफ के तहत छात्र नौ नवंबर सुबह 10 बजे से 10 नवंबर रात 11:59 बजे तक दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 11 नवंबर तक कॉलेज प्रिंसिपल इन्हें मंजूर कर सकेंगे और छात्र 12 नवंबर की शाम पांच बजे तक फीस जमा कर सकते हैं।



**02%** तक की कमी कॉलेजों ने की गैर लोकप्रिय विषयों में

**01%** तक की कमी प्रमुख विषयों में अधिकांश कॉलेजों ने की

**68** हजार से अधिक दाखिले चौथी लिस्ट के बाद हुए हैं

### पांचवीं कटऑफ के बाद स्पेशल ड्राइव

डीयू पांचवीं कटऑफ के बाद स्पेशल ड्राइव निकालेगा। यह स्पेशल ड्राइव तब निकाली जाएगी, जब सीट उपलब्ध हो। स्पेशल ड्राइव के लिए छात्र 13 नवंबर को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 14 से 15 नवंबर तक दाखिला ले सकेंगे, जबकि 16 नवंबर को फीस का भुगतान करने की अंतिम तिथि है। यदि इसके बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं तो डीयू उसके बाद भी सूची निकाल सकता है।

## एनसीवेब की दूसरी सूची में दो फीसदी तक की कमी

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

**दाखिला**

- डीयू के दो दर्जन कॉलेज में एनसीवेब की कक्षाएं चलती हैं
- एनसीवेब के तहत छात्राओं के लिए लगभग 15 हजार सीटें

डीयू ने सोमवार देर शाम नॉन कॉलेजिएट वुमन एजुकेशन बोर्ड की दूसरी कटऑफ जारी कर दी। इस कटऑफ में मामूली कमी की गई है। यह कटऑफ पिछली कटऑफ से 1 से 2 फीसद कम है।

एनसीवेब ने दूसरी कटऑफ में मिरांडा हाउस कॉलेज और हंसराज कॉलेज में बीए प्रोग्राम व बीकॉम में सामान्य वर्ग के दाखिले बंद हो चुके हैं। ज्ञात हो कि डीयू ने पहली कटऑफ भी विगत वर्ष की अपेक्षा कम रखी थी। बीए प्रोग्राम में भी अलग-अलग विषयों के संयोजन में कटऑफ 1 से 2 फीसद की कमी है। दो दर्जन कॉलेजों में एनसीवेब कक्षाएं चलती हैं। यह कक्षाएं सप्ताह में दो दिन चलती हैं। एनसीवेब में लगभग 15 हजार सीटें हैं। डीयू ने सामान्य वर्ग में बीकाम प्रोग्राम और बीए प्रोग्राम में अधिकतम 82 और न्यूनतम 75 फीसदी के बीच कटऑफ रखी है।



छठ पूजा पर अपने घर भागलपुर जाने के लिए सोमवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने की कोशिश करते यात्री। • राज के राज

## डीयू खोलने के लिए प्रदर्शन

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** डीयू खोलने की मांग को लेकर छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सोमवार को डीयू नार्थ कैंपस के बाहर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन, क्रांतिकारी युवा संगठन सहित अन्य संगठनों ने कैंपस पूरी तरह खोलने की मांग दोहराई।

कॉलेजों और विश्वविद्यालय को पुनः खोलने की मांग को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट्स फैकल्टी में अनिश्चितकालीन हड़ताल का आयोजन किया। साउथ कैंपस स्थित लेडी श्रीराम कॉलेज की छात्राओं ने भी कैंपस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि डीयू में शिक्षण कार्य अब भी ऑनलाइन मोड में ही किया जा रहा है, जबकि अन्य सभी प्रशासनिक कार्य ऑफलाइन किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय बंद होने के चलते छात्रों को परेशानी हो रही है।

## छठ से पहले आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ी

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**उत्साह**

- मिनी कंट्रोल रूम बनाकर व्यवस्था को संभालने का प्रयास
- आठ हजार वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में सर्कुलेटिंग एरिया बना है

छठ के चलते सोमवार को आनंद विहार स्टेशन पर काफी भीड़-भाड़ दिखी। भीड़ में कई जगह सामाजिक दूरी के नियम टूटते नजर आए। लोगों ने मास्क ठीक से नहीं लगा रखा था।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल भी स्टेशन पर इंतजामों का जायजा लेने पहुंचे। उत्तर रेलवे ने त्योहारों के सीजन में यात्रियों के लिए कुल 94 त्योहार स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई हैं। यह रेलगाड़ियां करीब 610 फेरे लगाएंगी। आनंद विहार से अधिकांश ट्रेन बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए जाती हैं। छठ के चलते आनंद विहार टर्मिनल पर मिनी कंट्रोल रूम बनाकर परिचालन, वाणिज्य, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, बिजली, रेल सुरक्षा बल एवं रेल चिकित्सकों को तैनात किया गया है। स्टेशन पर अस्थायी विश्राम स्थल बनाया गया है।

यह 8160 वर्ग फुट का सर्कुलेटिंग एरिया में बनाया गया है और इसमें 454 यात्रियों की क्षमता है। यहां करीब 20 मोबाइल शौचालय, पूछताछ काउंटर, सात रेल आरक्षण काउंटर और एलसीडी स्क्रीन लगाई गई हैं।

## मांगों को लेकर छात्राओं का विरोध

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** डीयू के लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वुमन की छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर कैंपस के बाहर प्रदर्शन किया। यह छात्राएं स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध हैं।

विगत वर्ष इस कॉलेज की छात्रा की मृत्यु के बाद जो मांगे उन्होंने कॉलेज प्रशासन से की थी, वह नहीं माने के खिलाफ उन्होंने बैनर लेकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

कॉलेज की छात्राओं ने विगत वर्ष मृत छात्रा ऐश्वर्या की याद में विरोध प्रदर्शन और मोमबत्ती जागरण का आयोजन किया। कई अन्य कॉलेज के छात्र भी सभा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्राओं ने मांग रखी कि प्रथम वर्ष की छात्रावास नीति को कॉलेज प्रशासन निरस्त करे और द्वितीय वर्ष की छात्राओं को केवल शिक्षण शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाना चाहिए। उचित प्रतिनिधित्व के साथ छात्रों के लिए संसाधन उपलब्धता की देखभाल के लिए एक समिति का गठन किया जाए।

**ताजा खबरों के लिए देखें : www.livehindustan.com**

## युलु बाइक को लेकर याचिका

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के बाहर मिलने वाली युलु बाइक के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र, दिल्ली सरकार, पुलिस और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को इस याचिका को एक प्रतिवेदन के तौर पर विचार कर फैसला लेने का निर्देश दिया है।

युलु बाइक बैटरी से चलने वाला छोटा स्कूटर है, जो कई मेट्रो स्टेशनों के बाहर उपलब्ध हैं। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल एवं न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका में उठाए गए मसलों पर संबंधित प्राधिकारी मौजूदा कानून और नीति के तहत विचार करें।

# 'भविष्य की सोच पर काम कर रही सरकार'

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

व्यापक दृष्टि वाले औद्योगिक और राजनीतिक नेतृत्व के साथ लोगों की जीवन शैली में बदलाव लाया जा सकता है। इसी सोच के साथ दिल्ली सरकार काम कर रही है। दिल्ली की श्रमशक्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने और उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए सरकार काम कर रही है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को एसोचेम इंडिया द्वारा आयोजित ई-कॉन्क्लेव 'दिल्ली की सोच- सस्टेनेबल डेवलपमेंट फॉर दिल्ली मेगा सिटीः चैलेंजेस एंड इनोवेटिव सॉल्यूशंस' में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष में दिल्ली कैसी दिखाई देनी चाहिए, इसी विजन पर केजरीवाल सरकार काम कर रही है।

### शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोग

दिल्ली सरकार के स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक के लिए एंत्रप्रेन्योरशिप माइंडसेट कॅरिकुलम की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों में उद्यमी और ग्रोथ माइंडसेट का विकास करना है। ईएमसी के अंतर्गत बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम के तहत 11वीं व 12वीं के तीन लाख से अधिक बच्चों को अपने बिज़नेस आइडिया विकसित करने के लिए दो-दो हजार रुपये की सीडमनी दी जा रही है। अब तक सरकार 60 करोड़ से ज्यादा सीडमनी दी जा चुकी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नेतृत्व का काम केवल यह सोचना मात्र नहीं है कि आज क्या हो रहा है, बल्कि यह सोचना भी है कि आज से 25 साल बाद इन कामों से दिल्ली कैसी दिखेगी। आजादी के 100वें साल में दिल्ली कैसी दिखेगी इसे लेकर भी सरकार खाका तैयार कर रही है। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय अन्य राज्यों से अधिक है। कोरोना के दौरान इसमें कमी आई है। उस दौरान सरकार ने सर्वे करवाया, जिसमें देखा गया कि दिल्ली में महिला श्रमशक्ति की हिस्सेदारी कम है। इसके बाद सरकार ने आंगनबाड़ियों को विकसित किया और सहेली समन्वय केंद्रों की शुरुआत कर रही है, जिससे महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने और अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके।

इसी तरह से भविष्य की जरूरतों को ध्यान रखते हुए महत्वकांक्षी ई-व्हीकल पॉलिसी की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य ई-व्हीकल के प्रति लोगों को जागरूक करना और प्रदूषण स्तर कम करना है। अगर आज से कई दशक पहले ही सरकारें प्रदूषण को लेकर गंभीर होती तो आज दिल्ली में ऐसी स्थिति नहीं होती। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पिछले 5-6 वर्षों में स्वास्थ्य सेवा पर काफी काम हुआ है। इसी का नतीजा है कि कोरोना के दौरान न केवल दिल्ली बल्कि आसपास के राज्य के लोगों को भी लाभ मिला।

सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सिसोदिया ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य दिल्ली को न्यू ऐज बिज़नेस और एंत्रप्रेन्योरशिप का हब बनाना है जिसकी नींव शिक्षा है।

## खालिद ने पुलिस पर आरोप लगाए

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद ने सोमवार को अदालत में कहा कि दिल्ली दंगा साजिश मामले में गवाहों के बयान किसी और ने लिखकर दिए क्योंकि पुलिस के पास किसी तरह का साक्ष्य नहीं है।

खालिद ने कहा कि उनके खिलाफ आधे सच के आधार पर मामला नहीं बनाया जा सकता। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष खालिद की जमानत याचिका पर दलील देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिदीप पायस ने सुरक्षा प्राप्त तीन गवाहों के बयान पढ़े और दावा किया कि वे गढ़े हुए हैं।


**हिन्दुस्तान नियुक्तियां**

**स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, एटा**

All these posts are Regular postsRequired qualifications and experience are as per NMC norms. Professor - 1. Associate Professor in the subject for 3 years in a permitted/approved/ recognized medicalcollege/institution with Four Research publications instead of three Research publicationsAssociate Associate Professor 2. As Assistant Professor in the subject for 4 years in a permitted/approved/recognized medicalcollege/ institution with Two Research publications instead of one Research publications asAssistant Professor.3. Note: non-medical teachers may be appointed as per NMC Rules in pre clinical department

http://www.asmcagra.ac.in www.dgmeup.in एवं www.asmcetah.org

प्रधानाचार्य

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी, एटा


## नर्सरी के छात्रों ने भी कक्षा में आना शुरू किया

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

**स्थिति**

- अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर सहमति दी
- ज्यादातर ने दिवाली बाद स्कूल खोलने का फैसला लिया था

राजधानी में सोमवार से निजी स्कूलों में नर्सरी कक्षा के छात्रों ने भी आना शुरू कर दिया। दिल्ली में एक नवंबर को ही स्कूल खोलने के निर्देश जारी हो गए थे, लेकिन काफी निजी स्कूलों ने दिवाली बाद आठ नवंबर से स्कूल खोलने का फैसला लिया था। अभिभावकों की सहमति से स्कूलों में 50 फीसदी क्षमता के साथ छात्रों को बुलाने के निर्देश हैं।

**19 महीने बाद पहुंचे छात्र :** शिवाजी पार्क स्थित लिटिल फ्लावर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक रोहित दुआ ने बताया कि 19 महीने बाद स्कूल में सातवीं से आठवीं कक्षा के छात्रों को बुलाया गया। 50 फीसदी अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर सहमति दी है, जिसमें 20 फीसदी छात्र स्कूल पहुंचे, अन्य की कक्षा अगले दिन आयोजित होगी।

दिल्ली के एस.आर कैपिटल ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक लक्ष्य छाबड़िया का कहना था कि नर्सरी कक्षा में भी छात्रों की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। पहले दिन काफी कम संख्या में छात्र पहुंचे।

## ट्विटर मामले में जल्द सुनवाई

**नईदिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े की वह अर्जी सोमवार को स्वीकार कर ली, जिसमें उन्होंने ट्विटर अकाउंट को स्थायी रूप से निलंबित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी।

ट्विटर ने कथित रूप से दो पोस्ट को री-ट्वीट करने के लिए हेगड़े का ट्विटर अकाउंट स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, जिसके खिलाफ उच्च न्याायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की एकल पीठ ने कहा कि अगर जल्द सुनवाई की अर्जी की अनुमति दी जाती है तो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और माइक्रोब्लॉगिंग साइट को कोई आपत्ति नहीं है। याचिका को 10 जनवरी को सूचीबद्ध किया है।

# पूर्वी निगम स्कूलों के नाम बदलेंगे

नई दिल्ली | दिनेश वत्स

**तैयारी**

- ईडीएमसी निगम प्रतिभा विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे स्कूल
- दो चरणों में अंग्रेजी मीडियम सेक्शन खोलने की भी तैयारी

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के स्कूल अब 'ईडीएमसी निगम प्रतिभा विद्यालय' के नाम से जाने जाएंगे। शिक्षा विभाग ने स्कूलों का उन्नयन करते हुए उनमें अंग्रेजी मीडियम के सेक्शन खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। इसे लेकर शिक्षा निदेशक की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद से पूर्वी दिल्ली की कॉलोनियों में चल रहे अनेक निजी प्राइमरी स्कूल बंद हो चुके हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अपने बच्चों के दाखिले को लेकर संपर्क किया, साथ ही निगम के स्कूलों में अंग्रेजी मीडियम सेक्शन खोलन की मांग की।

अभिभावकों की मांग और बच्चों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा विभाग के उप-शिक्षा निदेशक सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों ने अंग्रेजी मीडियम सेक्शन शुरू करने की बात शिक्षा निदेशक, निगमायुक्त के समक्ष रखी थी। अभिभावकों की मांग को देखते हुए तय किया गया कि पूर्वी निगम के 354 स्कूलों का उन्नयन (अपग्रेडेशन) करते हुए अब उन्हें निगम प्रतिभा विद्यालय के नाम से जाना जाएगा।

निगमायुक्त विकास आनंद का कहना है कि पहले 124 निगम प्रतिभा विद्यालयों में अंग्रेजी मीडियम सेक्शन होंगे और उसके बाद शेष 230 स्कूलों को भी अंग्रेजी मीडियम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सेक्शन में 40 से अधिक बच्चे नहीं होंगे। स्कूलों पर पूर्वी दिल्ली नगर निगम प्रतिभा विद्यालय हिंदी में लिखा होगा और अंग्रेजी में ईडीएमसी निगम प्रतिभा स्कूल लिखा होगा। स्कूल के जो शिक्षक अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाने की दक्षता रखते होंगे, उनको अंग्रेजी मीडियम सेक्शन में पढ़ाने का काम सौंपा जाएगा।

## नगर निगम विद्यालय डेढ़ साल के बाद खुले

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

**शुरुआत**

- स्कूल में पहले दिन बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही
- शिक्षकों और बच्चों ने कोरोना नियमों का पालन किया

नगर निगम के स्कूल करीब डेढ़ साल सोमवार से खुल गए। पहले दिन बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। शिक्षकों और बच्चों ने कोविड नियमों का पूरी तरह से पालन किया। सभी बच्चों ने मास्क लगाया हुआ था और स्कूल में नियमित अंतराल के बाद उनके हाथ सेनेटाइजर से साफ कराए जा रहे थे।

निगम के विद्यालय सोमवार को 50 प्रतिशत क्षमता और कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप खाले गए थे। बच्चे सुबह अपने अभिभावकों के साथ स्कूल पहुंचे। स्कूलों में शिक्षको की संख्या भी काफी थी।

मयूर विहार फेस-1 और दल्लूपुरा वार्ड के निगम विद्यालयों में पहले दिन पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुदंर अग्रवाल, शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने स्कूलों का जायजा लिया। वहीं उत्तरी निगम के पूर्व महापौर जयप्रकाश ने बाड़ा हिंदूराव स्थित निगम स्कूल का निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि स्कूल खुलने पर बच्चों के चेहरे पर रौनक देखने को मिली, वह काफी उत्साहित थे।


**टाटा स्मारक केन्द्र**

(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता अनुदान प्राप्त संस्थान)

रिक्तियां उपलब्ध

विज्ञापन सं. 132/2021 — 01.11.2021

टाटा स्मारक केन्द्र (टीएमसी) होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, मुल्लांपुर, पंजाब एवं टाटा स्मारक अस्पताल, मुंबई, महाराष्ट्र में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

| क्र.सं. | पदनाम | अना. | अ.पि.व. | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | ओएच | ईडब्ल्यूएस | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (जनरल मेडिसिन) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 2. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (प्रिवेंटिव ऑकोलाजी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 3. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑकोलाजी) | 3 | - | - | - | - | - | 3 |
| 4. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (पैथोलॉजी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 5. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (माइक्रोबायोलॉजी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 6. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (ट्रांसफ्युजन मेडिसिन) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 7. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (रेडिएशन ऑकोलाजी) | 2 | - | - | - | - | - | 2 |
| 8. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (प्लास्टिक सर्जरी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 9. | असिस्टेंट प्रोफेसर 'ई' (इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 10. | असिस्टेंट रेडियोलॉजिस्ट 'डी' | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 11. | हेड, इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (टीएमएच, मुंबई) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 12. | आफिसर-इन-चार्ज (डिस्पेंसरी) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 13. | साइंटिफिक ऑफिसर 'एसबी' (बायोमेडिकल) | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 14. | जूनियर इंजिनियर (इलेक्ट्रिकल) | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 15. | साइंटिफिक असिस्टेंट 'सी' (न्युक्लियर मेडिसिन) | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 16. | टेक्नीशियन 'सी' (सी.एस.एस.डी.) | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 17. | असिस्टेंट नर्सिंग सुप्रिटेंडेंट | 2 | 1 | 1 | - | - | - | 4 |
| 18. | नर्स 'सी' | 2 | 1 | 1 | - | - | 1 | 5 |
| 19. | नर्स 'बी' | 10 | 5 | 4 | 2 | - | 3 | 24 |
| 20. | नर्स 'ए' | 26 | 18 | 11 | 5 | 3 | 10 | 73 |

ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 29.11.2021 को शाम 05.30 बजे (भारतीय मानक समय) तक है।

विभिन्न रिक्तियों हेतु अनिवार्य योग्यता और अनुभव, सेवा शर्तों और परिलब्धियों, आवेदन करने का तरीका इत्यादि के विवरण हेतु, **हमारी वेबसाइट https://tmc.gov.in** देखें।

*ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।*

(बेनी जॉर्ज)
एच.आर.डी. ऑफिसर



**इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन**

(भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संस्था)

**INSTITUTE OF BANKING PERSONNEL SELECTION**

*(An autonomous body set up by Reserve Bank of India, Central Financial Institutions and Public Sector Banks)*

IBPS प्रज्ञाविभावनम्

असेसमेंट में, हम पर भरोसा रखता है भारत — In assessment, India trusts us

वेबसाईट देखने हेतु स्कैन करें Scan to visit Website

अधिकृत वेबसाइटः **www.ibps.in**

प्रश्न/शिकायतों के मामले में **https://cgrs.ibps.in/** पर लॉग इन करे।

**प्रतिभागी संगठनों में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती के लिए साझा भर्ती प्रक्रिया (2022-23 की रिक्तियों CRP SPL-XI के लिए)**

**प्रतिभागी संगठनो में निम्न सूचीबद्ध विशेषज्ञ अधिकारी पदस्तर के पदों में कर्मियों के चयन के लिए अगली साझा भरती प्रक्रिया (सीआरपी) हेतु ऑनलाईन परीक्षा (प्रारंभिक और मुख्य) अनंतिम रुप से दिसंबर 2021/ जनवरी 2022 में आयोजित की जानी निर्धारित है।**

| अनु. क्र. | पदे | अनंतिम रिक्तियां |
|---|---|---|
| 01 | आई. टी. अधिकारी (स्केल-I) | 220 |
| 02 | कृषि क्षेत्रीय अधिकारी (स्केल-I) | 884 |
| 03 | राजभाषा अधिकारी (स्केल-I) | 84 |
| 04 | विधि आधिकारी (स्केल-I) | 44 |
| 05 | एचआर/कार्मिक अधिकारी (स्केल-I) | 61 |
| 06 | विपणन अधिकारी (स्केल-I) | 535 |

**आयोजनों की अनंतिम समय सूची निम्नानूसार है।**

| आयोजन | अनंतिम तिथियां |
|---|---|
| उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के संपादन/संशोधन सहित ऑनलाईन पंजीकरण | 03.11.2021 से 23.11.2021 |
| आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान (ऑनलाईन) | 03.11.2021 से 23.11.2021 |
| प्रारंभिक ऑनलाईन परीक्षा के लिए बुलावा पत्र (कॉल लेटर) का डाऊनलोड | दिंसबर 2021 |
| **प्रारंभिक ऑनलाईन परीक्षा** | **26.12.2021** |
| प्रारंभिक ऑनलाईन परीक्षा का परिणाम | जनवरी 2022 |
| मुख्य ऑनलाईन परीक्षा के लिए बुलावा पत्र (कॉल लेटर) का डाऊनलोड | जनवरी 2022 |
| **मुख्य ऑनलाईन परीक्षा** | **30.01.2022** |
| मुख्य ऑनलाईन परीक्षा के परिणाम की घोषणा | फरवरी 2022 |
| साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र (कॉल लेटर) का डाऊनलोड | फरवरी 2022 |
| साक्षात्कार का संचालन | फरवरी/मार्च 2022 |
| अस्थायी आबंटन | अप्रैल 2022 |

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत जानकारी एवं अपडेट के लिए आईबीपीएस की प्राधिकृत वेबसाइट www.ibps.in का नियमित अवलोकन करें।**

**ऑनलाईन पंजीकरण से पहले उम्मीदवारों को विस्तृत अधिसूचना पढने तथा उसमे वर्णित अनुदेशों का पालन करने की सलाह दी जाती हैं।**

मुंबई
दिनांक : 02.11.2021 — निदेशक

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर भूखंड के सब डिवीजन पर रोक लगाई

# बड़े भूखंड आवंटित करा टुकड़ों में नहीं बेच सकेंगे

**बोर्ड बैठक**

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

बड़े भूखंड आवंटित करा कर उनको सब डिवीजन (टुकड़े) करके बेचने के खेल पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रोक लगा दी है। सोमवार को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में बिल्डर भूखंडों के सब डिवीजन पर रोक लगा दी गई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में इस तरह के तमाम मामले हैं, जिनमें बिल्डरों ने भूखंड का सब डिवीजन करा कर बेच दिया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 124 वीं बोर्ड बैठक सोमवार को औद्योगिक विकास आयुक्त एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन संजीव मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ऑनलाइन शामिल हुए। बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने एक अहम फैसला लिया है। अब बड़े बिल्डर प्लॉटों के सब-डिवीजन पर रोक लगा दिया है। यानी अब बिल्डर प्राधिकरण से जमीन आवंटित कराने के बाद खुद से बेच (सब-डिवीजन) नहीं सकेंगे। उनको प्रोजेक्ट पूरा करना होगा। इससे दो फायदे होंगे। बिल्डर उतनी ही जमीन लेंगे, जितने पर उनको प्रोजेक्ट बनाना है। दूसरे, खरीदारों के फ्लैट तय समय पर मिल सकेंगे। सब डिवीजन के चलते समय बर्बाद नहीं होगा। उनको तय समय पर फ्लैट बनाकर देने की जिम्मेदारी आवंटी बिल्डर पर होगी।

**बिल्डर ने खूब कमाई की :** दरअसल नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बिल्डरों ने बड़े-बड़े भूखंड आवंटित करा लिए। बाद में उनका सब डिवीजन कराया और छोटे बिल्डरों को बेच दिया। बिल्डरों ने इसमें भी खूब पैसे कमाए। कम कीमत पर भूखंड आवंटित करा कर सब डिविजन कराया अधिक कीमत पर भूखंड को बेच दिया गया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में इस तरह के केस हुए हैं। यही कारण है कि नोएडा प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में सब डिवीजन पर रोक लगा रखी है। हालांकि अन्य परियोजनाएं इससे बाहर हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर बिल्डर समेत कई ने सबडिवीजन कराया है। इन सब अनुभवों को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर प्लॉट के सब डिवीजन पर रोक लगाई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि बिल्डर प्लॉट के सब डिवीजन पर रोक लगाने के फैसले पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है।

## ग्रेनो में औद्योगिक इकाइयों के विस्तार को मंजूरी मिली

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो प्राधिकरण की 124वीं बैठक सोमवार को हुई। बैठक में प्राधिकरण बनने से पहले यहां जो औद्योगिक इकाइयां लगी थी उनको एफएआर खरीदने की मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए उन्हें विकास शुल्क देना होगा। इससे ये इकाइयां अपना विस्तार कर सकेंगी। इसके अलावा प्राधिकरण बोर्ड ने पेट्रोल पंप के भूखंड की योजना निकालने की मंजूरी दे दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 124 वीं बोर्ड औद्योगिक विकास आयुक्त एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन संजीव मित्तल की अध्यक्षता में हुई। ग्रेनो के बसने से पहले चल रहीं औद्योगिक इकाइयां (स्पॉट जोन की कंपनियां) भी प्राधिकरण से एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) खरीद सकेंगी। इसके लिए तय शुल्क का भुगतान करना होगा। ग्रेप्राधिकरण बोर्ड ने इस पर सहमति दे दी है। इन कंपनियों को विकास शुल्क भी देना होगा। ग्रेटर नोएडा में ऐसी कई कंपनियां हैं, जो ग्रेटर नोएडा के अस्तित्व में आने से पहले ही इकाई लगाकर उत्पादन कर रही हैं। ऐसी इकाइयों द्वारा किए गए निर्माण को रेगुलराइजेशन (स्पॉट जोन) किया जा चुका है। ये इकाइयां प्राधिकरण की तरफ से बनाए गए संसाधनों (इंफ्रास्ट्रक्चर) का उपयोग कर रही हैं।

इन कंपनियों को विकास शुल्क भी देना होगा। इसके बाद ये कंपनियां प्राधिकरण से आवंटित अन्य औद्योगिक भूखंडों की तरह सभी स्वीकृति प्राप्त कर सकेंगी। कंपलीशन व फंक्शनल सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकेंगी। इस फैसले से ऐसी इकाइयां अपना विस्तार कर सकेंगी। प्राधिकरण क्षेत्र में ऐसी करीब 20 से 25 इकाइयां हैं।

### ये लिए गए अन्य फैसले

**1 स्मार्ट विलेज परियोजना पर मुहर :** बोर्ड ने 14 गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की योजना की समीक्षा की। सीईओ नरेंद्र भूषण ने बोर्ड को बताया कि 14 गांवों में से मायचा में काम शुरू हो चुका है। शेष 13 गांवों की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्मार्ट विलेज परियोजना के पहले चरण के अंतर्गत सीवर, ड्रेनेज, पानी, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, विद्युतीकरण आदि विकसित किए जाएंगे।

**2 गंगाजल परियोजना 30 नवंबर तक पूरी होगी :** बोर्ड ने 30 नवंबर तक 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। चेयरमैन संजीव मित्तल ने इस परियोजना की समीक्षा करते हुए नए साल पर घरों तक गंगाजल की सप्लाई शुरू करने को कहा। सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि इस परियोजका का कार्य 99 फीसदी हो चुका है। बचे हुए कार्यों को 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**3 ईंधन स्टेशन की योजना जल्द आएगी:** बहुत जल्द फ्यूल स्टेशनों की योजना भी आएगी। पब्लिक की सुविधाओं को देखते हुए इन फ्यूल स्टेशनों की जगह तय की जाएगी, ताकि फ्यूल भरवाने के लिए वाहनों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

**4 भवनों की कीमत बोर्ड से मंजूर :** सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री की दरें आवासीय योजना के भवनों की तय दरों पर मुहर लगा दी है। 120 वर्ग मीटर वाले भूखंडों की कीमत 58.99 लाख और 200 वर्ग मीटर के भूखंडों की कीमत 82.91 लाख रुपये होगी। प्राधिकरण ने 113 भवनों की यह योजना लॉन्च कर दी है।



नोएडा के सेक्टर-5 स्थित हरौला गांव में सोमवार को विकास प्राधिकरण के विरोध में पंचायत करते किसान। • हिन्दुस्तान

## भूखंड योजना में आवेदन का मौका

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-50 में तीन हजार वर्ग मीटर के एक व्यावसायिक भूखंड की योजना लॉन्च की है। इसमें 23 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट के जरिए इसमें आवेदन कर सकते हैं। भूखंड लेने के लिए ऑनलाइन बोली लगानी होगी।

प्राधिकरण के ओएसडी कुमार संजय ने बताया कि यह भूखंड एफ-1, सेक्टर-50 में है। इस योजना में एक ही भूखंड को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस भूखंड के लिए आवेदन करने वालों को ईएमडी के रूप में चार करोड़ 23 लाख रुपये जमा करने होंगे। यह पैसा 23 नवंबर तक जमा करना होगा। ईएमडी जमा करने का समय समाप्त होने के बाद अगले महीने के शुरुआत में आवेदन करने वालों को भूखंड पाने के लिए ऑनलाइन बोली लगानी होगी। जो सबसे ऊंची बोली लगाएगा, उसको भूखंड आवंटित कर दिय जाएगा।

## परियोजनाओं का आज से काम रोकेंगे किसान

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

धरनारत किसान मंगलवार से नोएडा प्राधिकरण की परियोजनाओं के काम को रोकेंगे। वे काम तब तक शुरू नहीं होने देंगे, जब तक प्राधिकरण उनकी मांगों को नहीं मानेगा। यह फैसला सोमवार को हरौला के बारातघर में किसानों की हुई महापंचायत में लिया गया। जनप्रतिनिधियों का घेराव भी किया जाएगा। महापंचायत में किसानों के अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के नेता और किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी पहुंचे।

शहर के किसान 69वें दिन भी हरौला के बारातघर में धरने पर बैठे रहे। भारतीय किसान परिषद के बैनर तले किसान धरना दे रहे हैं। सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे महापंचायत शुरू हुई, जो शाम करीब चार बजे तक चली। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि महापंचायत में फैसला हुआ है कि चरणबद्ध तरीके से आगे काम किया जाएगा। मंगलवार से नोएडा विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं का काम बंद कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगले चरण में जनप्रतिनिधियों का घेराव किया जाएगा। महापंचायत में सपा के एमएलसी जितेंद्र यादव ने कहा कि मैंने पहले भी किसानों की समस्याओं को विधान परिषद में उठाया था और अब दोबारा से उठाऊंगा।

### राजनीतिक रूप लिया

अभी तक धरने पर किसान ही आ रहे थे लेकिन सोमवार को महापंचायत में नेताओं के आने के भी कारण इसने राजनीतिक रूप ले लिया है। प्रदेश में चार-पांच महीने के अंदर विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में विपक्षी नेताओं को भी किसानों के माध्यम से भाजपा के खिलाफ मुद्दा मिल गया है।

### न्यूज कॉर्नर

#### नोएडा में गंगाजल आने में अभी देरी

**नोएडा।** शहर के लोगों को गंगाजल मिलने में अभी तीन दिन का और समय लगेगा। छठ पर्व के कारण गंगाजल हिंडन में डायवर्ट करने से देरी होगी। वादे के मुताबिक सोमवार से गंगाजल मिलना शुरू होना था।

#### विधायक के भाई ने कोर्ट में समर्पण किया

**गाजियाबाद।** नरेश त्यागी हत्याकांड में फरार चल रहे पूर्व मंत्री के बेटे और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के भाई गिरीश पाल त्यागी ने सोमवार को अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण से पहले पुलिस ने गिरीश त्यागी को गिरफ्तार करने का जाल बिछाया था, लेकिन वह विफल रही।

#### लोन घोटाले में दो ने किया सरेंडर

**गाजियाबाद।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में करोड़ों के लोन घोटाले के दो आरोपियों ने सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में समर्पण किया। आरोपी राजेश गुप्ता और प्रभुनाथ के विशेष अदालत में समर्पण करने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

#### सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर से एक लाख की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों ने शहर के 73 वर्षीय सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर से एक लाख की ठगी कर ली। ठगों ने उनके कैप्टन दोस्त की फर्जी मेल आईडी बना अस्पताल में दाखिल अपने जानकार के लिए मदद की मांग की। मामले में साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीआईएसएफ रोड 20 दिन में बनेगी

**ट्रांस हिंडन।** अतिव्यस्त सीआईएसएफ रोड का निर्माण 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद रोड पर वाहनों का डायवर्जन भी समाप्त हो जाएगा। इस मार्ग पर करीब डेढ़ साल से एक लेन पर वाहनों के लिए प्रतिबंध लगा है।

बुद्ध चौक से सीआईएसएफ रोड होते हुए लोग दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे तक पहुंचते हैं। हालांकि पिछले साल फरवरी में एसटीपी के भूमिगत पाइप लाइन निर्माण के चलते सीआईएसएफ रोड की एक लेन को खोदा गया था। कोरोना और लॉकडाउन के चलते काम प्रभावित हुआ था। इस साल जनवरी में भूमिगत पाइपलाइन का काम पूरा हो गया था, लेकिन कई कारणों से सड़क निर्माण नहीं हो सका था। अब पिछले सप्ताह से सड़क निर्माण शुरू हो गया। सीआईएसएफ रोड पर एक लेन का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है।

# शिलान्यास स्थल का चयन आज होगा

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट**

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के शिलान्यास की तिथि तय होने के बाद तैयारी तेज हो गई है। सोमवार को अधिकारियों ने समारोह स्थल के लिए चार जगह चिन्हित की हैं। इसमें रोही और बनवारीवास गांव उपयुक्त पाए गया। इसमें से किसी एक जगह का चयन मंगलवार को किया जाएगा।

जेवर एयरपोर्ट का 25 नवंबर को शिलान्यास कराने के लिए सैद्धांतिक सहमति मिलने के बाद तैयारी तेज हो गई है। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सोमवार को मेरठ मंडल के आयुक्त सुरेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह समेत तमाम अधिकारी जेवर एयरपोर्ट की साइट पर पहुंचे। उनके साथ जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह एयरपोर्ट की साइट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। बाद में रनहेरा पुलिस चौकी पर अफसरों ने बैठक की। कार्यक्रम कराने को लेकर मंथन किया।

मेरठ मंडल के आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट की साइट का दौरा किया गया है। यहां पर कार्यक्रम स्थल को लेकर चर्चा की गई। मंगलवार तक कार्यक्रम स्थल का चयन कर लिया जाएगा। एयरपोर्ट की साइट पर कार्यक्रम करने के लिए बहुत जगह है। इस मौके पर यमुना प्राधिकरण की एसीईओ मोनिका रानी, एयरपोर्ट के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया, अपर पुलिस आयुक्त लव कुमार, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ किस्टोफ सेलमैन आदि मौजूद रहे।

### इन स्थानों पर लगी मुहर

अधिकारियों ने जेवर एयरपोर्ट की साइट में रोही, रनहेरा व बनवारीवास गांव में जगह चिन्हित की। रोही में एक, रनहेरा में एक और बनवारीवास में दो जगह देखी गई। इनमें से बनवारीवास की एक और रनहेरा की एक जगह को खारिज कर दिया गया। यहां पर अधिक काम करने की जरूरत होगी। अब रोही और बनवारीवास में शिलान्यास कार्यक्रम कराया जाएगा। इसमें से एक जगह का चयन मंगलवार को कर लिया जाएगा। साथ ही पूरे कार्यक्रम स्थल का लेआउट प्लान भी बना लिया जाएगा।

### यहां लगेगा शिलान्यास का पत्थर

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के अधिकारियों ने इस बात पर मंथन किया कि शिलान्यास पत्थर उस जगह लगाया जाए जो कभी परिवर्तित ना किया जा सके। इसके लिए एयरो ड्रम रेफरेंस प्वाइंट को तय किया गया है। इसी जगह पर शिलान्यास पत्थर लगाया जाएगा। एयरो ड्रम रेफरेंस प्वाइंट को कभी बदला नहीं जा सकता है।

### डेढ़ लाख लोगों के लिए इंतजाम

शिलान्यास स्थल और जनसभा स्थल एक ही जगह होगा ताकि कार्यक्रम एक ही जगह कार्यक्रम किया जा सके। शिलान्यास के साथ एक बड़ी जनसभा भी होगी। इस जनसभा में डेढ़ लाख लोगों के बैठने का इंतजाम किया जाएगा।

## पिता की गोली मार हत्या, बेटा घायल

**जेवर।** कस्बा जहांगीरपुर में सोमवार देर शाम कार सवार आरोपियों ने रंजिश में पिता-पुत्र पर फायरिंग कर दी। इसमें पिता की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि पुत्र की हालत गंभीर बनी है। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है।

मोहल्ला व्यापारियान जहांगीरपुर निवासी युसुफ खां की पड़ोस के लोगों से रंजिश चल रही है। युसुफ (45 वर्ष) पुत्र शेर मोहम्मद के साथ सोमवार शाम झाझर रोड से जहांगीरपुर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में आरोपी पक्ष के लोगों ने गाड़ी से पीछे से दोनों को टक्कर मार दी। पिता-पुत्र ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाड़ी से उतर कर दोनों को बुरी तरह पीटा। इसी बीच आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यूसुफ की गोली लगने से तुरंत मौत हो गई।

## प्रेमिका का विरोध करने पर पत्नी की जान ले ली

दादरी | संवाददाता

**दुखद**

- दादरी के कठहैरा रोड स्थित मेवातियान मोहल्ले में हुई घटना
- ससुराल पक्ष के लोगों ने आत्महत्या की बात पुलिस को बताई

कठहैरा रोड स्थित मेवातियान मोहल्ले में सोमवार को पति ने प्रेमिका का विरोध करने पर पत्नी की हत्या कर दी। ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को बताया है कि महिला ने आत्महत्या की है।

कठहैरा रोड स्थित मेवातियान मोहल्ले में सोमवार को महिला की मौत का मामला आया है। महिला के मायके वाले इसे हत्या बता रहे हैं। आरोप है कि महिला के पति का किसी दूसरी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका विरोध करने पर पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

जनपद बुलंदशहर के सिकंद्राबाद के रहने वाले शकील अहमद ने वर्ष 2013 में बहन की शादी अमरूद्दीन से की थी। दोनों के सात साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। सोमवार को अमरूद्दीन ने पुलिस को सूचना दी कि पत्नी जायदा ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया, जबकि महिला के मायके वालों का आरोप है कि जायदा की गला दबाकर हत्या की गई है। पति का किसी अन्य युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके लेकर परिवार में झगड़ा चल रहा था।

## स्मैक पकड़ने गई टीम को बैग से एक करोड़ मिले

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने सेक्टर-23 में छापामारी के दौरान नशा तस्कर रहे आरोपी मृतक बिजेंद्र उर्फ लाला के साले अमित के घर से एक करोड़ 13 लाख 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने स्मैक छिपाए होने की सूचना पर रविवार देर शाम यहां छापामारी की। इस दौरान पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली। सूचना मिलने ही आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम रुपयों की बरामदगी होने पर छानबीन में जुट गई है। अमित से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर इतनी बड़ी रकम उसे कहां से मिली?

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक को रविवार शाम सूचना मिली कि फरीदाबाद के नशीले पदार्थों के तस्कर लाला के साले अमित ने अपने घर पर अवैध रूप से स्मैक रखी हुई है। इस सूचना पर डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच प्रभारी छापामारी करने की अनुमति दी। सर्च वारंट के साथ टीम गठित करके निर्धारित स्थान पर छापामारी करने जा पहुंची।

### पलंग में छिपा रखे थे

पुलिस टीम ने जब अमित के घर तलाशी ली तो उन्हें वहां स्मैक तो नहीं मिली लेकिन अमित के बेड से बैग में छिपाकर भरी हुई एक करोड़ से अधिक की राशि बरामद हो गई। इतनी बड़ी राशि को देख पुलिस टीम दंग रह गई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। नकदी बरामद होने पर पुलिस ने आयकर विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया। सूचना मिलते ही फरीदाबाद के इनकम टैक्स विभाग के सहायक पुष्पेंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा गवाह के तौर पर इलाके के पार्षद जयवीर खटाना को वहां पर बुला लिया था।

# सेना प्रमुख ने रैली को रवाना किया

**शुभारंभ**

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नाजिर हुसैन मेमोरियल ड्राइव की शुरुआत सोमवार को सेना प्रमुख एमएम नरवणे ने की। इस रैली में 100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह रैली 1981 की हिमालयन रैली के मूल मार्ग से होकर गुजरेगी।

यह रैली मोटर स्पोर्ट के दिग्गज नासिर हुसैन के सम्मान में आयोजित की गई है। इस रैली की पहली कार महिंद्रा थार को सेवानिवृत्त कर्नल एसएस सेखो चला रहे हैं। टीम फायरफॉक्स की ओर से ग्रेटर नोएडा में एक होटल से सेना प्रमुख एमएम नरवणे ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पूर्व विजेता मनजीत भल्ला ने कहा कि यह देश में मोटर सपोर्ट में क्रांति लाने वाले व्यक्ति के लिए उल्लेखनीय सम्मान है। रैली के प्रतिभागियों के लिए कोविड-19 प्रोटोकॉल तय किया गया है। सभी प्रतिभागियों को इसका पालन करना होगा ताकि संक्रमण के खतरे से बचा जा सके।



सेना प्रमुख एमएम नरवणे ने सोमवार को कार रैली को रवाना किया। • हिन्दुस्तान

# पेशी पर आया बदमाश पुलिस हिरासत से फरार

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

**चकमा**

- फरीदाबाद के मोहल्ला फज्जौ सारगुल निवासी है बदमाश
- चार पुलिसकर्मियों व फरार आरोपी पर केस दर्ज

बुलंदशहर जेल से गौतमबुद्ध नगर न्यायालय में पेशी पर आया बदमाश सोमवार दोपहर एसीजेएम फर्स्ट की कोर्ट नंबर 13 से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। इस मामले में सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने बदमाश और पेशी पर लेकर आए बुलंदशहर के चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार की दोपहर बुलंदशहर से हेड कांस्टेबल शांतनु त्यागी व कांस्टेबल वीरपाल सिंह, विपिन कुमार और सुरेंद्र कुमार चार अभियुक्तों को लेकर न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में पेशी पर लेकर आए थे। दोपहर करीब 1:30 बजे न्यायालय एसीजेएम फर्स्ट, कोर्ट नंबर 13 से बदमाश शिव कुमार निवासी मोहल्ला फज्जौ सारगुल कस्बा व थाना छायसा जिला फरीदाबाद हरियाणा, पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर को भेजी जा रही है। उधर, सूरजपुर पुलिस की टीम फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

## व्यापारी को बंधक बना लाखों की लूट

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर झिलमिल ढाबे के सामने सोमवार देर रात कार सवार छह बदमाशों ने हथियारों के बल पर सर्राफा व्यापारी और उनके दोस्त से 60 हजार रुपये की नगदी और पांच लाख से अधिक रुपये के जेवरात लूट लिए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

गाजियाबाद के गोविंदपुरम कॉलोनी निवासी सौरभ मित्तल की दिल्ली गेट पर भावना ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। वह अपने दोस्त गोविंदपुरम निवासी हरीश खैर के साथ कार से ऋषिकेश अपने गुरु के आश्रम में गए थे। वहां से आते समय सोमवार रात एक बजे के आसपास वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर मुरादनगर गंगनहर पुल से पहले झिलमिल ढाबे के सामने रुके और खाना खाने लगे। खाने के बाद जैसे ही कार में बैठे इसी बीच बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।


## गुमशुदा की तलाश



अमर सिंह नयाल

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** अमर सिंह नयाल, **पुत्रः** हरक सिंह नयाल, **पताः** 1563 टाईप–1, सेक्टर–4, तिमारपुर, दिल्ली, **उम्रः** 42 साल, **कदः** 5'7'', **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मजबूत, **पहनावाः** नीले रंग की चैकदार टी–शर्ट, सलेटी रंग की लोअर, सफेद रंग का मफलर एवं पैरों में हवाई चप्पल पहने है, जो दिनांक 19.11.2020 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 56-A, दिनांक 19.02.2021, थानाः तिमारपुर, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-23011334**
**DP/1546/N/2021**

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन, तिमारपुर, दिल्ली**
**फोनः 011-23812734, 23814421**


### मौजूदा समय में कश्मीरी गेट से देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश रूट की बस का होता है संचालन

# मेरठ एक्सप्रेसवे से हरिद्वार-देहरादून जाएंगी बस

**अच्छी खबर**

ट्रांस हिंडन | प्रमुख संवाददाता

देहरादून रूट पर यात्रियों को महीने भर में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से बसों का सफर करने का मौका मिलेगा। इससे यात्रियों के समय की बचत होगी। मौजूदा समय में दिल्ली के कश्मीरी गेट से देहरादून, हरिद्वार एवं ऋषिकेश रूट की बसों का संचालन किया जाता है।

दिल्ली के कश्मीरी गेट से रोडवेज बसें मोहन नगर, मेरठ तिराहे होते हुए मुरादनगर, मोदीनगर से मेरठ की तरफ जाती हैं। मेरठ रोड पर रैपिड रेल का काम चलने की वजह से अक्सर जाम लगा रहता है। इससे यात्रियों के समय की बर्बादी होती है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनने के बाद दिल्ली से करीब 45 मिनट में मेरठ तक का सफर तय हो रहा है। ऐसे में देहरादून रूट की कुछ बसों को एक्सप्रेसवे से निकालने की योजना रोडवेज बना रहा है। मौजूदा समय में यूपी रोडवेज की 20 से ज्यादा बसें देहरादून रूट पर संचालित हो रही हैं। इनके अतिरिक्त उत्तराखंड रोडवेज की भी 50 से ज्यादा बसें संचालित हो रही हैं। रोडवेज अपनी कुछ बसों को एक्सप्रेस वे के जरिए देहरादून, हरिद्वार की ओर चलाने की तैयारी में है।

**20** बसों का संचालन रोडवेज देहरादून रूट पर कर रहा

**05** बसों के साथ इस एक्सप्रेस के जरिए देहरादून रूट पर बसें चलाने की तैयारी



बसों को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से देहरादून-हरिद्वार रूट पर चलाने की योजना बना रहे हैं। शीघ्र ही रूट तैयार कर किराया तय किया जाएगा। इससे यात्रियों को करीब एक से डेढ़ घंटे समय की बचत होगी।

-एके सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज

## एक्सप्रेसवे पर वाहन ने रौंदा

**दनकौर।** यमुना एक्सप्रेसवे पर चपरगढ़ गांव के नजदीक वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसको ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को रविवार देर रात सूचना मिली कि हादसे एक व्यक्ति एक्सप्रेसवे पर घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने इलाज के दौरान देर रात को घायल की मौत हो गई।


## स्मृतिशेष



**In Loving Memory of Shri Nand Kishore Goel 1925-2006**

You Left us on this day. But you live every moment in our hearts. Deeply missed & Remembered by **Smt. Krishna Goel (Wife), Children & Grand Children.**

आज का दिन वर्ष 1937 में जापानी सेना ने चीन के शंघाई शहर पर कब्जा किया।



# देश की 73 हस्तियों को राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया



नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों के साथ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह। ● एएनआई



नई दिल्ली में सोमवार को अनिल जोशी को बधाई देते नरेंद्र मोदी। ● एएनआई

**राष्ट्रपति भवन में सोमवार को अभिनेत्री कंगना रनौत, टीवी एवं फिल्म अभिनेत्री सरिता जोशी और संगीतकार अदनान सामी सहित 61 व्यक्तियों को वर्ष 2020 के लिए देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया।**

**04** लोगों को पद्म विभूषण पुरस्कार से नवाजा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने

**08** लोगों को पद्म भूषण पुरस्कार के लिए चुना गया इस वर्ष, 61 को पद्मश्री दिया गया

कलाकार होने के नाते, कई पुरस्कार पाए लेकिन आज देश का बेहतरीन नागरिक होने का पुरस्कार ग्रहण किया। मैं आभारी हूं। उनका मुंह बंद कर देगा जो कहते हैं कि वह राष्ट्रीय विषयों को लेकर चिंतित क्यों रहती हैं।– **कंगना रनौत,** अभिनेत्री

कभी-कभी खुद को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं होते हैं। सरकार को धन्यवाद। मैं इसे पिता-माता को समर्पित करता हूं। यह न केवल एक सम्मान है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जिसे मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा। **-अदनान सामी,** संगीतकार

आज बेहद खुश हूं। मैं अपने कोच और टीम सहित सभी को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं हॉकी इंडिया को भारत में महिला हॉकी में सुधार के प्रयासों के लिए धन्यवाद देती हूं।**–रानी रामपाल,** महिला हॉकी टीम की कप्तान

### ऐसे जवानों की पहचान कर बिना हथियार और गोला-बारूद के आसान तैनाती देने की तैयारी

# तनावग्रस्त जवानों की निगरानी होगी

नई दिल्ली | पंकज कुमार पाण्डेय

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सोमवार को सीआरपीएफ में हुई घटना के बाद एक बार फिर जवानों के मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा चर्चा में है। एक बार फिर उस प्रस्ताव पर अमल की बात हो रही है जिसमे किसी वजह से मानसिक परेशानी या तनाव का सामना कर रहे लोगों को चिन्हित कर बिना हथियार या गोला बारूद के आसान तैनाती देने और काउंसलिंग पर जोर है।

जवानों से सतत संवाद के लिए चौपाल करने को भी कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह का प्रस्ताव है कि किसी जवान में असामान्य व्यवहार देखने और उस पर नजर रखने के बाद उसकी पुष्टि होने के बाद ऐसे जवान की बगैर गोला-बारूद की तैनाती को लेकर निर्णय लेने की जरूरत है।

**कई स्तरों पर प्रयास :** जवानों का तनाव कम करने की कवायद कई स्तरों पर चल रही है। लेकिन अर्धसैन्य बलों में आत्महत्या और साथी जवानों पर हमले के कई मामले लगातार सामने आए हैं। नए फरमान के तहत तय किया गया है कि वरिष्ठ अधिकारी जवानों के साथ अनौपचारिक रूप से बातचीत करेंगे। बीते दिनों सीआरपीएफ डीजी कुलदीप सिंह ने बलों से गांव की तरह बैठक आयोजित करने के लिए कहा है।

**मानसिक तनाव की वजह से बढ़ी घटनाएं :** वर्ष 2020 से लेकर इस साल 13 सितंबर तक सीआरपीएफ में आत्महत्या के 101 मामले दर्ज किए गए। यह संख्या 2017, 2018, 2019 को मिलाकर 116 मामलों की तुलना में चौंकाने वाली हैं। वर्ष 2020 में सीआरपीएफ में आत्महत्या के 60 मामले थे। जबकि, इस साल 41 ने खुदकुशी की। वर्ष 2018 और 2019 में यह आंकड़ा क्रमशः 36 और 42 था। ज्यादातर मामलों में आत्महत्या या साथियों पर हमले की वजह घरेलू या अन्य वजहों से मानसिक तनाव बताया जाता है।

**तनाव कम करने की कवायद :** जवानों का तनाव कम करने के लिए उन्हें जरूरी छुट्टी देने, समय-समय पर कठोर पोस्टिंग में बदलाव के अलावा उन्हें योग आदि से जोड़ने की बात की जाती रही है। छुट्टी को लेकर जवानों का संतुष्टि स्तर काफी कम रहा है। नई कवायद 'चौपाल' के तहत सभी यूनिट के अधिकारी जूनियर्स के साथ बात करेंगे। बात के लिए समूहों को छोटा रखा जाएगा। जवानों से अधिकारी 1-2 घंटे लंबी बात करेंगे। एक समूह में 18-20 जवान शामिल होंगे। बैठक के दौरान जवानों के निजी जीवन पर प्राथमिक रूप से चर्चा की जाएगी। गोपनीयता रखी जानी चाहिए।

**शांत रहने वाले या परेशान जवानों पर नजर :** सुरक्षाबलों में उन जवानों पर खास ध्यान देने की बात कही गई है, जो परेशान हैं या शांत रहने वाले हैं। बटालियन कमांडर्स को उन जवानों की पहचान करनी चाहिए, जो अलग-अलग कारणों के चलते अवसाद में हैं।



आरोपी जवान रितेश रंजन।

### आरोपी जवान से पूछताछ

**सुकमा।** बस्तर क्षेत्र के आईजी ने बताया कि पुलिस आरोपी जवान से पूछताछ कर रही है। उससे पूछताछ के बाद घटना के कारणों के बारे में सही जानकारी मिल सकेगी। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के लिंगनपल्ली स्थित सीआरपीएफ शिविर में गोलीबारी की घटना में चार जवानों की मौत होने की घटना पर दुख जताया है।

### अवसाद वाले कर्मियों की पहचान करने को कहा था

नक्सल विरोधी अभियानों के लिए राज्य में 25 से अधिक बटालियन तैनात करने वाले अर्धसैनिक बल ने हाल ही में अपनी सभी टुकड़ियों को एक पत्र भेजकर उन कर्मियों की पहचान करने को कहा था। जो अवसाद या तनाव में हैं और उन्हें आत्महत्या करने से रोकने तथा किसी साथी पर हमला करने से रोकने के लिए, उन्हें उचित परामर्श देने को कहा था। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐसे कर्मियों की हथियार तक आसान पहुंच सुरक्षा बल के लिए एक बड़ी चुनौती है, जो या तो आत्महत्या कर लेते हैं या अपने सहकर्मियों पर हमला कर देते हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए कई विकल्प अपनाए गए, लेकिन फिर भी कोई उचित समाधान अभी तक नहीं मिल पाया है।

### तीन साल में 15 जानें गईं

छत्तीसगढ़ में पिछले लगभग तीन वर्ष के दौरान आपसी विवाद के बाद अलग-अलग घटनाओं में सुरक्षा बल के 15 जवानों की मौत हो चुकी है। राज्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले वर्ष जून में सुरक्षाकर्मियों को तनाव और अवसाद से बचाने के लिए स्पंदन कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

### गोलीबारी में बिहार के तीन जवान भी मारे गए



राजमणि यादव।



धर्मेंद्र सिंह।



धनजी सिंह।

# इतालवी कंपनी से प्रतिबंध हटाने पर कांग्रेस आक्रामक

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

**निशाना**

- राहुल गांधी ने सवाल किया, अगुस्ता भ्रष्ट थी, अब साफ कैसे
- प्रवक्ता गौरव वल्लभ बोले, केंद्र भ्रष्ट कंपनी पर इतना मेहरबान क्यों

कांग्रेस ने वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले से जुडी इतालवी कंपनी से प्रतिबंध हटाने को लेकर सोमवार को सरकार को घेरा। पार्टी ने केंद्र पर भ्रष्टाचार को लेकर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप भी लगाया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर सरकार पर तंज करते हुए कहा कि पहले अगस्ता भ्रष्ट थी, अब साफ हो गई है। वहीं, पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए सवाल किया कि सरकार भ्रष्ट कंपनी पर इतनी मेहरबान क्यों है?

वल्लभ ने कहा कि केंद्र सरकार अगुस्ता वेस्टलैंड को एक भ्रष्ट कंपनी बता चुकी है। बावजूद इसके पहले इस कंपनी को 'मेक इन इंडिया' अभियान में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई। अब उस पर लगाए गए सभी प्रतिबंध हटा लिए गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार को देश को बताना चाहिए कि अब यह कंपनी भ्रष्ट है या नहीं? सवाल यह भी है कि कंपनी को क्लीनचिट देने के बाद इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन में मुकदमा चलेगा या नहीं? क्या सरकार केस वापल ले लेगी?

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भी इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट कर पूछा कि क्या अब उस कंपनी से सौदा करना ठीक है, जिसे सरकार रिश्वत देने वाली फर्जी कपंनी बता चुकी है।

# यूपी पुलिस की रिपोर्ट में कुछ भी नया नहीं: कोर्ट

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में यूपी सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर सर्वोच्च अदालत ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट में कुछ भी नया नहीं है। हम जो उम्मीद कर रहे थे वैसा कुछ नहीं है। आप जांच को सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। हम किसी दूसरे उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच की निगरानी के लिए नियुक्त करेंगे।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के दो पूर्व न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति रंजीत सिंह और न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन के नामों का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दोनों आपराधिक कानून के क्षेत्र में अनुभवी हैं और मामलों में आरोपपत्र दाखिल होने तक एसआईटी की जांच की निगरानी करेंगे। इस पर यूपी सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि इसके लिए उन्हें शुक्रवार तक का समय दें। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त करने के प्रयास किए थे, लेकिन लोगों ने कहा कि उनके पास फोन नहीं हैं। लगता है मोबाइल फोन नष्ट कर दिए गए। लेकिन उन्होंने सीडीआर निकलवाई हैं और उनका अध्ययन किया जा रहा है।

### रंजीत की पुलिस रिमांड पर सुनवाई आज होगी

**लखीमपुर-खीरी।** तिकुनिया कांड के दूसरे मुकदमे में जेल भेजे गए आरोपी रंजीत सिंह और अवतार सिंह की पुलिस रिमांड पर पुनः सुनवाई अब मंगलवार को होगी। दोनों की रिमांड अर्जी पर सुनवाई सोमवार को होनी थी। लेकिन बचाव पक्ष के वकीलों ने कुछ समय मांगा था। दोनों की पुलिस रिमांड पर सुनवाई अब मंगलवार को होगी।

### निगेटिव होने में 14 दिन लग रहे, संक्रमितों के घर के 400 मीटर दायरे में जांच को नमूने लिए जा रहे

# जीका का पहला मरीज अस्पताल से घर लौटा

**उत्तर प्रदेश**

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

कानपुर में अक्तूबर में एयरफोर्स कर्मचारी में पहली बार जीका संक्रमण मिला था जिन्हें चौथी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद शनिवार रात डिस्चार्ज कर दिया गया। घर में उन्हें अभी भी आइसोलेट के साथ ही कहीं भी आवाजाही न करने की सलाह दी गई है। अपर निदेशक (स्वास्थ्य) कानपुर मंडल डॉ. जीके मिश्र का कहना है कि एयरफोर्स कर्मचारी की जीका रिपोर्ट शनिवार को ही निगेटिव आई थी जिसके बाद उन्हें 7 एयरफोर्स हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। फिलहाल उन्हें घर में ही अलग कमरे में पांच दिन रहने को कहा गया है। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। सतर्कता के तौर पर 15 दिन डॉक्टरों की निगरानी में रखने को कहा गया है।

### संक्रमित 15 दिन आइसोलेशन में रहेंगे

कानपुर में संक्रमितों को अब 15 दिन तक आइसोलेशन में रखा जाएगा। यह फैसला स्वास्थ्य विभाग ने किया है। संक्रमित शख्स अगर इतने दिनों तक घर या अस्पताल में अलग रहेगा तो संक्रमण पर लगाम लगाई जा सकेगी। जीका की चपेट में आए मरीजों में एक पखवारे के बाद के बाद ही निगेटिव रिपोर्ट आ रही है। कोरोना की तरह जीका की रिपोर्ट भी निगेटिव आने में कम से कम 14 दिन लग रहे हैं। प्रयोग के तौर पर एयरफोर्स कर्मचारी के इन दिनों तीन सैंपल लेकर टेस्ट किए तो सभी पॉजिटिव आए लेकिन 14 दिन के बाद नमूना लिया तो निगेटिव रिपोर्ट आई।

### कानपुर में कल से होगी जांच

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की कोविड लैब में बुधवार से जीका सैंपल की जांच शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए 100 नमूनों की किट केजीएमयू से मंगाई गई है। मेडिकल कॉलेज के स्टाफ को ट्रेनिंग के लिए सोमवार को लखनऊ भेजा गया है। 5000 जीका सैंपलों की जांच के लिए किट, मास्टर मिक्चर समेत सभी जरूरी सामान का मसौदा शासन को भेज दिया गया है। अभी तक जीका की जांच एनआईवी पुणे के बाद केजीएमयू में की जा रही है। जीका में भी कोविड की तरह आरएनए से ही संक्रमण की पहचान की जाती है।






# खनन उद्योग बहाल करेंगे: केजरीवाल

**गोवा**

पणजी | एजेंसी



गोवा की राजधानी पणजी में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खनन क्षेत्र का जायजा लेते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। ● ट्विटर

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि अगले साल गोवा विधानसभा चुनाव में जीतकर अगर पार्टी सत्ता में आती है तो राज्य में रुकी हुई खनन प्रक्रिया छह महीने में फिर से शुरू कर दी जाएगी।

यह भी कहा कि आप, सरकार बनने के छह महीने के भीतर आदिवासियों को जमीन का मालिकाना हक दिलवाएगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने सोमवार को वालपोई, पोरीएम और संखालिम विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। गोवा के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता प्रमोद सावंत संखालिम सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। सरकार बनने पर खनन उद्योग बहाल होगा और इस पर निर्भर लोगों के लिए रोजगार को प्राथमिकता देने को आप सरकार विशेष कानून लाएगी। गोवा में फरवरी में होने वाले चुनाव में आदिवासियों को जमीन के अधिकार और खनन उद्योग दो बड़े मुद्दे बनकर उभरेंगे। आप ने खनन उद्योग बहाल होने से पहले इस पर निर्भर हर परिवार को पांच हजार रुपये मासिक भत्ता देने की घोषणा की है। संखालिम निर्वाचन क्षेत्र में खनन पर निर्भर लोगों से बात करते हुए कहा कि मैं यह समझने आया हूं कि हम खनन उद्योग कैसे बहाल कर सकते हैं।







हिन्दुस्तान

# सही जांच की ओर

लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा का पूरा सच सामने लाने की कवायद आगे बढ़ रही है और सुप्रीम कोर्ट सीधे इस मामले पर नजर रखे हुए है। कोर्ट ने सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा दायर एक स्थिति रिपोर्ट पर निराशा व्यक्त की है, जिसमें चार किसानों और एक स्थानीय पत्रकार सहित आठ लोग मारे गए थे। अदालत को लगता है कि जांच उस तरह से नहीं चल रही है, जैसी उसे उम्मीद थी। इसमें कोई शक नहीं कि इस मामले में पुलिस को पूरी सतर्कता और तेजी के साथ कार्रवाई करनी पड़ेगी। अदालत की जो अपेक्षा है, उस पर खरा उतरने के लिए जांच से जुड़े अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायरे में रहते हुए कार्रवाई करते हुए अदालत को आश्वस्त करना पड़ेगा।

आला अधिकारियों को सावधान रहना होगा, क्योंकि अदालत गवाहों की सूची और पूछताछ से संतुष्ट नहीं है। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि वह जांच की निगरानी के लिए उत्तर प्रदेश से बाहर के एक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करेगी। अब मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी, जिसमें पुलिस को बेहतर जवाबों के साथ सामने आना होगा। अदालत ने कहा है कि साक्ष्यों के साथ घालमेल न हो, इसलिए जांच की निगरानी के लिए वह पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करने को इच्छुक है। अदालत ने दो न्यायाधीशों के नाम भी सुझाए हैं। बहरहाल, अब सरकार की ओर से साफ हो गया है कि पत्रकार रमन कश्यप को किसानों ने नहीं मारा था, बल्कि घटना में शामिल वाहन द्वारा कुचले जाने से उनकी मौत हुई थी। पहले हमलावर किसानों पर यह आरोप लग रहा था कि उन्होंने पत्रकार को मारा है। यह बहुत दुखद है कि एक पत्रकार को इस तरह से जान गंवानी पड़ी है। गाड़ी से कुचलने वालों को दंड मिलना ही चाहिए। प्रदर्शन का लोगों को अधिकार है, लेकिन किसी तेज वाहन से ऐसे प्रदर्शन को निशाना बनाने को मंजूरी हम किसी भी पैमाने पर नहीं दे सकते। प्रदर्शनकारी किसानों पर गाड़ी चढ़ाने के लिए जो लोग जिम्मेदार हैं, उन्हें जल्द सजा मिलनी चाहिए। यह काम पुलिस जितनी मुस्तैदी से करेगी, उतना ही अच्छा होगा।

**शीर्ष अदालत ने साफ कर दिया है कि वह जांच की निगरानी के लिए उत्तर प्रदेश के बाहर के एक उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करेगी।**

जनमानस के साथ-साथ कानून-कायदे का भी पूरा ध्यान रहना चाहिए और यहां कानून-कायदे का महत्व ज्यादा है। कानून को सही अर्थों में लागू करके ही इस पूरे मामले का पटाक्षेप किया जा सकता है। किसानों के गुस्से के संदर्भ को समझने की जरूरत है। कोई भी ऐसी कार्रवाई या लीपापोती नहीं होनी चाहिए, जिससे किसानों को भड़कने का नया मौका मिले। इस देश ने किसान आंदोलन के अलग-अलग अनेक स्याह रूप देख लिए हैं, अब कतई कोई बुरा स्वरूप लोगों को मंजूर नहीं होगा। किसानों को भी कानून-व्यवस्था के साथ-साथ व्यापक समाज के हित में सोचना चाहिए। आंदोलन अपनी जगह है, लेकिन देश के माहौल को खराब करने के लिए कोई गलती नहीं करनी चाहिए। अच्छी बात है कि पुलिस ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत कुछ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर रखा है। यह अपने आप में बड़ी कार्रवाई है, लेकिन आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से जांच करते हुए न्याय की ओर बढ़ना चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो समग्रता में किसान आंदोलन के समाधान को भी बल मिलेगा और न्याय की छवि भी उत्तरोत्तर चमकदार होगी।

## विदेशी अखबार से

# कृपया आरोप-प्रत्यारोप नहीं

तहरीक-ए-लब्बैक (टीएलपी) की स्थिति देखने के बाद कानून-व्यवस्था की समीक्षा के साथ-साथ यह देखने की आवश्यकता है कि आखिर कहां हमसे चूक हुई? इस बात की कतई जरूरत नहीं कि सरकारी इदारे एक-दूसरे पर दोषारोपण करें। यह उल्टा असर डालने वाला कदम है। इस मामले में ऐसा लगता है कि हुकूमत पूरी तरह पुलिस के ऊपर दोष मढ़ना चाहती है। एक व्यापक फेरबदल के तहत उसने सूबाई राजधानी के समूचे पुलिस नेतृत्व का तबादला करते हुए बताया कि टीएलपी रैली के विरुद्ध उसकी बेजा कार्रवाई के कारण यह स्थिति बनी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अपने पुराने इतिहास के अनुरूप इस संगठन ने देश भर के शहरों में हिंसक प्रदर्शन किया और राजधानी को बंधक बनाने की धमकी दी, मगर उससे सही तरीके से निपटा नहीं गया। यह पहली बार नहीं है कि टीएलपी ने इस तरह का बर्ताव किया और हुकूमत गतिरोध को लंबा खिंचने से रोकने व हिंसा को थामने में नाकाम रही। हालांकि, उसे टीएलपी को शांत करने में अंततः सफलता मिल गई है। निश्चित रूप से यह एक संकट था, लेकिन इसके लिए पुलिस को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है, जबकि इसकी वजह से सबसे अधिक नुकसान उसी का हुआ है? टीएलपी का जैसा प्रभाव है, वह हजारों प्रदर्शनकारियों को जुटाने में समर्थ है। जाहिर है, यह स्थिति पुलिस के सीमाक्षेत्र के बाहर की है। मुद्दों की नजाकत को समझते हुए जब सियासी जमातें और हुकूमत इस डर से कोई कठोर कदम उठाने से हिचक रही हैं कि ऐसे में हालात कहीं ज्यादा बिगड़ सकते हैं, तब पुलिस से यह अपेक्षा अनुचित है कि वह कोई रास्ता निकाले, जबकि यह एक गंभीर सियासी संकट बन चुका है। पुलिस वालों ने उस स्थिति में जो कुछ बेहतर हो सकता था, उन्होंने किया। उन्हें कहा गया कि वे प्रतिबंधित क्षेत्र की हजारों की तादाद में घेराबंदी करें और नेतृत्व द्वारा उन्हें बल-प्रयोग और किसी स्पष्ट आदेश से वंचित भी रखा गया। इस हिंसा में कम से कम छह पुलिस वाले शहीद हो गए। ऐसे में, पुलिस नेतृत्व को बदलने का कदम एक पुराना दस्तूर है। यह कदम कानून लागू करने वाले हमारे इदारे को और कमजोर करेगा।

**द नेशन,** पाकिस्तान

## 81 साल पहले

हिन्दुस्तान Hindustan

# अन्तर्राष्ट्रीय कानून की हत्या

सोफिया, २८ अक्तूबर। रूमानिया की सरकार ने यह आज्ञा प्रचारित की है कि रूमानिया के प्रादेशिक समुद्र में मौजूद सभी ब्रिटिश जहाजों पर रूमानिया की सरकार ने कब्जा कर लिया है। यह आज्ञा नाजियों की प्रेरणा से दी गई है। आज्ञा में कहा गया है कि कोई भी विदेशी जहाज तब तक रूमानियन बन्दरगाहों से रवाना नहीं हो सकेगा जब तक कि वह रूमानिया के जहाजी मन्त्रिमण्डल से अनुमति नहीं ले लेता। यह अनुमति अक्तूबर के अन्त तक ले लेनी चाहिए और तत्सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पर रूमानिया सरकार निश्चित करेगी कि वह उन जहाजों को व्यापार करने दे या उन पर कब्जा कर ले। इस आज्ञा के फलस्वरूप ब्रिटेन के उन १४ अनाज ढोने वाले जहाजों और २ तेल ढोने वाले जहाजों पर रूमानिया की सरकार ने कब्जा कर लिया है जिनको कि रूमानियन अधिकारियों ने पिछले कुछ महीनों से ब्रेला और सुलेना में रोक रक्खे थे। इस आज्ञा का असर उन ६५ जहाजों पर भी पड़ेगा जो कि ब्रिटिश झंडे के नीचे काम कर रहे थे परन्तु जिन्हें रूमानिया की सरकार ने सैनिक कार्यवाही के लिए काम में ला रक्खा है। अब तक तो इनका उपयोग केवल रूमानिया ने ही किया था परन्तु भविष्य में यह जर्मन नियन्त्रण में भी आ जायेंगे।

29 अक्तूबर, 1940 को प्रकाशित

# त्योहारों पर गांव-घर जाने का जुनून

**आप हर साल होने वाली उन यात्राओं के बारे में क्या कहेंगे, जब लाखों लोग चेन्नई व बेंगलुरु जैसी कर्मभूमि को छोड़ अपनी माटी की ओर लौटते हैं।**

## दक्षिण एक्सप्रेस



एस श्रीनिवासन
वरिष्ठ पत्रकार

सन 2020 की शुरुआत में केंद्र सरकार द्वारा अचानक देशव्यापी लॉकडाउन के फैसले के बाद हमने लाखों बेरोजगार श्रमिकों की घर वापसी का दुखद तमाशा देखा था। परिवहन की सुविधा न मिल पाने के कारण मजदूर पैदल ही अपने गांव लौटने को मजबूर हुए थे। अचानक रोजगार छिन जाने की वजह से उनके पास कोई विकल्प भी नहीं बचा था। यह पलायन कोरोना महामारी की देन था। अप्रत्याशित हालात और सरकार द्वारा लिए गए गलत फैसलों के कारण ऐसा हुआ था, जिस पर दुनिया भर में व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी।

मगर आप हर साल होने वाली उस घर वापसी के बारे में क्या कहेंगे, जब दीपावली से कुछ दिन पहले लाखों लोग चेन्नई और बेंगलुरु जैसी अपनी कर्मभूमि को छोड़कर अपनी माटी की ओर लौटते हैं। अस्थाई ही सही, लेकिन यह पलायन भी शोचनीय है। और, त्योहार जैसे ही खत्म होते हैं, ये तमाम लोग अपने-अपने काम पर वापस आ जाते हैं।



चित्रांकन : यशवंत नामदेव

तमिलनाडु सरकार ने त्योहारी भीड़ से निपटने के लिए 12 लाख अतिरिक्त बसें बेड़े में लगाईं और कई विशेष ट्रेनों की शुरुआत की है। साधन-संपन्न लोग निजी गाड़ियों से ही गांव की ओर विदा हुए, तो शहर के नजदीक रहने वाले दोपहिये से। राज्य सरकार ने दीपावली के अगले दिन शुक्रवार और शनिवार को छुट्टियां घोषित कर दीं, जिस कारण लोगों को जश्न मनाने के लिए चार दिन का समय मिल गया। कहते हैं न, जहां दिल रमे, वही घर है, और इसीलिए शहरवासियों का दिल उन नई जगहों पर भी रम जाता है, जो उन्हें रोजगार व शिक्षा देते हैं और नए सामाजिक संबंध बनाने में मदद करते हैं। मगर तमिलनाडु की बात थोड़ी अलग है। यहां के मूल बाशिंदे अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को सींचने के लिए परिवारों के बीच लौटना पसंद करते हैं। यहां एक परंपरा है। लोग अपने कुल देवता की पूजा करते हैं, और तमाम गांववाले मिलकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। शहरवासी इन आयोजनों में इसलिए शिरकत करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद मिलती है।

शहर से दूर रहने के कई फायदे और सुख भी हैं। अंधाधुंध दौड़ से आप बच जाते हैं, अपने दादा-दादी, माता-पिता का प्यार पाते हैं, एक बेहतर भावनात्मक रिश्ता बनाते हैं, सादा-सरल जीवन जीते हैं, पौष्टिक खाना खाते हैं, अधिकाधिक आध्यात्मिक व पारंपरिक माहौल पाते हैं, और खराब कनेक्टिविटी के कारण डिजिटल दुनिया की जहरीली आबोहवा से दूर रहते हैं।

तमिलनाडु में परंपराओं का पालन पूरे जोश-ओ-खरोश से किया जाता है और इसमें कतई मलिनता नहीं दिखाई जाती। यहां की फिल्मों में भी यह स्पष्ट दिखता है। नायक-नायिकाओं के लिए पारंपरिक पोशाक पहनना और स्थानीय संस्कृति का जश्न मनाना यहां आम है। इसी तरह, कॉलेजों में भी पारंपरिक धोती और साड़ी में छात्र-छात्राओं को आसानी से देखा जा सकता है। युवतियां अपने बालों में फूल सजाती हैं और पुरुष माथे पर विभूति या सिंदूर लगाते हैं। दीपावली के अलावा सूर्य देवता को समर्पित फसलोत्सव पोंगल ही है, जिसे यहां काफी हर्ष-उल्लास के साथ मनाया जाता है।

तमिलनाडु बेशक भारत के शहरीकृत सूबों में एक है, लेकिन यहां गांव और शहर में खाई गहरी नहीं है। यहां संचार और डिजिटल प्रौद्योगिकी के हमले, सोशल मीडिया का प्रचार और ऑनलाइन खुदरा कारोबार राज्य के कोने-कोने में व्याप्त हैं, फिर भी खान-पान, भाषा और वेश-भूषा के रूप में हर इलाके की अपनी-अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं महकती रहती हैं।

ऐसे में, घर वापसी और मौसमी प्रवासन कई तरह से राज्य के चरित्र को भी परिभाषित करते हैं। पिछले सात दशकों से सूबाई सियासत पर हावी सुधारवादी आंदोलन और द्रविड़ संस्कृति ने सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत किया है, लेकिन वे लोगों को उनकी धार्मिक परंपराओं और प्रथाओं से दूर नहीं कर सके हैं। लोगों ने धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को अपनाया है, लेकिन अपनी निजी धार्मिक मान्यताओं को छोड़ा नहीं है। दोनों का बराबर अस्तित्व बना हुआ है, क्योंकि यहां के लोग काफी ज्यादा धार्मिक हैं। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि द्रविड़ आंदोलन के अलावा तमिलनाडु में शैववाद की भी जड़ें काफी गहरी रही हैं। नास्तिकता की वकालत करने वाले पेरियार के बरअक्स यहां कुंद्राकडी आदिगल जैसे शैव हिंदूवादी भी हुए हैं। आदिगल ईश्वर में विश्वास रखते थे, लेकिन वह और पेरियार, दोनों ने साथ मिलकर काम किया और दोनों ने जातिवाद के उन्मूलन को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई।

धर्म के अलावा, लोकप्रिय संस्कृति और स्थानीय शब्दावलियों में प्रकृति व पर्यावरण को भी सांस्कृतिक परंपरा के रूप में देखा जाता है। वनों की कटाई, घटती जैव विविधता, खेती व पशुपालन सहित कृषि पद्धतियों के वन्य जीवन के करीब जाने से वन्य जीवों से होने वाली बीमारियों जैसे मसलों ने लोगों के बीच नई जागरूकता पैदा की है। ग्रामीण इलाकों के विकास के महत्व पर साहित्य और टेलीविजन शो में भी जोर दिया गया है। इन्हीं वजहों से महामारी के कारण नौकरियों और व्यापार पर आए संकट ने कई लोगों को गांवों की ओर लौटने को मजबूर किया। ज्यादातर कुशल कामगार, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मी, जिन्होंने वर्क फ्रॉम होम के कारण सुदूर इलाकों से भी काम करना सीख लिया है, अब पैतृक गांवों में रहने लगे हैं। शहरों में भीड़ के संपर्क से बचने के लिए जो कवायद शुरू हुई थी, वह अब कुछ लोगों के लिए आदत बन गई है, और कुछ के लिए जुनून की वजह। कई लोग अब इसी व्यवस्था के हिमायती बन गए हैं।

यहां तक कि राजनीतिक दल भी, जो या तो जाति-आधारित सियासत करते हैं या जातीय शुद्धता और उप-राष्ट्रवाद को बढ़ावा देते हैं, पर्यावरण संबंधी मसलों को महत्व देने लगे हैं, क्योंकि ये मुद्दे अब युवा आबादी को प्रभावित करते हैं। हालांकि, यहां सब कुछ धवल नहीं है। राज्य की अपनी समस्याएं भी हैं। जाति विभाजन हमेशा की तरह ज्यादा है। वर्षों की शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक सुधारों ने इन दुष्प्रवृत्तियों को रोके जरूर रखा है, लेकिन इनको मिटाने में सफलता नहीं मिल सकी है। मजबूत क्षत्रपों की कमी और सूबाई सियासत में दक्षिणपंथ की दस्तक से कई प्रवृत्तियों की काया बदल सकती है, लेकिन हाल-फिलहाल में यह होगा, ऐसा लगता नहीं है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## नश्तर

# खराब हवा में मजे से सांस लेते हठयोगी

**विद्वान चाहते हैं कि इस धरती का तापक्रम जरा दो डिग्री घट जाए, तो बाइ गॉड लाइफ बन जाए।**

दीपावली आतिशबाजी के साथ सकुशल व्यतीत हो गई। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पूरी दुनिया के साथ-साथ हमारा मुल्क भी बेचैन है। विद्वान चाहते हैं कि इस धरती का तापक्रम जरा दो डिग्री घट जाए, तो बाइ गॉड लाइफ बन जाए। पता लगा, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर के चलते सांस लेना मुहाल हो चला है। इसके बरअक्स गंदगी से बजबजाते छोटे शहरों में डेंगू के बढ़ते खतरों के बीच हठयोगी टाइप नागरिक मजे से सांस ले पा रहे हैं। यह कुछ कम बड़ी बात है क्या!

अमावस्या की रात राजधानी के कई इलाकों के साथ ही यूपी के कुछ जनपदों में वाणु गुणवत्ता सूचकांक, यानी एक्यूआई 999 दर्ज किया गया। कहते हैं, दिवाली की सुबह भी एक्यूआई का स्तर उतना ही बना रहा। तब किसी ने भारी अविश्वास के साथ कहा- क्यों जी, यह एक्यूआई क्या बला है? यह प्रदूषण का हिसाब-किताब है या किसी शातिर दुकानदार द्वारा तय की गई चप्पल या कुर्ती की कीमत? कहते हैं, 999 का टोटका प्रथम दृष्टया कुछ-कुछ ऐसा ही है, जैसे तस्वीर में घड़ी को सदा 10 बजकर 10 मिनट पर टिका देना। तमाम शंकालुओं का मानना है कि यह एक्यूआई भी संभवतः कोई राजनीतिक साजिश है। अधिकांश लोगों के लिए अभी तक यह रहस्य अबूझा है कि हवा में प्रदूषण का स्तर मापने के लिए जो यंत्र उपलब्ध हैं, उसमें दरअसल चार अंकों का आंकड़ा होता ही नहीं।

दिल्ली-एनसीआर की हवा अच्छी-खासी खराब है, तो समझ लें कि यह एक रोचक खबर है, ब्रेकिंग न्यूज नहीं, क्योंकि अभी तक कोई राजनीतिक विश्लेषक यह नहीं बता पाया कि प्रदूषण से जो हवा खराब होती है, उसके कारण वोटिंग का गणित किस हद तक गड़बड़ाता है। राजधानी की हवा चाहे जितनी खराब हो, उसकी वजह से शायद कोई उलटफेर नहीं होने वाला।

दिलचस्प बात यह कि इस सांसारिक वायु की क्वालिटी का चुनावी हवा से रत्ती भर भी लेना-देना नहीं।

**निर्मल गुप्त**

## साइबर संसार

# दिमाग भी खाली कीजिए

कबाड़ घर में हो या दिमाग में, उसकी नियमित सफाई जरूरी है। ज्यादा कबाड़ आदमी को कबाड़ बना देता है। इसलिए इसकी सफाई के लिए किसी तीज-त्योहार या मुहूर्त की जरूरत नहीं होनी चाहिए। सरकार भी सफाई अभियान की ओर अग्रसर है, यह बात और है कि कचरे की सिर्फ जगह बदल दी जाती है। डस्टबिन से निकलकर वे दिमाग में पहुंच जाते हैं।

कबाड़ की सफाई करते हुए कभी-कभी मूल्यवान चीजें भी बरामद हो जाती हैं, जैसे कोई पुराना खत या यादगार कलम या कुछ मुरझाए हुए फूल, जो बेख्याली में कबाड़ तक पहुंच जाते हैं। कबाड़ हमारे घर और दिमाग में जगह घेरने का काम करते हैं, ताकि नई चीजों को 'स्पेस' न मिल सके। कुछ कबाड़प्रेमी पुरानी चीजों की मरम्मत में यूं मुब्तिला होते हैं कि उन्हें नई चीजों की आहट ही नहीं मिलती। नई चीजों के लिए वह अपना दरवाजा बंद रखते हैं। ऐसे लोगों को मध्यकाल के सम्मानित नागरिक का दर्जा दिया जाता है। कभी-कभी उन्हें धर्मसभाओं में अपनी पुरानी छड़ी के सहारे आते-जाते देखा जा सकता है।

**कबाड़ हमारे घर और दिमाग में जगह घेरने का काम करते हैं, ताकि नई चीजों को 'स्पेस' न मिल सके।**

मैं ऐसे अनेक कबाड़प्रेमियों को जानता हूं, जिनके दिमाग में भूसा भरा है, वे पशुओं की तरह पुराने वक्त की जुगाली करते रहते हैं। ऐसे लोग अपने कबाड़ बेचते नहीं, बल्कि जगह-जगह उसकी नुमाइश लगाते रहते हैं।

**स्वप्निल श्रीवास्तव** की फेसबुक वॉल से

## मनसा वाचा कर्मणा

# साधो जग बौराना

कबीरदास ने जब कहा होगा, *केहि समुझावौ सब जग अंधा*, तब इसमें उन्होंने मानव समाज की ही चिंता की होगी। आदमी के पास सबसे खतरनाक पूंजी उसकी बुद्धि होती है। यह बुद्धि दोधारी तलवार की तरह होती है। अगर थोड़ी सी चूक हो जाए, तो आदमी अपना भी नुकसान कर सकता है। कोई तो बात है, जो दिनकर ने कहा- 'आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।'

बुद्धि की तेज आंधी में आदमी असहाय होकर उड़ता नजर आता है। इस मानव समाज में इसलिए मिलते-जुलते और विरुद्ध विचारों वाले लोग एक साथ रहते हैं। गौर से देखें, तो संसार में जितनी आदमियों की भीड़-भाड़ दिखाई देती है, उतनी ही उसके विचारों, सपनों और कल्पनाओं की भी भीड़ साथ-साथ चलती है। लोगों के पास जो है, जितना है, उतने से वे कभी तृप्त नहीं होते। अतृप्ति और असंतोष हर समय संसार को चलायमान रखते हैं। हम कुछ और होना चाहते हैं, पर क्या होना चाहते हैं, इसका सीधा-सपाट उत्तर हमारे पास नहीं होता। मूलतः हम जो हैं, उतने तक सीमित नहीं रहना चाहते। हर आदमी अपने को फैलाना चाहता है। जो सीमित है, वह असीमित होना चाहता है। एक दुकान पर बुजुर्ग सेठ अपने युवा पुत्र को समझा रहे थे कि धन कमाना है, तो चौबीसों घंटे धन के बारे में ही सोचा करो। हर पल, हर मिनट पैसों की सोचो, तो धन बरसेंगे। इसलिए तो अर्थ को भी पुरुषार्थ कहा गया है।

हमारा स्वविवेक कहीं ओट में चला गया है। आज का आदमी एक भीड़ का रूप लेता जा रहा है। और वह आत्मशक्ति का साक्षात्कार नहीं कर पा रहा, जबकि यही आत्मशक्ति हमारे उद्धार की कुंजी है।

**महेंद्र मधुकर**

## नजरिया

# मरीजों के दरवाजे तक इलाज पहुंचाने की कोशिश

**इस गंभीर बीमारी के इलाज की दिशा में नेशनल कैंसर ग्रिड से नई उम्मीदें जगी हैं।**



निरंकार सिंह
पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से मुकाबले की पुख्ता व्यवस्था आज के समय की बड़ी मांग है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) में शामिल देश के गरीब कैंसर मरीजों को अब घर बैठे विश्वस्तरीय डॉक्टरों से सलाह मिलेगी। इसके लिए एक नेशनल कैंसर ग्रिड बनाया गया है। इस ग्रिड में देश के 170 कैंसर अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों के डॉक्टरों ने विशेष तौर पर भारत के कैंसर मरीजों के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं।

पीएमजेएवाई का संचालन करने वाली संस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) कैंसर के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल अस्पताल की ओर से विकसित नव्या एप की सेवाएं लेने की तैयारी में है। इससे एक बार डॉक्टर को दिखा लेने के बाद मरीज को बार-बार डॉक्टर के पास नहीं जाना पड़ेगा। एप में मरीज का डाटा डालकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श हासिल किया जा सकेगा। एनएचए के आला अधिकारी ने बताया कि नव्या की सेवाएं लेने के लिए बातचीत अंतिम चरण में है। इसकी कीमतों को लेकर बातचीत चल रही है। इसकी सेवाएं शुरू होने के बाद मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर नहीं काटने होंगे। मरीज मोबाइल एप में अपना डाटा डालेगा और एप उस डाटा के आधार पर उचित परामर्श देगा।

नव्या के संस्थापक और चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नरेश रामाराजन का मानना है कि कैंसर से अर्थव्यवस्था पर दो तरह से प्रभाव पड़ता है। एक तो मरीज के परिवार पर और दूसरा भारत के स्वास्थ्य बजट पर। इस प्रभाव को कम करने के लिए नेशनल कैंसर ग्रिड (एनसीजी) बनाया गया है। एनसीजी देशभर के सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों का समूह है, जिसने नव्या का गठन किया है, और जो मरीजों व उनके तिमारदारों के दरवाजों तक विशेषज्ञों की राय और इलाज के तौर-तरीकों को पहुंचाने में मदद कर रहा है। डॉक्टर नरेश रामाराजन के अनुसार, कई अध्ययन जानकारी देते हैं कि अगर परिवार का एक सदस्य भी पीड़ित हो जाता है, तो उसके इलाज के लिए 40-50 फीसदी लोग कर्ज लेते या घर बेच देते हैं। साथ ही, *लांसेट* में आई रिपोर्ट के अनुसार, करीब तीन से पांच फीसदी लोग इलाज की वजह से गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। हालांकि, डॉक्टरों को उम्मीद है कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सूची में कैंसर की बीमारी को जोड़े जाने से लोगों को मदद मिलेगी। सरकार की तरफ से आयुष्मान योजना 2018 में शुरू हुई थी, जिसमें बीमारियों के इलाज के लिए लाभार्थी को पांच लाख रुपये तक की सहायता राशि देने का प्रावधान है।

अगर आपको किसी प्रकार का कैंसर है, तो आपको कुछ टेस्ट करवाने होंगे। साथ ही, पिछले तीन-चार वर्षों में कैंसर रिस्पॉन्स सिस्टम बनाया गया है, जिसमें मरीज और डॉक्टर जहां भी हैं, उनको कैंसर के बारे में पूरी जानकारी देकर इलाज किया जा सकेगा और किसी बड़े शहर या अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस ग्रिड से आयुष्मान योजना को भी जोड़ दिया गया है। ऐसे में, जो मरीज इलाज के लिए आएगा, वह योजना के जरिये आर्थिक मदद का लाभ भी ले पाएगा।'

फिलहाल गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए नव्या की सेवाएं मुफ्त हैं। अन्य मरीजों के लिए 1,500 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक का शुल्क लिया जाता है। सरकार की ऐसी योजनाओं का अभी बहुत प्रचार-प्रसार नहीं हुआ है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि गरीबों को कैंसर से राहत मिल सके।

**जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि गरीबों को कैंसर से राहत मिल सके।**

आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अगले पांच वर्ष में कैंसर पीड़ितों की संख्या में 12 फीसदी की बढ़त होगी। साल 2025 तक भारत में मरीजों की संख्या 15.69 लाख के पार निकल जाएगी। तंबाकू इसका सबसे बड़ा कारण बनकर उभरा है। भारत में आइजोल ऐसे जिले के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां पर कैंसर के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कैंसर से बचने के लिए तंबाकू का इस्तेमाल बिल्कुल बंद करना चाहिए। पिछले साल चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार जिन तीन वैज्ञानिकों को देने की घोषणा की गई है, उनकी खोज से भी अब कैंसर, एनीमिया और कोशिकाओं से जुड़ी हुई कई अन्य बीमारियों के इलाज का रास्ता खुलेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मेल बॉक्स

### एक सूर्य, एक ग्रिड

जब ग्लासगो में कॉप-26 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सौर ऊर्जा को विश्वव्यापी ग्रिड (एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड) बनाए जाने की वकालत कर रहे थे, तब भारत के एक बड़े इलाके में प्रदूषण अपना कहर बरपा रहा था। अपने यहां हर साल प्रदूषण का स्तर अक्तूबर-नवंबर माह से बढ़ना शुरू होता है और जनवरी-फरवरी तक बना रहता है। यह प्रदूषण बीमारियां भी बढ़ाता है और मानव की उम्र भी कम करता है। इसकी एक प्रमुख वजह दशहरा से नए वर्ष के आगमन तक होने वाली आतिशबाजी है। इसके अलावा, खेतों में पराली जलाना, शहरों का अनियोजित विकास, वाहनों की बढ़ती संख्या, फैक्टरियों से कार्बन उत्सर्जन जैसे कारक भी बराबर के जिम्मेदार माने जाते हैं। ऐसे में, हमें प्रदूषण कम करने को लेकर विशेष गंभीरता दिखानी ही होगी। अब प्रदूषण को हल्के में लेना हमारी बड़ी भूल साबित होगी।

**सत्य प्रकाश,** लखीमपुर खीरी
satyaprakashshikshak@gmail.com

### ताकि न टूटे वादा

चर्चित अभिनेता सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर एक अच्छा सुझाव दिया है। उनका कहना है कि नेता शपथ लेते वक्त इसकी भी गारंटी दें कि तय समय पर घोषणा-पत्र के वादे पूरे नहीं होंगे, तो वे कुरसी छोड़ देंगे। चूंकि अब कई राज्यों में विधानसभा के अहम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, सोनू सूद के सुझाव पर अमल आवश्यक है। हालांकि, ऐसा लगता नहीं कि नेतागण इसे मानेंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि राजनीति सिर्फ कहने के लिए जनता की सेवा है। असल में, यह धन और शक्ति को अपनी मुट्ठी में करने का जरिया है। अगर हर नेता लिखित गारंटी देने लगे, तो राजनीति असल मायने में सेवा-कर्म हो जाएगी। फिर, कोई टिकट पाने के लिए तिकड़म भी नहीं लगाएगा, क्योंकि राजनीति में आकर उसे जनता की सेवा करने का अपना वादा पूरा करना होगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर
jbsingh.bbc@gmail.com

### प्रदूषण पर हो नियंत्रण

बढ़ते प्रदूषण पर सोपान जोशी का लेख 'खुशी पर छा रहा है जो धुआं' पढ़ा। वाकई, पटाखे और कल-कारखानों से निकलने वाले धुएं, कोयला-पेट्रोल व पराली जलाने से फैलने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सजगता दिखाने की जरूरत है। एक तरफ आधुनिकीकरण है, तो दूसरी तरफ उससे होने वाले नुकसान की चिंता। बीच का रास्ता खोजना काफी जरूरी है। हम औद्योगिक विकास नहीं रोक सकते और न ही आवागमन के साधनों को बहुत नियंत्रित कर सकते हैं, इसलिए प्रदूषण से बचने के उपायों पर हमें विचार करना होगा। इसके लिए तमाम वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और राजनेताओं को मिल-बैठकर मशविरा करना चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर, म.प्र.

### शराबबंदी पर सवाल

बिहार में जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की मौत जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। बिहार सरकार ने 2016 में शराबबंदी लागू करने का साहसिक निर्णय लेकर जो सम्मान अर्जित किया था, उस पर इन मौतों के बाद कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शराबबंदी का अर्थ शराब की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध होना है, तो फिर प्रदेश में जहरीली शराब आई कहां से? और, अगर प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में शराब बनाई जा रही है, तो पुलिस ने उन ठेकों को बंद करवाने की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाई? दुखद यह भी है कि इस घटना पर कठोर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देने के बजाय बिहार सरकार की प्रतिक्रिया यह थी कि गड़बड़ चीज पीने पर यह सब होगा ही। इससे सरकार की संवेदनहीनता जाहिर होती है। बेशक शराब पीने वालों की गलती है, लेकिन जहरीली शराब बनाने व बेचने वाले भी बराबर के जिम्मेदार हैं। प्रतिबंध के बावजूद यदि शराब बेची और खरीदी जा रही है, तो स्थानीय प्रशासन भी कुसूरवार है। उसे अपनी जिम्मेदारी सही से निभानी चाहिए।

**विभा गुप्ता,** बेंगलुरु
vibhagupta1nov@gmail.com

साधारण डाक से पत्र भेजने के अलावा आप ईमेल से भी अपनी राय भेज सकते हैं। ईमेल से 'आपकी राय' भेजने के लिए हमारा पता है- **mailbox@livehindustan.com**

'ब्रह्मेशानाच्युतेशाय सूर्यायादित्यवर्चसे। भास्वते सर्वभक्षाय रौद्राय वपुषे नमः॥' अर्थात् हे सूर्यदेव! आप ब्रह्मा, विष्णु और महेश के ईश हैं। सौर मंडल आपसे ही प्रकाशित है। सर्वभक्षी, रौद्र रूप धारण करने वाली अग्नि आपका ही रूप है और आपके उग्र रूप को नमन है। -आदित्य हृदय स्तोत्र



# अध्यात्म का विस्तार है विज्ञान

**विज्ञान और अध्यात्म आपस में शत्रु नहीं हैं। विज्ञान किसी चीज के बारे में जिज्ञासा जगाता है- यह क्या है? अध्यात्म जिज्ञासा पैदा करता है- मैं कौन हूं? दोनों में कोई संघर्ष नहीं है। अध्यात्म यह समझ देता है कि हम केवल शरीर नहीं हैं, चेतना हैं। वास्तव में, आध्यात्मिकता सारे पूर्वग्रहों से मुक्त कराती है।**



दर्शन



श्री श्री रविशंकर

अध्यात्म और विज्ञान, पानी और दूध की तरह हैं। वे आपस में अच्छी तरह घुल-मिल जाते हैं। वे पानी और तेल की तरह नहीं हैं, जो आपस में मिलते ही नहीं। भारत में हम सदा से विज्ञान को अध्यात्म का और अध्यात्म को विज्ञान का विस्तार मानते रहे हैं।

वास्तव में भारत में आध्यात्मिकता की शुरुआत तत्त्व बोध से होती है। कुल छत्तीस तत्त्वों से सारा ब्रह्माण्ड बना है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश से तत्त्वों की गणना का आरम्भ होता है, इन्हीं में मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार आते हैं। चेतना को भी एक तत्त्व के रूप में गिना जाता है। 36वां तत्त्व शिव तत्त्व है। ब्रह्मांड की व्यक्तिपरक और वस्तुनिष्ठ समझ तंत्र शास्त्र, आगम व वेदों में सिखाई गई है। विज्ञान में भी विषयपरक और वस्तुनिष्ठ विश्लेषण महत्त्वपूर्ण हैं। यदि आप इसका अध्ययन करते हैं तो क्वांटम यांत्रिकी वेदांत के बहुत करीब है।

पश्चिम में विज्ञान और अध्यात्म के बीच संघर्ष रहा है। जहां कई वैज्ञानिकों को प्रताड़ित किया गया था। लेकिन पूर्व में ऐसा कभी नहीं हुआ। यहां की प्राचीन परम्पराओं में नास्तिक धर्म को भी स्वीकार किया जाता रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि दोनों के मापदंड अलग हैं। पाश्चात्य जगत में कहते हैं- पहले तुम विश्वास करो और एक दिन तुम जान जाओगे। लेकिन प्राच्य में कहते हैं- पहले अनुभव करो, फिर आप विश्वास करने लगोगे। विज्ञान का भी यही मापदंड है। इसलिए शायद विज्ञान और प्राच्य अध्यात्म के बीच कभी टकराव नहीं हुआ।

प्राच्य आध्यात्मिकता जांच की भावना को बल देती है। सच्चाई को जानना है, तो प्रश्न पूछें। वास्तव में पूर्व में जितने भी शास्त्र हैं, गीता सहित, वे प्रश्नों से शुरू होते हैं। पूछताछ की भावना को प्रोत्साहित किया जाता है। वे कहते हैं, कोई जहां स्थित हो, वहां से चलना आरम्भ करे। आप जो जानते हैं, उसके द्वारा उस पर जाएं, जो आप नहीं जानते हैं। आप शरीर को जानते हैं। इसे अन्नमयकोश कहते हैं। इसके बाद आप श्वास के बारे में सीखते हैं। हमारी श्वासों के पास हमें देने के लिए बहुत कुछ है। आपको ईश्वर में विश्वास करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन अपनी सांसों के बारे में जानें। साथ ही, मन के बारे में जानें, विचार युक्त मन से थोड़ा परे सहज मन है, जिसे विज्ञानमय कोश कहते हैं। फिर उस मन के बारे में जानें, जिसमें कोई विचार नहीं है, वह आनंदमयकोश है।

जब आप पूरी तरह से आनंदित महसूस करते हैं, तो क्या हो रहा होता है? -आपकी व्यक्तिगत सीमाओं ने सार्वभौमिक ऊर्जा को रास्ता दिया है। यही कारण है कि जहां कहीं भी हम प्रसन्नता का अनुभव करते हैं- यदि आपने ध्यान दिया है- तो विस्तार की भावना होती है। और जब आप दुखी होते हैं तो आपको लगता है कि कोई चीज आपको सिकोड़ रही है। यह हर किसी का सामान्य अनुभव होता है। आप में ऐसा क्या है, जो विस्तार और संकुचन कर रहा है? वह आत्मा है। प्राचीन ऋषियों में से एक ने कहा- 'प्रसारस्तु विज्ञान'। जो आपके भीतर फैलता है, वह जानने योग्य है। वह चैतन्य या चेतना है। यह जाग्रत अवस्था, स्वप्न अवस्था और गहन निद्रा से भिन्न है।

सौभाग्य से, आज विज्ञान ने अध्यात्म के क्षेत्र में प्रयोगों से हाथ मिलाया है। आपके मस्तिष्क की तरंगें कैसी हैं, आप कितने सुसंगत हैं, आप कितने तनाव मुक्त हैं, आप कितने प्रसन्न हैं? यह सब मशीनों का उपयोग करके मापा जा सकता है। किर्लियन फोटोग्राफी और औरा मशीन से आप अपनी आभा को भी माप सकते हैं। ये उपकरण बहुत स्पष्ट रूप से उन व्यक्तिगत अनुभवों से सह-सम्बंधित हैं, जो लोग हजारों वर्षों से कर रहे हैं।

आज अध्यात्म कोई काल्पनिक विज्ञान नहीं है, यह एक व्यावहारिक विज्ञान है, जो हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। जो आपको एक आनंदित, शांतिपूर्ण, अधिक प्रेमपूर्ण, आत्मविश्वास और करुणा से भरा मन प्रदान करता है, वह आध्यात्मिकता है। सम्पूर्ण ग्रह पर कोई नहीं कह सकता कि मेरा जीवन आध्यात्मिक नहीं है या मैं ऐसा जीवन नहीं चाहता हूं, क्योंकि हम शरीर और आत्मा दोनों से बने हैं। हमारा शरीर कई तरह के भौतिक तत्वों से बना है, लेकिन इस शरीर में जो बुद्धि है, वह इसी आत्मा से बनी है। आत्मा क्या है - शांति, आनंद, चेतना व सभी सद्गुण और यहां तक कि क्रोध जैसे दुर्गुण भी। ये सभी चेतना का ही एक भाग है।

मस्तिष्क बहुत जटिल है और इसका अध्ययन बहुत रोचक है। जब हम मन के पार जाते हैं, तो हमें चेतना के एक बड़े क्षेत्र तक पहुंच प्राप्त होती है। मन के पार जाने का विज्ञान है योग। इसलिए हमारे यहां कहा गया है- 'ज्ञान, विज्ञान विमुक्तये'। यह क्या है- विज्ञान है। मैं कौन हूं- अध्यात्म है। दोनों अनिवार्य हैं। एक सुखी जीवन के लिए, एक विकसित समाज में प्रगतिशील जीवन के लिए। ये बुनियादी और आवश्यक हैं। अध्यात्म इस सत्य का ज्ञान कराता है कि हम एक चेतना के अंश हैं।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

9 नवंबर से 15 नवंबर 2021 तक

**9 नवंबर (मंगलवार):** कार्तिक शुक्ल पंचमी प्रातः 10 बज कर 36 मिनट तक उपरांत षष्ठी। सूर्य षष्ठी व्रत का द्वितीय संयम (खरना)।
**10 नवंबर (बुधवार):** कार्तिक शुक्ल षष्ठी प्रातः 8.26 बजे तक उपरांत सप्तमी अगले दिन प्रातः 6.50 बजे तक पश्चात् अष्टमी। सूर्य षष्ठी पर्व, सायं काल में प्रथम अर्घ्य। डाला छठ। सप्तमी तिथि का क्षय।
**11 नवंबर (गुरुवार):** कार्तिक शुक्ल अष्टमी प्रातः 5.52 बजे तक उपरांत नवमी। पंचक शुरू रात्रि 2.52 बजे से। छठ व्रत द्वितीय अर्घ्य।
**12 नवंबर (शुक्रवार):** कार्तिक शुक्ल नवमी प्रातः 5.32 बजे तक तदनंतर दशमी। पंचक जारी है। अक्षय नवमी व्रत। आंवला नवमी।
**13 नवंबर (शनिवार):** कार्तिक शुक्ल दशमी प्रातः 5.49 बजे तक तदनंतर एकादशी। पंचक जारी है। ब्रह्म प्राप्ति व्रत।
**14 नवंबर (रविवार):** कार्तिक शुक्ल एकादशी प्रातः 6.40 बजे तक पश्चात द्वादशी। पंचक जारी है। प्रबोधिनी एकादशी व्रत स्मार्तों का। देवोत्थान एकादशी। तुलसी विवाहोत्सव। चातुर्मास्य व्रत समाप्त।
**15 नवंबर (सोमवार):** कार्तिक शुक्ल द्वादशी अहोरात्र (दिन-रात)। पंचक समाप्त। भद्रा (करण) प्रातः 6.40 पर समाप्त। प्रबोधिनी एकादशी व्रत वैष्णवों का।

**पं. वेणीमाधव गोस्वामी**

छठ पूजा पर विशेष

# सब दुखों का नाश करता है छठ व्रत



**भारतीय** संस्कृति में भगवान भास्कर का स्थान अप्रतिम है। समस्त वेद, स्मृति, पुराण, रामायण, महाभारत आदि ग्रंथों में भगवान सूर्य की महिमा का विस्तार से वर्णन है। सभी लोग सूर्य नारायण भगवान का प्रत्यक्ष साक्षात्कार प्रतिदिन करते हैं। बाल्मीकि रामायण के युद्ध कांड सर्ग 101 में आदित्य हृदय स्तोत्र द्वारा इन्हीं भगवान सूर्य की स्तुति की गई है। प्रमुख वैदिक उपासनाओं में सूर्योपासना अत्यंत प्राचीन है। पुराण आदि ग्रंथों में जो चार प्रकार के कालों - मानस काल, त्रिकाल, देव काल और ब्रह्म काल का वर्णन किया गया है, उसके भी आधार सूर्य नारायण भगवान ही हैं।



सूर्य देव को अदिति पुत्र होने के कारण आदित्य की भी संज्ञा दी गई है। भविष्य पुराण का आदित्य हृदय स्तोत्र अत्यधिक प्रचलित स्तोत्र है। इसकी प्रसिद्धि प्राचीन काल में भी इतनी अधिक थी कि महर्षि पराशर ने सूर्य की दशा और अंतर्दशा में शांति के लिए सभी जगह इसी स्तोत्र के जप का निर्देश दिया गया है। भगवान कृष्ण ने इसका उपदेश अर्जुन को दिया था। इसके पाठ से प्राणी दुख, दरिद्रता, कुष्ठ आदि असाध्य रोगों से मुक्त होकर महा सिद्धि को प्राप्त कर लेता है। रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान राम ने भी आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ किया था। यह रेखांकित करने योग्य तथ्य है कि वाल्मीकि रामायण में अगस्त्य मुनि का लिखा हुआ, आदित्य हृदय स्तोत्र भविष्य पुराण के आदित्य हृदय स्तोत्र से भिन्न है।

मार्कण्डेय पुराण में वर्णन है कि देवी अदिति नियम पूर्वक दिन-रात सूर्य देव की स्तुति करती थीं। वह नित्य प्रति निराहार रहती थी। एक दिन सूर्य देव ने प्रसन्न होकर दक्ष कन्या अदिति को आकाश में प्रत्यक्ष दर्शन दिया और कहा- मैं अपने सहस्र अंगों सहित तुम्हारे गर्भ से उत्पन्न होकर तुम्हारे पुत्रों के शत्रुओं का नाश कर दूंगा। इतना कह कर भगवान भास्कर अंतर्ध्यान हो गए।

ब्रह्म पुराण के अनुसार, जो भक्तिपूर्वक सूर्यदेव की प्रदक्षिणा करता है, उसके द्वारा सातों द्वीपों सहित पृथ्वी की परिक्रमा हो जाती है। जो सूर्यदेव को अपने हृदय में धारण करके केवल आकाश की प्रदक्षिणा करता है, उसके द्वारा निश्चय ही संपूर्ण देवताओं की परिक्रमा हो जाती है। जो षष्ठी या सप्तमी को एक समय भोजन करके नियम और व्रत का पालन करते हुए भगवान भास्कर का भक्तिपूर्वक पूजन करता है, उसे अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। वाराह पुराण में वर्णन है कि भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को जब कुष्ठ रोग हो गया था, तब नारद जी ने उसे सूर्योपासना का उपदेश दिया था। साम्ब ने मथुरा जाकर सूर्यनारायण की उपासना की, तब वह ठीक हो गया। एक बार साम्ब को स्वप्न देकर सूर्य देव ने कहा कि मेरे अत्यंत पवित्र और शुभ 21 नामों के स्तोत्र का पाठ करने से सहस्रनाम का पाठ का फल तुम्हें प्राप्त हो जाएगा। जो प्रातः और संध्या इस स्तोत्र का पाठ करेगा, वह सब पापों, रोगों से मुक्त होकर धन-धान्य, आरोग्य संतान आदि से युक्त हो जाएगा।

हजारों संक्रांति, हजारों चंद्रग्रहणों, हजारों गोदानों तथा पुष्कर और कुरुक्षेत्र आदि तीर्थों में स्नान करने से जो फल प्राप्त होता है, वह फल केवल सूर्य के व्रतानुष्ठान के दौरान अर्घ्य प्रदान करने मात्र से प्राप्त हो जाता है। प्रभातकाल में पूर्वाभिमुख होकर, सायंकाल में पश्चिमाभिमुख और रात्रि काल में उत्तराभिमुख होकर 'ऊं खखोल्काय नमः'- इस मूल मंत्र से सूर्य देव की पूजा करने का शास्त्रों में विधान है।

सूर्य नारायण के चार दिनों के व्रतानुष्ठान के दौरान षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी सूर्य और सप्तमी तिथि को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने वाले व्रतियों के लिए एक मंत्र बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। मंत्र है- 'एहि सूर्य! सहस्त्रांसो! तेजो राशे! जगत्पते! अनुकंप्ये मां भक्त्या गृहाणार्घ्य प्रभाकर!'

**ओम प्रकाश सिन्हा**

पौराणिक कथा

# प्रभु श्रीकृष्ण के सबसे बड़े भक्त

**एक** बार अर्जुन को अहंकार हो गया कि वही भगवान के सबसे बड़े भक्त हैं। उनकी इस भावना को भगवान श्रीकृष्ण ने समझ लिया। अर्जुन का अहंकार तोड़ने के लिए एक दिन भगवान उन्हें अपने साथ घुमाने ले गए। भ्रमण करते समय उन दोनों की मुलाकात एक गरीब ब्राह्मण से हुई। उस ब्राह्मण का व्यवहार थोड़ा विचित्र था। वह सूखी घास खा रहा था और उसकी कमर से एक तलवार लटक रही थी। अर्जुन हैरान हो गए। उन्होंने उस ब्राह्मण से पूछा, 'आप तो अहिंसा के पुजारी हैं। जीव हिंसा न हो, इसलिए सूखी घास खाकर अपना गुजारा करते हैं। लेकिन फिर हिंसा का यह साधन तलवार आपके साथ क्यों है?' यह प्रश्न सुन कर ब्राह्मण ने जवाब दिया, 'मैं कुछ लोगों को दंड देना चाहता हूं।'



अर्जुन ने उत्सुक होकर फिर प्रश्न किया, 'हे महामना! आपके शत्रु कौन हैं?' ब्राह्मण ने उत्तर दिया, 'मैं चार लोगों को ढूंढ़ रहा हूं, जिन्होंने मेरे भगवान को परेशान किया है, ताकि उन्हें उनके कर्मों का दंड दे सकूं।' अर्जुन ने फिर पूछा, 'वे चार लोग कौन हैं?' ब्राह्मण ने कहा, 'सबसे पहले तो मुझे नारद की तलाश है। नारद मेरे प्रभु को विश्राम नहीं करने देते, हमेशा भजन-कीर्तन कर उन्हें जगाए रखते हैं। उसके बाद मैं द्रौपदी से भी अत्यंत नाराज हूं। उसने मेरे प्रभु को ठीक उसी समय पुकार लिया, जब वह भोजन करने बैठे थे। उन्हें उसी समय भोजन छोड़कर उठना पड़ा, ताकि पाण्डवों को महर्षि दुर्वासा ऋषि के शाप से बचा सकें। इतना ही नहीं, द्रौपदी ने मेरे आराध्य को जूठा भोजन खिला दिया।'

अर्जुन ने पूछा, 'आपका तीसरा शत्रु कौन है?' ब्राह्मण ने उत्तर दिया, 'वह है हृदयहीन प्रह्लाद। उस धृष्ट के कारण मेरे भगवान को गरम तेल के कड़ाहे में प्रवेश करना पड़ा, हाथी के पैरों तले कुचला जाना पड़ा और अंत में खंभे से प्रकट होने के लिए विवश होना पड़ा। और, मेरा चौथा शत्रु है अर्जुन। उसका दुस्साहस तो देखिए, उसने तो मेरे भगवान को अपना सारथि ही बना डाला। उसे भगवान की असुविधा का थोड़ा भी ध्यान नहीं रहा। इससे कितना कष्ट हुआ होगा मेरे आराध्य भगवान श्रीकृष्ण को।'

यह सब बताते-बताते उस गरीब ब्राह्मण की आंखों से आंसू बहने लगे। उस गरीब ब्राह्मण की ऐसी निस्वार्थ भक्ति देख कर अर्जुन का सारा अहंकार पानी की तरह बह गया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांगते हुए कहा, 'मेरी आंखें खुल गईं प्रभु, इस जगत में न जाने आपके कैसे-कैसे अद्भुत भक्त हैं। मैं तो उनके आगे कुछ भी नहीं हूं।' यह सुन भगवान श्रीकृष्ण मुस्कुराने लगे।

**सुमति मिश्रा**

## आस्था-अनास्था

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

# साढ़े साती से राहत दिलाती है ये एकादशी

**देव उठावनी एकादशी में पूजा किस प्रकार करनी चाहिए?**
मोहन कांडपाल, कौसानी, उत्तराखंड



**कार्तिक** शुक्ल एकादशी, जिसे देव उठावनी, देव प्रबोधिनी और देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है, रविवार 14 नवंबर को है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को जब श्रीहरि जाग जाते हैं, तब पुनः विवाह आदि मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। इस एकादशी के बारे में कहा जाता है कि इसके उपवास से हजार अश्वमेध एवं सौ राजसूय यज्ञ का फल मिलता है।

**ऐसे करें पूजाः** श्रीहरि कभी भी सोते नहीं, लेकिन- *'यथा देहे तथा देवे'* मानने वाले उपासकों को विधि-विधान से उन्हें जगाना चाहिए। श्री हरि को जगाते समय *'उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पते। त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत् सुप्तं भवेदिदम॥ उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव। गता मेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मलादिशः।।'* और फिर- *'शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव।'* इन मंत्रों का उच्चारण करें। कपूर आदि से आरती करें, पुष्पांजलि करें और *'इयं तु द्वादशी देव प्रबोधय विनिर्मिता। त्वयैव सर्वलोकानां हितार्थ शेषशायिना। इदं व्रतं मया देच कृतं प्रीत्यै तव प्रभो। न्यूनं संपूर्णतां यातु त्वत्प्रसादाज्जनार्दन॥'* मंत्र से प्रार्थना करें। जो किसी भी कारणवश यह व्रत नहीं कर सकते, उन्हें कम से कम आज के दिन चावल, मांस, शराब आदि के सेवन से बचना चाहिए और दिन-रात श्रीहरि का स्मरण करना चाहिए। श्रीहरि के स्नान, नैवेद्य, आचमन, चंदन, माला आदि में तुलसी जरूर शामिल हों। संभव हो तो श्रीमद्भागवत पुराण का जरूर पाठ करें। इसके पाठ से गौ-दान का फल मिलता है। धन की अच्छी स्थिति होने पर दान अवश्य करें।

जिनकी जन्मकुंडली में पितृ दोष है, यह व्रत करने से उनको जहां शांति मिलती है, वहीं उनके पितरों को नरक से मुक्ति भी मिलती है। जिन पर शनि की साढ़ेसाती (धनु, मकर और कुंभ राशि के जातक) तथा शनि की ढैया (मिथुन और तुला राशि के जातक) चल रही है, उन्हें इस व्रत से अवश्य लाभ होगा। वे लोग भी व्रत का लाभ ले सकते हैं, जिनके ऊपर राहु-केतु और मारक दशाएं चल रही हैं।

### भेजें अपने सवाल

स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?
क्या ईश्वर की आराधना कहीं भी की जा सकती है?
ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें- धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, आकृति बिल्डिंग, सी-164, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उ.प्र.)

## रोजनामचा

### जरूर देखें

सुबह 8.30 गुम है किसी के प्यार में, दोपहर 12.30 इस प्यार को क्या नाम दूं, शाम 5.30 मेहंदी है रचने वाली, 6.00 चीकू की मम्मी दूर की, 6.30 विद्रोही, 7.00 जिंदगी मेरे घर आना, 7.30 पंड्या स्टोर, 8.00 गुम है किसी के प्यार में, 8.30 इमली, 9.00 साथ निभाना साथिया 2, 9.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.00 अनुपमा, 10.30 ये हैं चाहतें

सुबह 8.00 विकेड टूना, 10.30 स्ट्रीट जीनियस, दोपहर 12.00 इंडिया'ज मेगा किचन्स, 3.00 स्नेक्स इन द सिटी, शाम 4.00 द ग्रेट ह्यूमन रेस, 6.00 केस फाइल्स विद शरद केलकर, रात 8.00 इट हैप्पंस ओनली इन इंडिया, 9.00 प्राइमल सर्वाइवर

शाम 6.00 थपकी प्यार की, 6.30 ससुराल सिमर का 2, 7.00 उडारियां, 7.30 छोटी सरदारनी, 8.00 बालिका वधु 2, 8.30 बैरिस्टर बाबू, 9.00 नीमा डेंजोंग्पा, 9.30 थोड़ा सा बादल थोड़ा सा पानी, 10.00 मोलक्की, 10.30 बिग बॉस 15

सुबह 7.00 रिक स्टेन्स रोड टू मेक्सिको, 8.00 मेकिंग ऑफ द हंट, 11.00 रॉब्सन ग्रीन्स एक्सट्रीम फिशिंग चैलेंज: सीजन 2, दोपहर 12.00 सेरेनगेटी: सीजन 2, 1.00 इनसाइड द फैक्ट्री: सिरीज 5, 3.00 मेगा मरीन मशीन्स, शाम 7.00 वॉटरहोल अफ्रीका'ज एनिमल ओएसिस, रात 9.00 सेरेनगेटी: 2, 11.00 डेडली 60: सीजन 4



बी4यू मूवीज पर दोपहर 12.00 बजे देखें **'लोहा'**

सुबह 7.30 लश्कर, दोपहर 12.00 लोहा, 3.00 भीष्म, शाम 6.00 चाइना गेट, रात 9.00 कीमत

शाम 6.30 विघ्नहर्ता गणेश, 7.00 मेरे साईं- श्रद्धा और सबूरी, 7.30 पुण्यश्लोक अहिल्याबाई, 8.00 बड़े अच्छे लगते हैं 2, 8.30 कुछ रंग प्यार के ऐसे भी, 9.00 कौन बनेगा करोड़पति, 11.00 क्राइम पेट्रोल 5 (2019)

### आज का भविष्य



पं. राघवेन्द्र शर्मा

**मेषः** मानसिक शांति हेतु प्रयास करें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ वाद-विवाद से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** 'क्षणे रुष्टा, क्षणे तुष्टा' के मनोभाव हो सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क :** मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मौके भी मिल सकते हैं।

**सिंह :** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुलाः** मानसिक शांति के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के मौके मिल सकते हैं।

**वृश्चिक :** मन परेशान हो सकता है। व्यर्थ झगड़ों व विवादों से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र के विस्तार के साथ स्थान परिवर्तन संभव।

**धनुः** मानसिक शांति तो रहेगी, परंतु बातचीत में संयत रहें। कला या संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मकर :** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि भी होगी।

**कुंभ :** मानसिक शांति रहेगी। कारोबार का विस्तार हो सकता है। माता-पिता का सहयोग भी मिल सकता है। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन :** कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

### व्रत और त्योहार | पंचांग

**सौभाग्य** पंचमी व्रत। पाण्डव पंचमी। ज्ञान पंचमी (जैन)। छठ व्रत का द्वितीय संयम (एक भुक्त खरना)। सूर्य दक्षिणायन। सूर्य दक्षिण गोल। शरद ऋतु। अपराह्न 3 बजे से सायं 4.30 बजे तक राहुकालम्।

**9 नवंबर,** मंगलवार, 18 कार्तिक (सौर) शक 1943, 24 कार्तिक मास प्रविष्टे 2078, 3 रबी उस्सानी सन हिजरी 1443, कार्तिक शुक्ल पंचमी प्रातः 10.36 बजे तक उपरांत षष्ठी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 5 बजे तक उपरांत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, धृति योग मध्याह्न 12.06 बजे तक उपरांत शूल योग, कौलव करण, चंद्रमा रात्रि 10.37 बजे तक धनु राशि में उपरांत मकर राशि में। **पं. वेणीमाधव गोस्वामी**

### सुडोकू 5782

कठिन ★

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 4 | 9 | | | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 4 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | 5 | | 2 | | | | |
| | 1 | 4 | | | | 5 | 7 | |
| | | | | 4 | | 9 | | |
| | 8 | | | | | 7 | | |
| 7 | | | | | 9 | | 5 | |
| | | | | 6 | 7 | | | 2 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है यह। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।



हल: सुडोकू नं. 5781

### वर्ग पहेली 6697



**बाएं से दाएं**
1. संतान न होना; निस्संतान रह जाना (2,2,2,2)
6. विदा किया जाना; जाने वाले को दी गई भेंट (3)
7. आर्द्र; सराबोर; भीगा हुआ (5)
9. प्रतीक्षा करना; बाट जोहना (2,3)
11. पंखा झलना; हवा उत्पन्न करना (2,3)
12. अधिक कीमत का; बहुमूल्य; महत्त्वपूर्ण; मूल्यवान् (3)
14. अनवरत क्रम; अनादि परम्परा; प्राचीन सिलसिला; शाश्वत परम्परा (4,4)

**ऊपर से नीचे**
2. पैना; दृढ़; मजबूत; बढ़िया; शक्तिशाली; टिकाऊ (4)
3. जल; पानी; रस (2)
4. अप्रिय काम से कतराना; पीछा छुड़ाना; भागना; प्राण रक्षा करना; पनाह देना; शरण लेना (2,3)
5. पत्रवाहक; डाकिया (4)
7. चमकना; गुस्से या धूप से चेहरा लाल होना (5)
8. प्रशंसा; तारीफ; प्रशंसा करना; बड़ाई करना (4)
9. राजाओं सा सुख भोगना; सुखद जीवन जीना; गद्दी पर रहना; शासन करना (2,3)
10. अनुरूप; एक जैसा; बराबर; मिलता-जुलता (4)
13. पहियों पर टिका हुआ विशालकाय आग्नेयास्त्र; गोलाबारी करने वाला एक प्रसिद्ध अस्त्र (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी,** विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)



वर्ग पहेली 6696 का उत्तर

आज का दिन 1953 में कंबोडिया को फ्रांसीसी हुकूमत से आजादी मिली।



20 नवंबर को ईपीएफओ के केन्द्रीय बोर्ड की बैठक में हो सकता है फैसला

# ईपीएफओ के कोष से आय बढ़ाने की तैयारी

अच्छी खबर

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कर्मचारी भविष्य निधि में निवेश पर ऊंचे ब्याज के साथ मोटे रिटर्न का दोहरा लाभ मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन 20 नवंबर को केन्द्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक में इसके लिए नए विकल्पों में निवेश का फैसला लेने के लिए चर्चा करने वाला है। पिछले दो साल से ईपीएफओ पर महज 8.50 फीसदी ब्याज मिल रहा है।

जानकारों का कहना है कि शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेश के नए उभरते माध्यमों रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) और बुनियादी संरचना निवेश न्यास (इनविट) ने कई विकल्प मुहैया करा दिए हैं जिनमें निवेशकों को मोटा रिटर्न मिल रहा है। ईपीएफओ भी अपने अंशधारकों को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए कई योजनाओं पर विचार कर रहा है। ईपीएफओ को शेयर बाजार में 15 फीसदी तक राशि लगाने की अनुमति है लेकिन मौजूदा समय तक वह इसकी एक तिहाई राशि ही निवेश कर सका है।

अप्रैल में सरकार ने ट्रस्ट आधारित इनविट और रीट जैसे निवेश विकल्पों में ईपीएफओ को निवेश करने के लिए अधिसूचना में बदलाव किया था। नियमों के तहत ईपीएफओ सालाना 1.80 लाख करोड़ रुपये बाजार एवं अन्य विकल्पों में निवेश कर सकता है।

इनमें 45-50 फीसदी तक सरकारी प्रतिभूति, 35-45 फीसदी तक डेट फंड, पांच फीसदी बेहद कम अवधि के डेट फंड, 5-15 फीसदी तक शेयर बाजार और पांच फीसदी ट्रस्ट आधारित विकल्पों में निवेश शामिल है।

### शेयरों में निवेश बढ़ाने का विकल्प

शेयरों में निवेश बढ़ाने की अनुमति कई साल पहले मिल चुकी है। इसके तहत वह शेयरों में कुछ शर्तों के साथ 15 फीसदी तक राशि निवेश कर सकता है। इसके बावजूद बेहद सतर्क रुख अपनाते हुए ईपीएफओ ने पांच से सात फीसदी तक निवेश ही शेयरों में किया है। सूत्रों का कहना है कि 20 नवंबर की बैठक में ईपीएफओ का केन्द्रीय बोर्ड इस मुद्दे पर भी चर्चा कर सकता है।



**8.50** फीसदी ब्याज मिल रहा ईपीएफओ पर मौजूदा समय में

**15%** तक फंड की शेयरों में निवेश की है अनुमति

**05%** के करीब ईपीएफओ ने किया है शेयरों में निवेश

**25%** से अधिक रिटर्न दिया संसेक्स में पिछले साल

**50%** रिटर्न दिया सेंसेक्स ने पिछली दिवाली से अब तक

### लुभा रहा इनविट

इनविट म्यूचुअल फंड की तरह एक सामूहिक निवेश योजना है। म्यूचुअल फंड शेयरों में निवेश करने का अवसर प्रदान करते हैं, जबकि इनविट सड़क और बिजली जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश की अनुमति देता है। वहीं रीट अचल संपत्ति से जुड़ी प्रतिभूतियां हैं और इनका स्टॉक एक्सचेंजों पर कारोबार किया जा सकता है।

### सरकारी कंपनियों को मिलेगी तरजीह

ईपीएफओ सरकारी कंपनियों के इनविट को प्राथमिकता देगा। मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इनमें दो बड़े नाम पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हैं जिनका इनविट बाजार में मौजूद है। इनविट को सूचीबद्ध कराने से उसे शेयरों की तरह खरीदने-बेचने की सुविधा निवेशकों के लिए और बेहतर बना देती है।

# पैकेट बंद सामान पर प्रति इकाई दाम होगा

नई दिल्ली | एजेंसी

अगर कोई ग्राहक आटे की 3.5 किलो की बोरी या 88 ग्राम बिस्कुट का पैकेट खरीदता है तो उसके लिए यह पता लगाना मुश्किल है कि वह उत्पाद अन्य उत्पादों की तुलना में महंगा है या सस्ता। लेकिन अगले साल अप्रैल से उपभोक्ताओं को ऐसे किसी सामान की प्रति इकाई की कीमत (यूनिट सेल प्राइस) का पता लगाना बहुत आसान हो जाएगा।

उपभोक्ताओं को खरीद के संबंध में सचेत निर्णय लेने में मदद करने के साथ-साथ उद्योग के कारोबारियों पर अनुपालन बोझ कम करने के लिए, केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने विधि माप विज्ञान (पैकेटबंद वस्तुएं) नियम, 2011 में संशोधन किया है, जिसके तहत कंपनियों को पैकटबंद सामान के पैक पर प्रति इकाई बिक्री मूल्य को छापना जरूरी हो जाएगा।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक किलोग्राम से अधिक की मात्रा का पैकटबंद सामान बेचने वाली कंपनियों को अधिकतम खुदरा मूल्य के साथ प्रति किलोग्राम या जिस भी इकाई के हिसाब से बिक्री की जाएगी उसका इकाई बिक्री मूल्य दर्शाना होगा। उदाहरण के लिए, 2.5 किलो के एक पैकेटबंद आटे की बोरी पर कुल एमआरपी के साथ प्रति किलो इकाई बिक्री मूल्य को भी छापना और दर्शाना होगा।



### यूनिट बिक्री मूल्य की अवधारणा सामने लाए

मंत्रालय ने नियमों की अनुसूची 2 को रद्द कर दिया है जिसके तहत 19 प्रकार की वस्तुओं को एक निर्दिष्ट तरीके से वजन, माप या संख्या द्वारा मात्रा में पैक किया जाना था। नियम के अनुसार, चावल या आटे को 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और एक किलो, 1.25 किलो, 1.5, 1.75 किग्रा, 2 किग्रा, 5 किग्रा और उसके बाद पांच किलो के गुणकों पैक करना जरूरी था। उद्योग अलग-अलग मात्रा में बेचना चाहता था। नियमों को लचीलापन देने के लिए, अनुसूची दो को खत्म कर दिया गया है और हम यूनिट बिक्री मूल्य की अवधारणा सामने लाए हैं।

## बिजनेस आपतक

### बाबाजी दाते सहकारी बैंक से निकासी पर सख्ती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को महाराष्ट्र स्थित बाबाजी दाते महिला सहकारी बैंक, यवतमाल पर कई अंकुश लगाए। इनमें ग्राहकों के लिए 5,000 रुपये की निकासी की सीमा भी शामिल है। केंद्रीय बैंक ने सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति के बिगड़ने के बीच यह कदम उठाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के तहत प्रतिबंध आठ नवंबर, 2021 को कारोबार बंद होने से छह महीने तक लागू रहेंगे और समीक्षा के अधीन हैं। यवतमाल का यह सहकारी बैंक अब रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना कोई भुगतान नहीं कर सकता और ना ही कोई ऋण या अग्रिम दे सकता है।

### हुंडई को 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की आस

**नई दिल्ली।** हुंडई इंडिया को बिक्री में 10से अधिक वृद्धि की उम्मीद है। साथ ही कंपनी वर्ष 2022 में भी यह प्रदर्शन दोहराने के प्रति आशान्वित है। हुंडई ने भारतीय बाजार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताने वाला नया ब्रांड अभियान शुरू करने के मौके पर यह बात कही।

### 2,000 करोड़ रुपये जुटाएगी एसबीआई कार्ड

**नई दिल्ली।** एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट सर्विसेज निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 2,000 करोड़ रुपये जुटाएगी।कंपनी ने कहा, कंपनी के निदेशक मंडल ने 2,000 करोड़ रुपये तक के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर कोष जुटाने की मंजूरी दे दी है।

### कोटक शिक्षा निधि के लाभार्थियों का ऐलान

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा ग्रुप ने सीएसआर प्रयास 'कोटक शिक्षा निधि' के तहत पहले दो लाभार्थियों की घोषणा की है। इसमें उन छात्रों को शिक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है जिनके माता-पिता में से किसी एक की कोविड-19 के कारण मृत्यु हो चुकी है।

### अडाणी की परियोजना से कदम पीछे खींचे

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलन कॉर्प ने अडाणी समूह और उसकी ऑस्ट्रेलिया स्थित कारमाइकल कोयला खदान को वित्तीय सेवाएं देने से यह कहते हुए कदम खींच लिए हैं कि यह उद्यम पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन संबंधी नियमों के अनुकूल नहीं है।

### पीएनबी ने सतर्कता प्रबंधन को बेहतर किया

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर कार्यक्रम में केंद्रीय सतर्कता आयोग के अतिरिक्त सचिव पी. डेनियल ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस मौके पर पीएनबी के एमडी सीएच एस एस मल्लिकार्जुन राव ने कहा कि बैंक ने पिछले एक साल में जवाबदेही संबंधी मामलों को समयबद्धता के साथ ट्रैक करने के लिए ट्रैकिंग एंड मानीटरिंग स्टाफ अकाउंटेबिलिटी केसेज पोर्टल सहित कई कदम उठाए हैं। अपने मुख्य व्याख्यान में डेनियल ने पीएनबी द्वारा सतर्कता प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख किया।

### रिलायंस अमेरिका में अपनी शैल गैस संपत्तियां बेचेगी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) ने ईगलफोर्ड की शैल गैस संपत्तियों में अपनी हिस्सेदारी बेचने की सहमति दे दी है। इसके साथ कंपनी अमेरिका में शैल गैस के कारोबार से निकल गयी है। हालांकि, इस सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं हुआ है। रिलायंस ने 2010 और 2013 के बीच शेवरॉन, पायनियर नैचुरल रिसोर्स और कैरिजो ऑयल एंड गैस के साथ तीन अपस्ट्रीम खोज संयुक्त उपक्रमों और पायनियर के साथ एक मिडस्ट्रीम संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी खरीदी थी। मिडस्ट्रीम का आशय हाइड्रोकार्बन के प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन और विपणन से है।

# देश की आर्थिक विकास दर 10.5% रह सकती है

बेंगलुरु | एजेंसी

कोरोना संक्रमण के नये मामलों में कमी आने से आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी के बदौलत चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर के 10 से 10.5 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 के नये मामलों की संख्या में गिरावट आई है और विकास की संभावनाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। अधिकांश राज्यों ने पहले ही आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिबंधों में ढील दी है। आबादी के एक बड़े हिस्से के टीकाकरण में हुई प्रगति के साथ ही आर्थिक गतिविधियों के गति पकड़ने की संभावना है।

### पहली तिमाही में बंपर वृद्धि

रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यवधानों के बावजूद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में 20.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दूसरी लहर ने निर्माण क्षेत्र पर प्रभाव डाला है। हालांकि इस क्षेत्र में व्यवधान पिछले साल की तुलना में अब बहुत कम है। अक्टूबर 2021 में विनिर्माण पीएमआई में आठ महीने के उच्चतम स्तर 55.9 और सेवा पीएमआई 58.4 पर है।

## यात्री अब किश्तों में लें हवाई टिकट

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की नई योजना के तहत यात्री टिकट के लिए तीन, छह या 12 किस्तों में भुगतान कर सकेंगे। विमानन कंपनी ने कहा, "शुरुआती पेशकश के तहत ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त लागत (बिना ब्याज) के तीन महीने की ईएमआई के विकल्प का लाभ ले सकेंगे।"

कंपनी ने बताया कि ईएमआई योजना का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को पैन नंबर, आधार नंबर या वीआईडी जैसे बुनियादी ब्यौरे देने होंगे और इसे पासवर्ड से सत्यापित करना होगा। ग्राहकों को अपनी यूपीआई आईडी से पहली ईएमआई का भुगतान करना होगा और बाद की ईएमआई उसी यूपीआई आईडी से काट ली जाएगी।

# लॉजिस्टिक सूचकांक में गुजरात ऊपर

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को देश में लॉजिस्टिक की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। सरकार का दावा है कि यह सूचकांक निर्यात और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जरूरी लॉजिस्टिक सेवाओं की कुशलता का संकेतक है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक सोमवार को जारी लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स, लीड्स 2021 रिपोर्ट समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उनसे निपटने के लिए नीतिगत प्रतिक्रिया तैयार करने में मदद करेगी। 21 राज्यों की सूची में गुजरात पहले स्थान है। उसके बाद क्रम से हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का स्थान है। पूर्वोत्तर राज्यों और हिमालय क्षेत्रों की सूची में, जम्मू-कश्मीर सबसे ऊपर है। वहीं केंद्र शासित क्षेत्रों में दिल्ली को शीर्ष स्थान मिला है। पिछले साल के मुकाबले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड राज्यों में भी अच्छा सुधार देखने को मिला है।

### पिछले साल जारी नहीं हुई थी राज्यों की रैंकिंग



इस सूचकांक का उद्देश्य राज्यों में लॉजिस्टिक संबंधी प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है जो देश के व्यापार में सुधार और लेनदेन लागत को कम करने के लिए जरूरी है। पहली लॉजिस्टिक रिपोर्ट 2018 में जारी की गयी थी। पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण रैंकिंग जारी नहीं की गयी थी। सरकार का ये भी कहना है कि मिशन गतिशक्ति के आने के बाद इन सभी क्षेत्रों में और उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

## कोटक बैंक ने ब्याज दर बढ़ाई

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक ने सोमवार को आवास ऋण पर ब्याज दरों में 0.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। इस क्षेत्र में बैंक काफी आक्रामक नीति अपना रहा है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के आवास ऋण पर अब ब्याज दर 6.55 प्रतिशत से शुरू होगी, जो पहले 6.50 प्रतिशत थी।

त्योहारी सीजन के हिस्से के रूप में, बैंक ने सितंबर में दर में कटौती की घोषणा की थी, जिसके बाद उद्योग के दूसरे बैंकों ने भी ऐसा किया था। अभी अन्य बैंक 6.45 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण की पेशकश कर रहे हैं।

# वित्तीय समावेशन में भारत अब चीन से आगे

मुंबई | एजेंसी

भारत अब वित्तीय समावेशन के मामले में चीन से आगे है। देश में मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन 2020 में प्रति एक हजार वयस्कों पर 13,615 पर पहुंच गया है, जो 2015 में 183 था। 2020 में बैंक शाखाओं की संख्या प्रति एक लाख वयस्कों पर 14.7 तक पहुंच गई, जो 2015 में 13.6 थी। यह संख्या जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका से अधिक है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

नोटबंदी की पांच साल पूरे होने पर एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च वित्तीय समावेशन/ अधिक बैंक खातों वाले राज्यों में शराब और तंबाकू की खपत में सार्थक गिरावट के साथ-साथ अपराध में भी गिरावट देखी गई है।

### रिपोर्ट

- डिजिटल लेनदेन की संख्या प्रति एक हजार पर 13,615 पहुंची
- एसबीआई समूह की रिपोर्ट में सामने आई यह जानकारी

## आवास वित्त में तेज इजाफा होगा

**मुंबई।** अर्थव्यवस्था में सुधार और ऊंची मांग से आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) द्वारा चालू वित्त वर्ष 2021-22 में 8 से 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रेटिंग एजेंसी इक्रा रेटिंग्स ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कोविड-19 की दूसरी लहर की वजह से आवास वित्त कंपनियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। हालांकि, जून, 2021 के अंत से इन कंपनियों की संग्रह दक्षता (सीई) में सुधार होना शुरू हुआ। दूसरी तिमाही में इसमें और सुधार हुआ।

## मारुति नई योजना को अंतिम रूप देगी

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड इस वर्ष के अंत से पहले हरियाणा में 18,000 करोड़ रुपये की नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना को अंतिम रूप देगी।

कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के लिए अपनी 75 प्रतिशत नौकरी आरक्षण नीति में सकल वेतन सीमा को घटाकर 30,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। भार्गव ने कहा, राज्य सरकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने कंपनी को अपनी भीड़भाड़ वाली गुरुग्राम इकाई को राज्य के भीतर नए स्थान पर स्थानांतरित करने को प्रेरित किया है।

# सेंसेक्स में 478 अंक का इजाफा

मुंबई | एजेंसी

एचडीएफसी, इन्फोसिस और कोटक बैंक के शेयरों में तेजी से सोमवार को सेंसेक्स 478 अंक की छलांग लगा गया। हालांकि, वैश्विक बाजारों का रुख नकारात्मक था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 477.99 अंक या 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,545.61 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 151.75 अंक या 0.85 प्रतिशत के लाभ से 18,068.55 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक चार प्रतिशत चढ़ गया। अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक बैंक और एचडीएफसी के शेयर भी लाभ में रहे। इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे अधिक 10 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। बैंक ने इस बात को स्वीकार किया है कि तकनीकी गड़बड़ी की वजह से उसने मई में ग्राहकों की सहमति के बिना 84,000 ऋण वितरित किए।

### 'स्पष्टीकरण' के बाद इंडसइंड बैंक का शेयर 11% टूटा



इंडसइंड बैंक का शेयर सोमवार को करीब 11 प्रतिशत टूट गया। बैंक ने स्वीकार किया है कि उसने तकनीकी गड़बड़ी की वजह से मई में ग्राहकों की सहमति के बना करीब 84,000 कर्ज वितरित किए। इसके बाद उसके शेयरों में गिरावट आई। बीएसई में बैंक का शेयर 12.33 प्रतिशत के नुकसान से 1,042.10 रुपये तक आ गया था। यह 10.71 प्रतिशत के नुकसान से 1,061.45 रुपये पर बंद हुआ। निफ्टी में शेयर 10.52 प्रतिशत टूटकर 1,063.95 रुपये पर आ गया।




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने दी है नई सुविधा, घर बैठे जोड़ सकेंगे नया बैंक खाता

# पीएफ-बैंक खाते का विवरण एक साथ ले सकेंगे

काम की खबर

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

नौकरी बदलते ही ज्यादातर लोग अपना सैलरी अकाउंट बंद करा दिया करते हैं। ऐसे में उन्हें ईपीएफ में हर बार बैंक खाता अपडेट करना पड़ता है जिसमें समय लगता है। साथ ही पीएफ की राशि नए बैंक खाते के विवरण में नहीं दिखती है।

इसे देखते हुए कमर्चारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नई ऑनलाइन सुविधा शुरू की है जिससे घर बैठे कभी भी ईपीएफ खाते में बैंक खाता अपडेट कर सकेंगे। साथ ही आपको एक ही जगह पर ईपीएफ और बैंक खाता का विवरण भी मिल जाएगा।

**इन दस्तावेजों को तैयार रखें :** ईपीएफओ पोर्टल पर घर बैठे बैंक खाता और अन्य विवरण अपडेट करने के लिए आधार, पैन नंबर और बैंक खाता नंबर आईएफएससी कोड के साथ में रखें। इसके अलावा पैन कार्ड की जेपीजी फॉर्मेट में फोटो जरूर रखें। आधार को ओटीटी से वेरीफाई करने की सुविधा है जिससे उसकी फोटो जरूरी नहीं है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आपका मोबाइल नंबर आधार के साथ अपडेट हो।

### ऐसे ले सकते हैं सुविधा

- ईपीएफओ के पोर्टल पर अपने यूएएन के साथ लॉग-इन करें, इसके बाद मैनेज मेन्यू पर क्लिक करें।
- अब केवाईसी विकल्प में जाकर डॉक्यूमेंट में बैंक का चुनाव करें। बैंक खाता, आईएफएससी कोड डालें। सेव टैब पर क्लिक करें, केवाईसी में पेंडिंग दिखाई देखा।
- अब नियोक्ता से जुड़ा विवरण डालें। एसबीआई के खाताधारकों को डिजिटल केवाईसी की सुविधा है।
- एक बार केवाईसी को मंजूरी मिल जाने पर डिजिटली अप्रूव केवाईसी की सूचना दिखाई देगी।
- इसके बाद ईपीएफओ नियोक्ता या एसबीआई से मंजूरी मिलने के बाद आपको बैंक खाता अपडेट होने की सूचना भेजेगा।

यूपी के मुख्यमंत्री ने चेताया, प्रदेश में तालिबानी मानसिकता बर्दाश्त नहीं होगी

# पलायन सियासी मुद्दा नहीं, अस्मिता का सवाल : योगी

**दो टूक**

शामली | **वरिष्ठ संवाददाता**

कैराना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि प्रदेश में धर्म के नाम पर आतंक और उन्माद सहन नहीं किया जाएगा। तालिबानी सोच और मानसिकता के लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि उनकी आने वाली सात पीढ़ियों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कैराना पलायन से पीड़ित परिवारों को मदद की घोषणा करते हुए कहा कि पलायन करने वाले व्यापारी फिर लौट रहे हैं, क्योंकि अब गोली व्यापारी को नहीं, बदमाशों को लगती है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर दंगा और पलायन हमारे लिए सियासी मुद्दा नहीं, बल्कि अस्मिता का सवाल है।

सोमवार को शामली जनपद के कैराना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीएसी कैंप और फायरिंग रेंज समेत कई परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के बाद जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और तालिबान की जीत पर खुश होने और पटाखे चलाने वालों की प्रदेश में कोई जगह नहीं है। जाति और वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने ऐसे लोगों को बढ़ावा देकर प्रदेश के माहौल को खराब करके रखा हुआ था। अब सबकुछ कानून के दायरे में है। अपराधी तख्ती लटकाकर थाने पहुंचते हैं। उनकी सम्पत्तियों पर बुलडोजर ही नहीं चलते, बल्कि उन्हें जब्त भी किया जा रहा है।

**विपक्ष पर प्रहार :** विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग धर्म के नाम से ही नफरत करते थे अब बड़े-बड़े तिलक लगाकर खुद को हिन्दू दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं। मुजफ्फरनगर में हिन्दुओं पर कहर टूटा, तब किसी को जात नहीं दिखाई दी। पलायन कराने वालों और मुजफ्फरनगर दंगा कराने वालों को इन लोगों ने सम्मानित किया।



कैराना में सोमवार को पलायन करने वाले पीड़ित परिवारों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

### वापस दिलाएंगे कैराना और किराना घराने को पहचान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में दुनियाभर में मशहूर कैराना के किराना घराने और व्यापार को इतिहास के पन्नों में दर्ज बताते हुए कहा कि कैराना की वही पहचान लौटानी है। किराना घराने का नाम फिल्मी जगत में आज भी लिया जाता है, मगर वोटों की राजनीति करने वालों ने इसे मिटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### पलायन पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की

कैराना में पीएसी बटालियन की स्थापना से यहां हर समय डेढ़ हजार पीएसी के जवान तैनात रहेंगे, जिससे कोई व्यापारी की तरफ आंख उठाकर न देखे। योगी कैराना में पलायन करने के बाद वापस लौटे व्यापारी विजय मित्तल के परिवार से उनके घर जाकर भी मिले। यह वही व्यापारी हैं, जिनसे सबसे पहले रंगदारी मांगी गई थी और उसी के बाद पलायन मुद्दा बन गया था।

### रामपुर को 63.58 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के खिलाफ तीखे तेवर दिखाते हुए आरोप जड़ा कि ये लोग देश और समाज का बांटने का काम कर रहे हैं। तरह-तरह के वक्तव्य देकर लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को रामपुर में फिजिकल कालेज ग्राउंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वह आजम के गढ़ में उन पर भी तंज कसने से नहीं चूके। कहा कि जेल में बंद कोरोना पीड़ितों का भी उचित इलाज कराया। मुख्यमंत्री ने रामपुर को 63 .58 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी।

# मोदी जन्मदिन की बधाई देने आडवाणी के घर पहुंचे

नई दिल्ली | **एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के घर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने देश और पार्टी के विकास में उनके योगदान की सराहना की। आडवाणी आज 94 वर्ष के हो गए।

प्रधानमंत्री मोदी, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी एल संतोष सहित कई नेता आडवाणी के घर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने पुष्पगुच्छ सौंपकर आडवाणी को बधाई दी और फिर उनका हाथ थामकर उन्हें घर के अंदर ले गए। सभी नेताओं ने एक साथ बैठकर कुछ देर बातचीत की। आडवाणी के परिवार के सदस्य भी इस दौरान वहां मौजूद थे। इससे पहले, मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि सम्मानीय आडवाणी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। लोगों को सशक्त करने और हमारे सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने के लिए उन्होंने जो प्रयास किए, देश इसके लिए उनका ऋणी रहेगा। विद्वता व बुद्धिमत्ता के लिए भी उनका हर ओर सम्मान किया जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आडवाणी भारत के उन सबसे सम्मानित नेताओं में गिने जाते हैं, जिनकी विद्वता, दूरदर्शिता, बौद्धिक क्षमता और राजनय का लोहा सभी मानते हैं। ईश्वर उन्हें स्वस्थ रखे एवं दीर्घायु करे। शाह ने एक ट्वीट में कहा कि अपने सतत संघर्ष से भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को अखिल भारतीय स्वरूप देने में अहम योगदान देने वाले हम सभी के श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सदैव स्वस्थ रहें।



नई दिल्ली में सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के 94वें जन्मदिन पर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी। • एएनआई

# संसद का शीतकालीन सत्र 29 से 23 दिसंबर तक

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

**सिफारिश**

- संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने की सिफारिश
- विधानसभाओं के चुनाव से पहले का सत्र अहम होगा

संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित करने की सिफारिश की है। पिछले डेढ़ साल में हुए संसद सत्रों की तरह शीतकालीन सत्र भी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा। कोरोना के चलते बीते साल शीतकालीन सत्र आहूत नहीं हुआ था।

सीसीपीए संसद सत्रों के लिए तारीखों की सिफारिश करती है। इस समिति के अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सूत्रों के अनुसार, शीतकालीन सत्र के दौरान करीब 20 बैठकें होंगी। राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही साथ-साथ चलेगी और सांसदों को सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना होगा। यह सत्र इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका आयोजन राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले यूपी सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हो रहा है।

# शराबबंदी में खलल बर्दाश्त नहीं करेंगे: नीतीश कुमार

**बिहार**

पटना | **हिन्दुस्तान ब्यूरो**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि शराबबंदी में खलल डालने वालों को बख्शेंगे नहीं। चाहे वह धंधेबाज हों या फिर अफसर या कर्मचारी। हमने मुख्य सचिव और डीजीपी को एक-एक चीज पर नजर रखने का निर्देश दिया है। किस स्तर पर कौन लापरवाही कर रहा है, यह देखें और कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 16 नवंबर की समीक्षा बैठक में एक-एक जिले की स्थिति को देखेंगे। सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी राज्य में चलेगा। लोगों को फिर बताया जाएगा कि आखिर क्यों वे शराब का सेवन करते हैं, यह बहुत ही खराब चीज है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से शराबबंदी को और प्रभावी बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसका फैसला सर्वसम्मति से हुआ था। यह कोई मेरा निजी चीज नहीं है। यह सार्वजनिक चीज है। सबके हित की चीज है। पर, आज हमारी जिम्मेदारी है तो जरूर हमलोग कार्रवाई करेंगे और कर भी रहे हैं।

# एयू में पंडित दीनदयाल पीठ स्थापित होगी : धर्मेंद्र प्रधान



प्रयागराज में सोमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दीप प्रज्वलित कर दीक्षांत समारोह की शुरुआत करते केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान। • एएनआई

**दीक्षांत समारोह**

प्रयागराज | **वरिष्ठ संवाददाता**

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर पीठ स्थापित होगी। कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्ष के अंतराल पर सोमवार को आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इविवि में पांच वर्ष के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय चेयर की स्थापना को मंजूरी दी है।

इसमें विभिन्न विषयों के शोध, आर्थिक विकास और कार्यक्रम के शोध किए जाएंगे। शोध कार्यों से जहां देश और प्रदेश के विकास में मदद मिलेगी, वहीं छात्र-छात्राओं में भी उत्साह आएगा। समारोह में 550 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि, 263 छात्र-छात्राओं को मेडल और 10 मेधावियों को कुलाधिपति पदक दिए गए। शिक्षामंत्री ने तीन भवनों का लोकार्पण भी किया। इस दौरान कुलाधिपति आशीष कुमार चौहान, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह और नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और केशरी देवी पटेल आदि मौजूद रहे।

### 'यूपी में फिर से सरकार बनाएंगे'

केंद्रीय शिक्षा मंत्री व यूपी प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में दोबारा स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के दम पर पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतेंगे। योगी सरकार ने पांच साल में प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। विकसित राज्य बनने के साथ कानून का राज कायम हुआ है। सोमवार को प्रयागराज मंडल के पांच जिलों के मंडलाध्यक्षों और प्रभारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेने केपी ग्राउंड पहुंचे धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कोरोना के कुशल प्रबंधन से अर्थव्यवस्था पटरी पर आ चुकी है। इसी से प्रदेश की जनता की आस्था मोदी और सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा पर भी है।

# भाजपा में अनुभवी नेताओं को तरजीह मिलेगी

**सत्ता संग्राम**

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

**विश्लेषण**

- पार्टी ने भावी विजय का संकल्प लिया है, पर जमीनी हकीकत की चिंता भी कर रही
- पार्टी को और ज्यादा मजबूती और प्रभावी ढंग से काम करना होगा

### जरूरी बदलाव करने से भी नहीं हिचकेगी पार्टी

चूंकि सामाजिक समीकरण इन पांच राज्यों में अहम होंगे, इसलिए पार्टी इन वर्गों से जुड़े नेताओं को भी आगे रखेगी। खासकर उन नेताओं को, जिनका प्रभाव क्षेत्र काफी ज्यादा है। हालांकि पार्टी सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए जरूरी बदलाव करने से भी नहीं हिचकेगी।

आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा में युवा नेतृत्व को उभारने के साथ बुजुर्ग और अनुभवी नेताओं को भी प्रमुखता दी जाएगी।

पार्टी की भावी चुनावी रणनीति के तहत मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक स्थितियों में पार्टी को और ज्यादा मजबूती और प्रभावी ढंग से काम करना होगा और जनता में अपने लिए समर्थन और विश्वास जुटाना होगा। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को अगले तीन माह तक पार्टी द्वारा तय रणनीति पर अमल करना होगा। रविवार को हुई पार्टी की एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक समयावधि के हिसाब से तो छोटी थी, लेकिन चुनावी तैयारियों को लेकर यह अहम रही। बैठक में चर्चा प्रस्ताव पर हो या भाषण के माध्यम से, जोर चुनाव को लेकर ही रहा। पार्टी ने भावी विजय का संकल्प तो लिया है, लेकिन वह जमीनी हकीकत की चिंता भी पूरी तरह कर रही है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को काफी महत्व दिया गया। साथ ही उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा के मुख्यमंत्रियों को भी प्रमुखता दी गई। राजनीतिक प्रस्ताव में इन चारों मुख्यमंत्रियों की सबसे ज्यादा भूमिका रखी गई थी।

दरअसल बीते एक साल में कोरोना काल में भाजपा को मिश्रित चुनावी सफलता मिली है। बिहार में गठबंधन सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल में उसे आशातीत सफलता हासिल नहीं हो सकी। हालांकि असम और पुडुचेरी में सरकार बना कर उसने अपनी प्रतिष्ठा कायम रखी। लेकिन इस बीच हुए उपचुनाव में उसे कुछ जगह झटके भी लगे। ऐसे में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को पार्टी चुनौतीपूर्ण मान रही है और उसकी तैयारी भी उनको लेकर काफी ज्यादा है।

**विपक्षी रणनीति से निपटने की कवायद :** सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व समग्र चुनावी रणनीति में युवाओं को आगे लाने के साथ बुजुर्ग और अनुभवी नेताओं को ही पर्याप्त महत्व देगी। सामाजिक और राजनीतिक हालातों में ऐसा उसके लिए जरूरी भी है। विपक्षी रणनीति से निपटने के लिए यह कारगर भी हो सकता है। पार्टी अपने कोर वोट बैंक को साध कर रखने के साथ दूसरे दलों में भी सेंध लगाने की कोशिश करेगी।

# फ्रांसीसी पत्रिका का राफेल सौदे में भ्रष्टाचार का दावा

नई दिल्ली | **एजेंसी**

**आरोप**

- फर्जी बिल से बिचौलिये को 65 करोड़ का भुगतान किया गया
- विमान निर्माता कंपनी, रक्षा मंत्रालय ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

फ्रांस की खोजी पत्रिका 'मीडियापार्ट' ने रविवार को दावा किया कि राफेल सौदे में कथित तौर पर फर्जी बिलों का इस्तेमाल हुआ था। इन बिलों के जरिये निर्माता कंपनी दसॉल्ट एविएशन ने भारत के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में मदद करने के लिए एक बिचौलिए को कम से कम 75 लाख यूरो (करीब 65 करोड़ रुपये) का गुप्त भुगतान किया था।

इससे पहले, पत्रिका ने जुलाई में खबर दी थी कि 36 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए भारत के साथ 59000 करोड़ रुपये के अंतर-सरकारी सौदे में कथित भ्रष्टाचार और पक्षपात की न्यायिक जांच का नेतृत्व करने के लिए एक फ्रांसीसी न्यायाधीश को नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय या दसॉल्ट एविएशन की ओर से इस ताजा रिपोर्ट पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इससे पहले दोनों ने करार में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से इंकार किया था। 'मीडियापार्ट' ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, पत्रिका आज कथित फर्जी बिल प्रकाशित कर रही है, जिनके जरिये दसॉल्ट एविएशन राफेल सौदे को अंतिम रूप देने में मदद करने के लिए एक बिचौलिए को कम से कम 75 लाख यूरो के गुप्त कमीशन का भुगतान करने में सक्षम हो सकी।

# यूनेस्को के रचनात्मक शहरों की सूची में श्रीनगर

श्रीनगर | **एजेंसी**

> 'यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में कला एवं लोककला श्रेणी में जगह बनाने के लिए श्रीनगर को बधाई।'
>
> – **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर दुनियाभर के उन 49 रचनात्मक शहरों में शामिल है, जिन्हें सोमवार को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) में शामिल किया गया। सूची में 246 शहर पहले से मौजूद हैं।

यूनेस्को की वेबसाइट पर जारी बयान के मुताबिक 49 नए शहरों को यूसीसीएन में जगह दी गई है। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजॉले ने विकास के केंद्र में संस्कृति और रचनात्मकता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता तथा अच्छी प्रथाओं को साझा करने की परंपरा के मद्देनजर इन शहरों का चयन किया है। अब यूसीसीएन में शामिल शहरों की संख्या बढ़कर 295 पर पहुंच गई है। ये शहर दुनिया के 90 देशों से ताल्लुक रखते हैं। वहां संस्कृति और रचनात्मकता, हस्तशिल्प व लोक कला, साहित्य, संगीत आदि में सतत शहरी विकास के लिए निवेश किया जाता है। यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने ग्वालियर का नाम भी इस सूची के लिए भेजा था।

# मणिपुर में कांग्रेस की चुनौतियां बढ़ रही

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

मणिपुर में कांग्रेस की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। एक के बाद उसके एक विधायक भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हाल में विधायक राजकुमार इमो सिंह और यान्थोंग हौकीप भाजपा में शामिल हो गए। पर यह सिलसिला यही थमने वाला नहीं है। पार्टी मानती है कि अभी और विधायक साथ छोड़ सकते हैं।

प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि मणिपुर विधानसभा चुनाव में पार्टी की मुश्किलें बढ़ रही हैं। अभी तक भाजपा की अगुआई में गठबंधन और कांग्रेस के बीच मुकाबला था। पर तृणमूल कांग्रेस के चुनाव लड़ने के ऐलान से कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। पार्टी मानती है कि चुनाव से पहले मणिपुर में आधा दर्जन से अधिक विधायक कांग्रेस छोड़ सकते हैं। इनमें से कई विधायकों की गतिविधियां पार्टी अनुशासन के खिलाफ हैं। इसलिए, चुनाव से पहले ये विधायक किसी दूसरी पार्टी में जगह तलाश सकते हैं। तृणमूल के मणिपुर में चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पार्टी बदलने वाले विधायकों के पास विकल्प बढ़ गए हैं। इसलिए, वह भाजपा और तृणमूल के साथ मोल-भाव कर रहे हैं। क्योंकि, कई विधायक ऐसे हैं, जिनके लिए भाजपा के टिकट पर जीत हासिल करना मुश्किल होगा। राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव के जरिए टीएमसी ने एक बार फिर मणिपुर में खुद को खड़ा करने की कोशिश की है। इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी हैं। क्योंकि, बंगाल में जीत के बाद टीएमसी कांग्रेस पर हमलावर है।



नई दिल्ली में सोमवार को भाजपा मुख्यालय में मणिपुर कांग्रेस के विधायक राजकुमार इमो सिंह के भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें बधाई देते जेपी नड्डा। • एएनआई

# अहेरिया समुदाय का मामला मंत्रालय पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अहेरिया समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का मामला समाज कल्याण मंत्रालय के पास पहुंच गया है। इस मुद्दे को भाजपा के पूर्व सांसद व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय सोनकर शास्त्री ने उठाया था। उन्होंने इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह को एक अभ्यावेदन भेजा था।

सोनकर ने हाथरस के भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र रावत से मिले अभ्यावेदन को गृह मंत्री अमित शाह के पास भेजा था। शाह ने सोनकर को लिखे पत्र में कहा है कि चूंकि यह मामला समाज कल्याण कल्याण मंत्रालय के तहत आता है, इसलिए इसे उसके पास भेजा जा रहा है। **(वि.सं.)**

प्रमुख मंदिरों में पूजन-अर्चना के बाद सरयू आरती में लिया हिस्सा, मंगलवार को भरतकुंड में भी टेकेंगे माथा

# रामायण एक्सप्रेस के यात्रियों ने किए रामजन्म भूमि के दर्शन

अयोध्या | **हिन्दुस्तान टीम**

रामायण सर्किट का भ्रमण कराने के लिए रविवार की शाम सात बजे दिल्ली से चली रामायण एक्सप्रेस अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

इन एक्सप्रेस के सभी यात्रियों को शहर के एक होटल में ले जाया गया। यहां विश्राम के बाद यात्रियों का दल दूसरी पाली में दर्शन के लिए राम जन्मभूमि पहुंचा। इन यात्रियों ने श्रद्धापूर्वक आराध्य का दर्शन करने के साथ ही निर्माणाधीन राम मंदिर का भी राम झरोखे से अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्हें हनुमानगढ़ी ले जाया गया। यहां दर्शन के बाद सभी यात्री कनक भवन पहुंचे। यहां पहुंचकर यात्रियों ने भगवान के दर्शन के साथ फोटो सेशन भी कराया। पुनः सभी यात्री सरयू तट पर पहुंचे और उन्होंने दीपदान कर देवी मां के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित की। इसके सरयू आरती में भी हिस्सा लिया। बताया गया कि यह सभी यात्री रात्रि में होटल में विश्राम करेंगे। पुनः मंगलवार को बस के माध्यम से भरतकुंड जाएंगे। वहां से लौटने के उपरांत होटल में मध्याह्न भोजन ग्रहण कर पुनः 16.30 बजे उनकी ट्रेन अयोध्या कैंट से वाराणसी के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को स्लीपर क्लास के लिए प्रति व्यक्ति 16065 रूपए निर्धारित है। जबकि वातानुकूलित श्रेणी एसी थ्री टियर में यह किराया 26775 रूपए है। टू एसी का किराया 82950 रुपये प्रति यात्री व एसी प्रथम का किराया 102095 रुपये प्रति यात्री निश्चित किया गया है।

### अयोध्या समेत इन धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि, बिहार के सीतामढ़ी में सीता माता का मंदिर, नेपाल के जनकपुर, वाराणसी के तुलसी मानस मंदिर और संकट मोचन मंदिर, प्रयाग में त्रिवेणी संगम हनुमान मंदिर और भारद्वाज आश्रम, श्रृंगवेरपुर में श्रृंगी ऋषि मंदिर , चित्रकूट में रामघाट और सती अनसूया मंदिर, नासिक में पंचवटी, हंपी कर्नाटक में अंजनाद्री हिल और रामेश्वरम में ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर का दर्शन निर्धारित अवधि में कराकर 17 वें दिल्ली वापस दिल्ली पहुंचाया जाएगा।

# प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को नोटबंदी के पांच साल पूरे होने के मौके पर केंद्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि अगर नोटबंदी का फैसला सफल था तो फिर भ्रष्टाचार खत्म क्यों नहीं हुआ? आतंकवाद पर लगाम क्यों नहीं लगी?

प्रधानमंत्री ने आठ नवंबर 2016 को नोटबंदी की घोषणा की थी। इसके तहत हजार व 500 रुपये के नोट चलन से बाहर कर दिए गए थे। बाद में 2000 और 500 के नए नोट जारी किए गए थे। प्रियंका ने नोटबंदी के पांच साल पूरे होने पर ट्वीट किया, 'अगर नोटबंदी सफल थी तो भ्रष्टाचार खत्म क्यों नहीं हुआ? कालाधन वापस क्यों नहीं आया?

# 'सोशल मीडिया मंच से मौलिक अधिकार का उल्लंघन न हो'

नई दिल्ली | **एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि किसी भी सोशल मीडिया मंच के एल्गोरिदम से भारतीयों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए और इंटरनेट की बदलती प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने के लिए कानून एवं न्यायशास्त्र को लगातार बदलने की जरूरत होगी।

सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री की टिप्पणी फेसबुक के सिस्टम और एल्गोरिदम द्वारा नफरतपूर्ण सामग्री और फर्जी खबरों को बढ़ावा देने के आरोपों के बीच आई है। हाल ही में व्हिसलब्लोअर फ्रांसेस हौगेन के खुलासे ने दुनिया भर में इन चिंताओं को जन्म दिया है कि फेसबुक ने कथित तौर पर अपने मुनाफे को सार्वजनिक हित पर तरजीह दी। यह पूछे जाने पर कि व्हिसलब्लोअर द्वारा लगाए गए आरोपों की पृष्ठभूमि में भारत सरकार क्या कार्रवाई करेगी, चंद्रशेखर ने कहा कि मंचों द्वारा ऐसे एल्गोरिदम तैयार करने की जरूरत है जो हमारे भारतीय नागरिकों के अभिव्यक्ति की आजादी और निजता का अधिकार के अधिकारों का उल्लंघन ना करें।'

आज का दिन 1994 में डर्मस्टेडटियम नाम के रासायनिक तत्व की खोज हुई।



# महज 10 माह में 43 देशों के 30 लाख लोग भुखमरी की कगार पर

रिपोर्ट

नई दिल्ली | एजेंसी

इस साल महज दस महीने में ही 43 देशों के 30 लाख लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने रिपोर्ट में जानकारी दी है। कोरोना के चलते 43 देशों में बिल्कुल अकाल के मुंहाने पर पहुंचे लोगों की संख्या बढ़कर 4.5 करोड़ हो गई है।

यूएन खाद्य एजेंसी ने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में ऐसे लोगों की संख्या करीब 4.2 करोड़ थी। जबकि वर्ष 2019 में यह संख्या 2.7 करोड़ थी। सिर्फ इस वर्ष की शुरुआत से ही 30 लाख की वृद्धि हुई है। क्योंकि दुनिया भर में गंभीर भुखमरी की स्थिति और बदतर हो रही है।

**4.5** करोड़ हुई बिल्कुल अकाल के मुंहाने पर पहुंचे लोगों की संख्या

अत्यंत भुखमरी के हालात का सामना करने वाले लोगों की संख्या में मुख्य वृद्धि अफगानिस्तान, इथियोपिया, हैती, सोमालिया, अंगोला, केन्या और बुरुंडी में दर्ज की गई है। इसके साथ अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। यूएन खाद्य एजेंसी अफगानिस्तान में 2.30 करोड़ जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए अभियान और तेज व व्यापक कर रही है।

### जलवायु परिवर्तन, कोरोना और युद्ध से हालात बिगड़े

विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड बीजली ने कहा कि करोड़ों लोग, शून्य या एक गहरी खाई में ताकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सामने संघर्ष व युद्ध, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 जैसे संकट हैं। जो अत्यंत भुखमरी की स्थिति का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़ा रहे हैं। डेविड बीजली हाल ही में अफगानिस्तान की हालात का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया था। डेविड बीजली ने कहा कि ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं, खाद्य पदार्थों कीमतें आसमान छू रही हैं, उर्वरक बहुत महंगे हो गए हैं। इनके चलते एक नए तरह का संकट पैदा हो गया है।

### सात अरब डॉलर की जरूरत

डब्ल्यूएफपी का अनुमान है कि दुनिया भर में अकाल को टालने के लिए लगभग सात अरब डॉलर की जरूरत है। जबकि इस वर्ष के आरंभ में ये लागत, लगभग छह अरब 60 करोड़ डॉलर थी। बीजली का कहना है कि चूंकि मानवीय सहायता मुहैया कराने की लागत लगातार बढ़ रही है, तो हमें दुनिया भर में जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने के लिए और ज्यादा धनराशि की आवश्यकता है। ये जरूरतमन्द परिवार, अत्यंत गंभीर भुखमरी के हालात का सामना करने में पहले ही अपनी पूरी ताकत झोंक चुके हैं और अब उनके पास अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।



### कोरोना काल में देश में अतिकुपोषित बच्चे 91 प्रतिशत बढ़े

देश में कोरोना काल में अतिकुपोषित बच्चों की संख्या में 91 फीसदी का इजाफा हुआ है। जबकि देश में 33 लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषित हैं। इनमें से आधे से अधिक अति कुपोषित की श्रेणी में आते हैं। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी है। नवंबर 2020 से 14 अक्तूबर 2021 के बीच गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की संख्या 9.27 लाख से बढ़कर 17.76 लाख हो गई है।

### घास-फूस खाना पड़ रहा

सभी प्रभावित 43 देशों में हालात की समीक्षा के बाद पाया गया है कि परिवारों को जरूरत से कहीं कम भोजन खाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। या फिर वो एक समय की खुराक बिल्कुल ही नहीं खा रहे हैं। कभी-कभी तो जब बच्चों को भोजन खिला दिया जाता है तो अभिभावकों व माता-पिता के खाने के लिए कुछ नहीं बचता, उन्हें अपनी खुराक छोड़नी पड़ती है और भूखे पेट रहना पड़ता है। मेडागास्कर में अनेक स्थानों पर पहले ही अकाल के हालात देखे जा रहे हैं। यहां पर कुछ लोगों को तो जीवित रहने के लिए टिड्डियां, जंगली घास-फूस और पेड़-पौधों की पत्तियां और कैक्टस तक खाकर गुजारा करना पड़ रहा है।

## आईना

### असम आने वाले बच्चों की कोविड जांच नहीं

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने कोविड-19 का संपूर्ण टीकाकरण कराने वाले अभिभावकों के साथ राज्य में प्रवेश करने वाले 10 साल से कम उम्र के बच्चों के अनिवार्य कोविड-19 जांच के प्रावधान को समाप्त कर दिया है। सरकार द्वारा सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी गई।

### श्रीनगर के पांच इलाकों में कोरोना कर्फ्यू लगा

**श्रीनगर।** श्रीनगर में बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार को लाल बाजार, हैदरपोरा, चनापोरा, बेमिना (हमदानिया कॉलोनी), बेमिना (हाउसिंग कॉलोनी, बिलाल कॉलोनी, एसडीए कॉलोनी) सहित पांच इलाकों में 10 दिनों के लिए सख्त कोरोना कर्फ्यू लगा दिया।

### उपचाराधीन मरीज 262 दिनों में सबसे कम

**नई दिल्ली।** भारत में बीते चौबीस घंटे में कोविड-19 के 11451 नए मामले दर्ज किए गए। इसी के साथ देश में कोरोना की जद में आने वाले कुल मरीजों की संख्या 34366987 पर पहुंच गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 142826 रह गई, जो पिछले 262 दिनों में सबसे कम है।

### सिंगापुर में टीका न लगवाने वालों पर सख्ती

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जिन लोगों ने स्वेच्छा से कोरोना टीका नहीं लगवाया हैं, उन्हें कोरोना के कारण आठ दिसंबर से अस्पताल में भर्ती होने पर खुद बिल का भुगतान करना होगा। सरकार ने बताया कि यह निर्णय इसलिए लेना पड़ा है, क्योंकि कुछ लोग अब भी टीके लेने से बचना चाहते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के 97 प्रतिशत लोगों को पहली डोज मिल चुकी, दूसरे नंबर पर पुर्तगाल और क्यूबा

# विश्व की आधी आबादी को पहली खुराक

कोरोना से जंग



नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

दुनिया की आधी आबादी को कोरोना से सुरक्षा देने वाले टीके की पहली खुराक मिल गई है। करीब पौने दो साल से कोरोना महामारी से जूझ रही दुनिया के लिए यह राहत की खबर है।

आवर वर्ल्ड इन डाटा के मुताबिक, पूरी दुनिया में सोमवार तक 50.9 प्रतिशत आबादी को एक खुराक मिल चुकी है। दुनिया के 39% लोग ही फुली वैक्सीनेट हो सके हैं, ज्यादातर देशों ने तेजी से पहली डोज लगाने की नीति अपनाई है। विश्व को इसका सीधा लाभ कोविड संक्रमण से सुरक्षा में मिलेगा।

दुनियाभर में हो रहे टीकाकरण पर नजर रखने वाले आवर वर्ल्ड इन डाटा के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात की 97 प्रतिशत आबादी को टीके की पहली डोज मिल चुकी है। सूची में दूसरे नंबर पर पुर्तगाल, क्यूबा संयुक्त रूप शामिल हैं जहां 89 प्रतिशत लोगों को पहली डोज मिल चुकी है। दुनिया के सबसे संक्रमण पीड़ति देश अमेरिका में 66%, ब्राजील में 76% व भारत में 53.14% लोगों को टीका मिल चुका है।

हाल में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माना था कि दुनिया में मिलने वाले संक्रमण के नए मामलों में कमी आयी है हालांकि यूरोप में संक्रमण बढ़ रहा है। यूरोप के उन देशों में ज्यादा संक्रमित मरीज मिल रहे हैं जहां टीकाकरण धीमी रफ्तार से हो रहा है। अगर वहां स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका तो अगले साल तक यह पूरी दुनिया में संक्रमण का एपीसेंटर बन सकता है। रॉयर्ट्स कोविड ट्रैकर के मुताबिक, दुनिया में अफ्रीका, लातिन अमेरिका में कम संक्रमण है जबकि हर सौ नए मरीजों में से 23 मरीज एशिया व मध्य पूर्व में मिल रहे हैं।

### लक्ष्य से दूर दुनिया

विश्व स्वास्थ्य संगठन मानता है कि दुनिया की 70 फीसदी आबादी को टीका लगने के बाद कोरोना महामारी को कमजोर किया जा सकता है। इसी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 2022 के मध्य तक दुनिया के 70% लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य पाने के लिए संयुक्त राष्ट्र इस साल के अंत तक हर देश की 40 फीसदी आबादी को टीका लगा देना चाहता है। आंकड़े बताते हैं कि इस साल दुनिया के कम से कम 7 देश इस लक्ष्य को पाने में असफल हो सकते हैं क्योंकि उन तक टीका नहीं पहुंचा है। आवर वर्ल्ड इन डाटा के मुताबिक, इन देशों में अभी 30 फीसदी टीकाकरण भी नहीं हो सका है। 70% वैश्विक आबादी को टीका लगाने के लिए 11 अरब खुराके चाहिए जबकि अबतक 7.25 अरब लगाई जा चुकी हैं।

**50.9%** दुनिया की आबादी को वैक्सीन की कम से कम एक डोज मिल गई है।

**04.1%** गरीब देशों की आबादी को ही अबतक वैक्सीन की एक खुराक मिल पाई है।

**39%** वैश्विक आबादी को ही अब तक दोनों खुराकें मिल पाई हैं।

### ज्यादा टीके धनी देशों में लगे

रॉयर्ट्स के कोविड ट्रैकर के मुताबिक, टीके की कम से कम एक डोज ले चुके 30% लोग अधिक आय वाले देशों के हैं। साथ ही, इनमें से पहली डोज ले चुके 24 फीसदी लोग यूरोप और उत्तरी अमेरिका के हैं। अब दुनिया के 201 देशों में टीका लगना शुरू हो चुका है और इस वक्त हर दिन दुनिया में टीके की 2.72 करोड़ डोज लगायी जा रही हैं।

### सात देशों में बेहद कम टीके लगे

पहली डोज प्रतिशत में

| देश | पहली डोज (प्रतिशत में) |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 26 |
| बांग्लादेश | 26 |
| मिस्र | 18 |
| केन्या | 6.9 |
| इथियोपिया | 3.1 |
| नाइजीरिया | 2.7 |
| तंजानिया | 1.4 |

(स्रोत : आवर वर्ल्ड इन डाटा)

### गरीब देशों में महज 4% को टीका मिला

दुनियाभर में भले 50 फीसदी लोगों को टीका मिल गया हो मगर टीकाकरण में असमानता का हाल यह है कि आवर वर्ल्ड इन डाटा के मुताबिक गरीब देशों की महज 4.1 प्रतिशत आबादी को ही टीके की पहली डोज मिल पायी है। ज्यादातर टीके विकसित देशों के पास हैं और दोनों खुराके लगाने के बाद कई देशों ने अब बूस्टर डोज में इनका इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

## कोरोना जांच घोटाले में मुख्य आरोपी पंत दंपति गिरफ्तार

नोएडा/हरिद्वार | संवाददाता

कुंभ मेले के दौरान कोरोना जांच घोटाले को अंजाम देने के मुख्य आरोपी मैक्स कार्पोरेट सर्विसेज के पार्टनर शरत पंत, उनकी पत्नी मल्लिका पंत को एसआईटी ने नोएडा से रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। सोमवार सुबह हरिद्वार लाकर पंत दंपति को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस घोटाले में एसआईटी ने अब तक तीन गिरफ्तारी कर ली है। घोटाले में नालवा लैब के स्वामी नवतेज नलवा की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर डीआईजी-एसएसपी डॉ योगेंद्र सिंह रावत ने पंत दंपति की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी। डीआईजी ने बताया कि तत्कालीन सीएमओ डॉ. एसके झा ने 17 जून को मैसर्स मैक्स कार्पोरेट सर्विसेज, नालवा लैब व डॉ लाल चंदानी लैब के खिलाफ कुंभ मेले में फर्जी कोरोना टेस्टिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी सिटी कमलेश उपाध्याय की अगुवाई में गठित एसआईटी की जांच में सामने आया था कि मैक्स कोरपोरेट सर्विसेस फर्म के पार्टनर्स मुख्य आरोपी शरत पंत, उनकी पत्नी मल्लिका पंत ने सीएमओ को गुमराह कर नलवा लैब हिसार तथा लालचन्दानी लैब दिल्ली के साथ हुए एमओयू के आधार पर कोरोना जांच का ठेका लिया था। दंपति ने डेलफिया लैब भिवानी हरियाणा के स्वामी आशीष वशिष्ठ की लैब को जांच में शामिल कर लिया था, जो आईसीएमआर की गाइडलाइन को पूरा ही नहीं करती थी।

### ऐसे किया था घोटाला

कोरोना जांच घोटाले में उत्तराखंड ही नहीं बल्कि कई अन्य राज्यों के लोगों के नाम का इस्तेमाल आरोपियों ने बखूबी किया। आमजन के मोबाइल फोन नंबरों के डॉटा के माध्यम से इस घोटाले का ताना बाना बुना गया। बाकायदा मोबाइल फोन नंबरों पर कोरोना जांच के मैसेज भेजे गए। कुंभ मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के नाम पर 1,24031 व्यक्तियों की कोविड टेस्टिंग करने का दावा करते हुए चार करोड़ का बिल मेला प्रशासन को थमा दिया गया था। उसी के आधार पर भुगतान की पहली किस्त 15,41670 रुपए ले भी लिए गए थे।

## अधिक पैसा वसूलने का केस निपटाने को राज्य तलब

नई दिल्ली | एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कोरोना मरीजों, उनके परिवारों से अधिक पैसा वसूले जाने की जांच के लिए समिति गठित किए जाने की मांग वाली याचिका पर सभी राज्यों से सोमवार को जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने सभी राज्यों को नोटिस जारी किए और याचिकाकर्ता अभिनव थापर से कहा कि वह अपनी याचिका में संशोधन करें और इसमें सभी राज्यों को पक्षकार बनाएं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, अतः याचिकाकर्ता राज्यों को इस याचिका में पक्षकार बनाता है तो यह उचित होगा। थापर की ओर से पेश अधिवक्ता कृष्ण वल्लभ ठाकुर ने कहा कि वह याचिका में इसे जोड़ेंगे।

8 अक्तूबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान अस्पतालों और चिकित्सकों द्वारा ज्यादा पैसा वसूले जाने से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए तंत्र विकसित करेगा। न्यायालय ने केंद्र से जवाब मांगा था। याचिका में बताया गया कि उत्तराखंड, चंडीगढ़, पंजाब और दिल्ली सरकार को भी मरीजों से अधिक धन वसूले जाने की शिकायतें मिली हैं।

## टीका परीक्षण पर 29 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उस याचिका पर सुनवाई वह 29 नवंबर को करेगा, जिसमें टीकों के क्लीनिकल ट्रायल के साथ टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल मामलों पर डेटा के खुलासे के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

शीर्ष अदालत ने गत अगस्त में केंद्र, भारत बायोटेक, एसआईआई और अन्य को उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें प्रतिकूल मामलों के संबंध में टीकाकरण के बाद के आंकड़ों का खुलासा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। चूंकि सुनवाई करने वाली पीठ दिन की लिए उठने वाली थी, याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने सुनवाई के लिए कोई तारीख देने का आग्रह किया। (एजेंसी)

## 'मॉडल बिल्डर-खरीदार समझौते पर जवाब दे केंद्र'

नई दिल्ली | एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में एक मॉडल बिल्डर-खरीदार समझौते की जरूरत है और केंद्र को इस मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल करना चाहिए क्योंकि यह 'जनहित में एक महत्वपूर्ण मामला' है।

न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज से जानकारी लेने और 22 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने नटराज से कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण मामला है न कि विरोध का मुद्दा। जनहित में यह एक महत्वपूर्ण मामला है। सरकार के पास रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (आरईआरए) के तहत एक मॉडल बिल्डर-खरीदार समझौता करने का अधिकार है। कृपया इसे देखें और 22 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करें। इस तरह के मॉडल समझौते के अनुरोध को लेकर घर खरीदारों का एक समूह इस अदालत में आया है।'

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय को इस मुद्दे पर एक संक्षिप्त नोट तैयार करने और इसे कानून अधिकारी के साथ याचिका के साथ साझा करने को कहा है।

## ऑकलैंड में खत्म होगा लॉकडाउन

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने कहा कि देश के सबसे बड़े शहर में लागू लॉकडाउन को इस महीने के अंत में समाप्त किया जा सकता है। हालांकि, प्रतिबंधों में कुछ छूट मंगलवार से दी जाने लगी हैं।

कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के प्रसार के बाद ऑकलैंड में करीब तीन महीने से प्रतिबंध है। पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से रोजाना संक्रमण के करीब 150 नए मामले सामने आए हैं और संक्रमितों की संख्या 4500 से ज्यादा हो गई।

अर्डर्न ने सोमवार को कहा कि शहर में 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच टीकाकरण दर मे सुधार का मतलब है कि प्रतिबंधों में छूट देना जारी रह सकता है। (एजेंसी)

## जायडस कैडिला से एक करोड़ खुराक मिलेंगी

नई दिल्ली | एजेंसी

दवा निर्माता कंपनी जायडस कैडिला ने सोमवार को पुष्टि की कि उसे भारत सरकार से 'जायकोव-डी' की एक करोड़ खुराक की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। सरकार टीके के लिए 265 रुपये प्रति खुराक की दर से भुगतान करेगी।

फार्मा कंपनी की ओर से दायर एक नियामक फाइलिंग में कहा गया है, जायडस कैडिला को विश्व के पहले प्लाज्मिड डीएनए टीके जायकोव-डी की एक करोड़ खुराक की आपूर्ति करने का ऑर्डर भारत सरकार से मिला है। खुराक 265 रुपये प्रति के हिसाब से दी जाएगी। वहीं, सुई मुक्त एप्लीकेटर 93 रुपये प्रति खुराक की दर से दिया जाएगा, जिसमें जीएसटी शामिल नहीं होगा।

कंपनी ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ परामर्श करने के बाद कीमत तय की गई है। टीका पारंपरिक सीरिंग के बजाय सुई मुक्त एप्लीकेटर के माध्यम से दिया जाएगा। एप्लीकेटर का नाम 'फार्माजेट' है। जायडस कैडिला के प्रबंध निदेशक शर्विल पटेल ने कहा, जायकोव-डी के जरिये सरकार के टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग देने में हमें खुशी होगी। हमें उम्मीद है कि सुई मुक्त टीके से ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण किया जा सकेगा।

## प्रवासी छात्रों की सामान्य श्रेणी में नीट काउंसलिंग

नई दिल्ली | एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भारत के सभी पात्र प्रवासी नागरिक (ओसीआई) उम्मीदवारों को स्नातक, स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए सामान्य श्रेणी में नीट काउंसलिंग में भाग लेने की सोमवार को अनुमति प्रदान कर दी।

न्यायमूर्ति एस.ए. नजीर और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा, 'आवेदकों और अन्य सभी पात्र उम्मीदवारों को, जिनकी स्थिति समान है, को मान्यता प्राप्त / मान्यता प्राप्त मेडिकल / डेंटल और अन्य कॉलेजों/ संस्थानों में एमबीबीएस/ बीडीएस पाठ्यक्रमों और अन्य स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों के समान सामान्य काउंसलिंग में शामिल होने की अनुमति है।' पीठ ने कहा, 'यह स्पष्ट किया जाता है कि यह अंतरिम राहत शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 तक ही सीमित है।' शीर्ष अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए जनवरी 2022 के दूसरे हफ्ते में सूचीबद्ध किया है।

## टीका लगवा चुके यात्री अमेरिका रवाना

नई दिल्ली | एजेंसी

अमेरिकी सरकार द्वारा कोविड रोधी पूर्ण टीकाकरण कराने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर से प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद आदित्य गर्ग सोमवार तड़के सैन फ्रांसिस्को रवाना हो गए, जहां वह काम करते हैं।

जयपुर के रहने वाले गर्ग कैलिफोर्निया स्थित इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी में काम करते हैं। वह उन कई लोगों में शामिल थे जो सोमवार तड़के अमेरिका जाने के लिए उड़ान में सवार होने के वास्ते दिल्ली हवाई अड्डा पहुंचे थे। गर्ग ने कहा कि वह पिछली बार गत वर्ष मार्च में लॉकडाउन लगने से पहले अमेरिका गए थे। वह यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान से सुबह साढ़े चार बजे रवाना हुए।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान लाउंज में प्रवेश करने से पहले कहा कि मैं बे एरिया में काम करता हूं और रहता हूं। राहत की बात है कि इतने लंबे समय बाद मैं अमेरिका जा पा रहा हूं, क्योंकि अमेरिकी अधिकारियों ने पूर्ण टीकाकरण करा चुके लोगों के लिए प्रतिबंधों में ढील दी है। हमें फिर भी सभी एहतियात बरतनी चाहिए।

### बीते साल कई देशों के लिए सरहदें बंद कर दी थीं

कोरोना वायरस महामारी के कारण अमेरिकी सरकार ने पिछले साल भारत सहित दुनिया के कई देशों के यात्रियों के लिए अपनी सरहदें बंद कर दी थीं। हालांकि बाद में कुछ श्रेणी के तहत वीज़ा हासिल करने वाले यात्रियों को ही अमेरिका जाने की इजाजत दी गई थी। अमेरिका ने आठ नवंबर से पूर्ण टीकाकरण कराने वाले भारत समेत अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटा लिया है लेकिन उन्हें अमेरिका जाने वाली उड़ान में सवार होने से पहले कोरोना वायरस की जांच की निगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी है।



नई दिल्ली से सोमवार को प्रतिबंध हटने के बाद अमेरिका के लिए रवाना होता एक यात्री। प्रेट्र

एशिया महिला लीडरशिप इंडेक्स-2021 में भारत 12वें स्थान पर और पाक सबसे नीचे, प्लान इंटरनेशनल ने यह सूची जारी की

# सिंगापुर की महिलाएं सामाजिक नेतृत्व में सबसे आगे

हनोई (वियतनाम) | एजेंसियां

एशिया महिला लीडरशिप (जीएलआई) इंडेक्स-2021 की सूची की ओवरऑल रैंकिंग में सिंगापुर शीर्ष पर है। वहीं, थाईलैंड और फिलीपींस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

सूची में वियतनाम चौथे स्थान पर और भारत 12वें स्थान पर है। 19 देशों की सूची में पाकिस्तान सबसे नीचे है। प्लान इंटरनेशनल ने यह सूची जारी की है। एशिया

| रैंकिंग | देश |
|---|---|
| 1. | सिंगापुर |
| 2. | थाईलैंड |
| 3. | फिलीपींस |
| 4. | वियतनाम |
| 5. | श्रीलंका |
| 6. | मालदीव |
| 7. | मलेशिया |
| 8. | भूटान |
| 12. | भारत |

जीएलआई सूची पहली बार 2019 में जारी की थी। यह दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के 19 देशों के लिए छह प्रमुख कार्यक्षेत्रों पर केंद्रित है। इन देशों को शामिल किया है। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, भारत, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, पाकिस्तान, नेपाल, फिलीपींस, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, तिमोरलेस्ते, वियतनाम।

### महिलाओं की सक्रियता बढ़ी

एशिया महिला लीडरशिप (जीएलआई) इंडेक्स-2021 की सूची में इस बार कई कार्यक्षेत्रों को शामिल किया है,इस साल फोकस राजनीतिक आवाज, प्रतिनिधित्व है। ये युवा महिला कार्यकर्ता परिवर्तन को बढ़ावा देने और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक माध्यमों का उपयोग कर रही हैं। महिलाएं सोशल मीडिया, सामुदायिक अभियान और सरकारी कानून का उपयोग कर अपनी सक्रियता बढ़ा रही हैं।

### सूची में तीन निम्नतम रैंकिंग वाले देश

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ब्रुनेई दारुस्सलाम सूची में तीन निम्नतम रैंकिंग वाले देश हैं। इसमें पहले के दो देश सार्क के सदस्य हैं। ब्रुनेई दारुस्सलाम की रैंकिंग दो निम्नतम रैंकिंग वाले देशों की तुलना में मामूली से अधिक है।

### लड़कियों के अधिकारों के मामले में वियतनाम आगे

लड़कियों के अधिकारों के लिए शीर्ष एशियाई देशों की सूची में वियतनाम चौथे स्थान पर है। प्लान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार वियतनाम लड़कियों के राजनीतिक भागीदारी अधिकारों को बढ़ावा देने में अग्रणी एशियाई देशों में से एक है।

## भारतवंशी की फांसी पर रोक

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने नशीले पदार्थ की तस्करी के लिए दोषी ठहराये गए भारतीय मूल के मलेशियाई व्यक्ति की फांसी की सजा सोमवार को तब तक के लिए निलंबित कर दी जब तक कि एक अपील पर सुनवाई नहीं हो जाती। व्यक्ति की फांसी रोकने के लिए विश्व भर में मांग की जा रही है।

मानसिक रूप से अस्थिर माने जाने वाला एन. के धर्मलिंगम को बुधवार को नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में चांगी जेल में फांसी दी जानी थी। एक वेबसाइट ने बताया कि सोमवार को सिंगापुर के उच्च न्यायालय ने एक ऑनलाइन सुनवाई के दौरान उसकी निर्धारित फांसी पर एक अपील पर सुनवाई होने तक रोक लगा दी।

## गर्भवती के टीकाकरण का बिहार में सर्वेक्षण होगा

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार में 30 लाख गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं के टीकाकरण को लेकर सर्वेक्षण होगा। इस सर्वेक्षण में वैसी महिलाएं जो अनजाने भय या अज्ञानतावश कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत टीका नहीं ले सकी है, उनकी पहचान की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में करीब 30 लाख महिलाएं प्रतिवर्ष गर्भधारण करती हैं और प्रसव के बाद अपने नवजात शिशु को दुग्धपान कराती है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) के अनुसार गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं भी कोरोना टीका ले सकती हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि टीकाकरण के तहत सात करोड़ खुराकें दिए जाने के बाद अब वैसे सेक्टर जिनमें टीकाकरण कम हुआ है, उसकी पहचान की जा रही है।

इनमें गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का सर्वेक्षण कर टीकाकरण करने का निर्णय लिया है। राज्य में घर-घर सर्वेक्षण कर कोरोना टीका दिया जाएगा। इसकी शुरुआत सात नवंबर को कोरोना टीकाकरण के विशेष अभियान के तहत की गई।




## अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 05 | 04 | 01 | +2.464 | 08 |
| ऑस्ट्रेलिया | 05 | 04 | 01 | +1.216 | 08 |
| द. अफ्रीका | 05 | 04 | 01 | +0.739 | 08 |
| श्रीलंका | 05 | 02 | 03 | -0.269 | 04 |
| वेस्टइंडीज | 05 | 01 | 04 | -1.641 | 02 |
| बांग्लादेश | 05 | 00 | 05 | -2.383 | 00 |

**ग्रुप-2**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| पाकिस्तान | 05 | 05 | 00 | +1.583 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 05 | 04 | 01 | +1.162 | 08 |
| भारत | 05 | 03 | 02 | +1.747 | 06 |
| अफगानिस्तान | 05 | 02 | 03 | +1.053 | 04 |
| नामीबिया | 05 | 01 | 04 | -1.890 | 02 |
| स्कॉटलैंड | 05 | 00 | 05 | -3.543 | 00 |

आंकड़े : सोमवार तक के हैं।

**361** छक्के टी-20 विश्व कप के 42 मैच में अभी तक लग चुके

**502** विकेट विश्व कप के 42 मैच में अब तक गिर चुके



POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

● भारतीय टीम ने आखिरी लीग मुकाबले में नामीबिया को नौ विकेट से हराया ● 133 रन के लक्ष्य को 28 गेंद बाकी रहते हासिल किया

# आसान जीत के साथ टीम इंडिया की विदाई

दुबई | एजेंसी

नतीजे के लिहाज से नामीबिया संग भारत के मैच के कोई मायने नहीं थे। पर सोमवार का यह मैच एक साथ कई विदाई का मुकाबला था। टीम इंडिया की यूएई से, विराट कोहली की कप्तानी से और रवि शास्त्री की कोचिंग से।

भारत ने केएल राहुल (नाबाद 54 रन) और रोहित शर्मा (56 रन) के अर्धशतकों से नामीबिया को नौ विकेट से हरा दिया। भारत ने 28 गेंद शेष रहते एक विकेट पर 136 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। रवि शास्त्री और कोहली को यह मैच खत्म होने का जैसे बेसब्री से इंतजार था। दोनों ने जीत के बाद एकदूसरे को भावुक अंदाज में गले लगाया और टीम के सभी खिलाड़ियों से मिले। इस जुगलबंदी का अंत इस जीत के बावजूद निराशाजनक रहा।

**कप्तान के रूप में 50वां मैच :** टी-20 टीम के कप्तान के रूप में अपने 50वें और अंतिम मैच में कोहली ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के फिरकी के जादू से भारत ने नामीबिया को आठ विकेट पर 132 रन के स्कोर पर रोक दिया। जडेजा ने 16 रन देकर तीन जबकि अश्विन ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने भी 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

**17 अतिरिक्त रन :** नामीबिया की ओर से डेविड विसे (26 रन) और ओपनर स्टीफन बार्ड (21रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। भारत ने 17 अतिरिक्त रन दिए जिससे नामीबिया ठीकठाक स्कोर तक पहुंचा।

**03** विकेट लिए मैन ऑफ द मैच रवींद्र जडेजा ने 16 रन खर्च करके

**56** रन रोहित शर्मा ने सात चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए

**03** हजार रन रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में पूरे किए



सोमवार को नामीबिया के बल्लेबाज को आउट करने के बाद अश्विन और दूसरे खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते रवींद्र जडेजा। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| नामीबिया | (20 ओवर में) 8/ 132 रन | | |
|---|---|---|---|
| बार्ड एलबीडब्ल्यू जडेजा | 21 | 21 | 1/1 |
| वैन क. शमी ब. बुमराह | 14 | 15 | 2/0 |
| क्रेग क. पंत ब. जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |
| इरास्मस क. पंत ब. अश्विन | 12 | 20 | 1/0 |
| निकोल क. रोहित ब. अश्विन | 05 | 05 | 0/0 |
| विसे क. रोहित ब. बुमराह | 26 | 25 | 2/0 |
| स्मिट क. रोहित ब. जडेजा | 09 | 09 | 1/0 |
| जेन ग्रीन ब. अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| फ्रीलिंक नॉटआउट | 15 | 15 | 0/0 |
| ट्रंपलमैन नॉटआउट | 13 | 06 | 1/1 |

अतिरिक्त : 17

विकेट पतन : 1-33, 2-34, 3-39, 4-47, 5-72, 6-93, 7-94, 8-117.

| गेंदबाजी : | |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | 4-0-27-1 |
| जसप्रीत बुमराह | 4-0-43-0 |
| आर अश्विन | 4-0-20-3 |
| रवींद्र जडेजा | 4-0-16-3 |
| राहुल चाहर | 4-0-30-0 |

| भारत | (15.2 ओवर में) 1/ 136 रन | | |
|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल (नाबाद) | 54 | 36 | 4/2 |
| रोहित क. ग्रीन ब. फ्रीलिंक | 56 | 37 | 7/2 |
| सूर्यकुमार | 25 | 19 | 4/0 |

अतिरिक्त : 01, विकेट पतन : 1-86

| गेंदबाजी : | |
|---|---|
| रुबन ट्रंपलमैन | 3-0-26-0 |
| डेविड विसे | 2-0-18-0 |
| बेमर्ड स्कॉल्ट्ज | 1-0-11-0 |
| जेजे स्मिट | 2-0-17-0 |
| जेन फ्रीलिंक | 2-0-19-1 |
| निकोल लोफ्टि-एटन | 4-0-31-0 |
| मिचेल वैन लिंगेन | 1.2-0-13-0 |

## कोच शास्त्री और कप्तान कोहली का दौर खत्म, द्रविड़ का युग शुरू

विराट कोहली का बतौर टी-20 कप्तान और कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल विश्व कप के आखिरी मैच के साथ खत्म हो गया। इसके साथ राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के कोच बन गए

### विराट-शास्त्री के बड़े कमाल

1 **बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में जीत (2018-19) :** दोनों के मार्गदर्शन में भारत ने टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर हराने वाली पहली एशियाई टीम बनकर इतिहास रचा

2 शास्त्री के कोच रहते भारत ने 2017 में श्रीलंका का 3-0 से सूपड़ा साफ किया। टीम ने पहली बार यह कारनामा किया था

3 भारत ने पहली बार कैरेबियाई सरजमी पर टेस्ट सीरीज में विंडीज का सूपड़ा साफ किया

4 **टेस्ट रैंकिंग के 42 महीने तक शीर्ष पर :** कोच शास्त्री और कप्तान कोहली की कमान में भारतीय टीम 2016 से 2020 तक 42 महीनों के लिए टेस्ट में दुनिया की नंबर एक टीम बनी रही

5 **विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (2021) :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले सत्र के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि कोहली की टीम को फाइनल में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा



"सबसे पहले मेरे दिमाग में आराम की बात आती है। मैं मानसिक रूप से थका हुआ हूं, लेकिन मेरी उम्र में मैं ऐसा होने की उम्मीद करता हूं। हालांकि, ये खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थके हुए हैं। हम छह महीने से जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा हैं..आदर्श स्थिति में हम आईपीएल और टी-20 विश्व कप के बीच में लंबा ब्रेक चाहते, क्योंकि बड़े मैच के साथ भारी दबाव आता है तो आप उस तरह प्रदर्शन नहीं पाते जैसा करना चाहते हैं। यह कोई बहाना नहीं है। हम हार स्वीकार करते हैं। यहां हमने जीतने का प्रयास नहीं किया क्योंकि हमें एक्स फैक्टर की कमी खल रही थी। **-रवि शास्त्री**

### रोहित पिछले कुछ समय से चीजों को देख रहे हैं: कोहली

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को रोहित शर्मा को टी-20 कप्तानी के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाने की लगभग पुष्टि करते हुए कहा कि वह कुछ समय से चीजों को देख रहे हैं। रोहित 19 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू सीरीज से टीम की कमान संभाल सकते हैं। कोहली ने कहा, टीम ने जिस तरह से खेला, उस पर मुझे बहुत गर्व है। अब मुझे लगता है कि इस टीम को आगे बढ़ाने के लिए दूसरों को जिम्मेदारी देने का समय आ गया है।

**बेमिसाल**

## पाकिस्तान टीम का कायाकल्प

**दुबई।** विश्व कप में पाक दमदार टीम के रूप में सामने आई। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ने दिखा दिया कि विपरीत हालात में किस प्रकार खेला और उसका लुत्फ उठाया जाता है। पाक के बेहतरीन खेल का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह सेमीफाइनल में कदम रखने वाली पहली टीम थी, वहीं उसने अजेय रहते हुए टूर्नामेंट का पहला दौर खत्म किया। ऐसा करने वाली वह विश्व कप की इकलौती टीम है।

### चार बातें जो बनाती हैं इस टीम को खास

1 बाबर आजम की बेमिसाल कप्तानी टीम के कायाकल्प की अहम वजह रही। दबाव में शांत रहना और सटीक फैसले करना उन्हें कैप्टन कूल बनाता है। विश्व कप में उन्होंने साबित किया

2 शानदार खिलाड़ियों की फौज पाक टीम को खास बनाती है। सभी ने सर्वश्रेष्ठ क्षमता से प्रदर्शन किया

3 पाक की खास बात यह भी रही कि यह टीम कभी दबाव में नहीं दिखी। खिलाड़ियों ने खेल का लुत्फ उठाया और जीत के लिए खेले

4 टीम ने सीमित संसाधनों का बेहतरीन इस्तेमाल किया। नए प्रबंधन ने आत्मविश्वास, हौसला बढ़ाया

"ईमानदारी से कहूं तो जब मैं आईना देखता हूं तो मेरे अंदर खुद को फिट रखने का जुनून पैदा होता है। सबसे महत्वपूर्ण है कि मैं आज भी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि मैं एक साल या दो साल और खेलूंगा। अभी एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता चल रही है और मैं इस बारे में नहीं सोच रहा हूं। **-शोएब मलिक**

## हैदराबाद ने अंतिम गेंद पर दिल्ली को मात दी

**मुश्ताक ट्रॉफी**

**सुल्तानपुर (हरियाणा)।** कप्तान तन्मय अग्रवाल के अर्धशतक से हैदराबाद ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के ग्रुप ई के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को अंतिम गेंद पर दिल्ली को तीन विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए हैदराबाद ने दिल्ली को पांच विकेट पर 171 रन पर रोक दिया। हैदराबाद ने इसके बाद अंतिम गेंद पर 172 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। अग्रवाल ने 34 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्के ठोके। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े जिन्होंने 32 गेंद में 37 रन बनाए।

**उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड को हराया :** ग्रुप के एक अन्य मैच में उत्तर प्रदेश ने 15 गेंद शेष रहते उत्तराखंड को सात विकेट से हराया जबकि सौराष्ट्र ने चंडीगढ़ को 42 रन से शिकस्त दी। उत्तराखंड की टीम को सात विकेट पर 124 रन पर रोकने के बाद उत्तर प्रदेश ने करण शर्मा (नाबाद 52) और रिंकू सिंह (नाबाद 44) की नाबाद पारियों की बदौलत 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 125 रन बनाकर जीत दर्ज की।

**सौराष्ट्र भी जीता :** सौराष्ट्र ने अर्पित वसावदा (72) और शेल्डन जैकसन (70) की पारियों की बदौलत चार विकेट पर 209 रन बनाने के बाद चंडीगढ़ को छह विकेट पर 167 रन पर रोक दिया।

### चैंपियन तमिलनाडु को गोवा ने 7 विकेट से पीटा

**लखनऊ।** गोवा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इलीट ग्रुप ए के मैच में सोमवार को गत चैंपियन तमिलनाडु को सात विकेट से हराकर उलटफेर किया। तमिलनाडु की चार मैच में यह पहली हार रही। तमिलनाडु को नौ विकेट पर 136 रन पर रोकने के बाद गोवा ने 18.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### छत्तीसगढ़ ने मुंबई को एक रन से शिकस्त दी

**गुवाहाटी।** सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवादकर और शशांक सिंह अर्धशतकों के दम पर छत्तीसगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट के ग्रुप बी के रोमांचक मैच में मुंबई को एक रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। छत्तीसगढ़ ने अखिल (53) और शशांक (57) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 157 रन बनाए। मुंबई इसके जवाब में कप्तान अजिंक्य रहाणे (69) और सिद्धेश लाड (46) की पारी के बावजूद 20 ओवर में पांच विकेट पर 156 रन ही बना सकी। मुंबई को सौरभ मजूमदार के अंतिम ओवर में जीत के लिए आठ रन की दरकार थी, लेकिन टीम ने पहली गेंद पर ही रहाणे का विकेट गंवा दिया और बाकी पांच गेंद में छह रन ही जोड़ सकी।

### जेसन रॉय टी-20 विश्व कप से बाहर

**दुबई।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जेसन रॉय पिंडली में चोट के कारण बाकी बचे टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह जेम्स विंस को टीम में शामिल किया गया है। विश्व कप की तकनीकी समिति ने टीम में रॉय की जगह विंस को शामिल करने को स्वीकृति दे दी है। कोरोना पृथकवास जरूरतों को देखते हुए प्रत्येक टीम को अपने साथ तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों को रखने की स्वीकृति थी।

### शतरंज : हरिका पांचवें स्थान पर

**रीगा (लातविया)।** भारतीय स्टार द्रोणवली हरिका ने फिडे महिला ग्रैंड स्विस शतरंज प्रतियोगिता में यूक्रेन की शीर्ष वरीय मारिया मुजिचुक को ड्रॉ पर रोककर पांचवां स्थान हासिल किया। इसके साथ उन्होंने अगले महिला ग्रां प्री चक्र के लिए क्वालीफाई किया।

### अबुधाबी टी-10 लीग का आगाज 19 से

**अबुधाबी।** अबुधाबी टी-10 क्रिकेट लीग के पांचवें सत्र का आगाज मौजूदा चैंपियन नॉर्दर्न वॉरियर्स-दिल्ली बुल्स के मैच के साथ 19 नवंबर को होगा। दिन का दूसरा मैच अबुधाबी-बांग्ला टाइगर्स के बीच होगा। नॉर्दर्न वॉरियर्स में मोईन अली व क्रिस जॉर्डन जैसे दिग्गज है तो दिल्ली बुल्स में ड्वेन ब्रावो और इयोन मोर्गन जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम 24 साल बाद पाकिस्तान दौरे के लिए तैयार

**क्रिकेट डायरी**

लाहौर | एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने 24 साल बाद पाकिस्तान में पूर्ण सीरीज (सीमित ओवर के साथ टेस्ट सीरीज) खेलने पर हामी भर दी है। हाल ही में सुरक्षा कारणों से न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था।

**पिछला दौरा 1998 में :** ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार 1998 में पाकिस्तान का दौरा किया था। वह अगले साल मार्च में शुरू होने वाले दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले ये मैच कराची (तीन से सात मार्च), रावलपिंडी (12 से 16 मार्च) और लाहौर (21 से 25 मार्च) में होंगे। पाक क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को इस दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि सीमित ओवर के चार मैच 29 मार्च से पांच अप्रैल के बीच होंगे।

**न्यूजीलैंड-इंग्लैंड ने रद्द किया था दौरा :** इस साल सितंबर में न्यूजीलैंड की टीम पाक पहुंचने के बाद सुरक्षा खतरे के कारण मैच खेले बिना ही घर वापस लौट गई थी। इसके तुरंत बाद, इंग्लैंड ने भी घोषणा की कि वे टी-20 विश्व कप से पहले इस देश का दौरा नहीं करेंगे।

**काम जारी रखेंगे :** ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान में आना हाल में पीसीबी के प्रमुख बने रमीज राजा के लिए एक बड़ी जीत है। उन्होंने इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के हटने के बाद ऑस्ट्रेलिया के दौरे की उम्मीद नहीं की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि हम दौरे की योजना बनाने के लिए पीसीबी को धन्यवाद देते हैं और आवश्यक संचालन, रसद, सुरक्षा और कोविड-19 प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने के लिए आने वाले महीनों में काम करना जारी रखेंगे।

**पिछली बार ऑस्ट्रेलिया जीता था :** 1998-99 में पाक के अपने पिछले दौर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मार्क टेलर की अगुआई में टेस्ट सीरीज में 1-0 से जीत दर्ज की थी। फिर इसके बाद 2002 में ऑस्ट्रेलिया ने दौरे से ठीक पहले पाक में हुए आत्मघाती हमले के कारण यात्रा करने से इनकार कर दिया था।

"मुझे खुशी है कि हम तीन टेस्ट मैच की सीरीज खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम में से एक है और 24 साल के अंतराल के बाद पहली बार हमारे देश में खेलना प्रशंसकों के लिए एक विशेष पल होगा। उनकी मेजबानी हमारे लिए बहुत खुशी की बात होगी। **-रमीज राजा,** पीसीबी प्रमुख

### शोएब को 10 करोड़ मानहानि का नोटिस



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के 46 वर्षीय पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की मुसीबतें बढ़ती ही जा रही हैं। हाल में उनका अपने देश की एक प्रतिष्ठित चैनल पीटीवी के साथ ऑन एयर विवाद हो गया था। शो के प्रस्तोता ने उन्हें बाहर जाने को कह दिया था। अब पीटीवी ने उनके ऊपर मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए उन्हें 10 करोड़ रुपये का रिकवरी नोटिस भेजा है। इसकी पुष्टि खुद शोएब ने की। अख्तर ने रविवार को ट्वीट किया, मैं बेहद निराश हूं। जब मैं पीटीवी के साथ जुड़ा हुआ था, उस वक्त मेरे सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा करने में फेल होने के बाद उन्होंने मुझे रिकवरी नोटिस भेजी है। मैं फाइटर हूं और हार नहीं मानूंगा। मैं कानूनी कारवाई का सामना करूंगा। मेरे वकील इसका जवाब देंगे।

**स्पोर्ट्स लाइव**

### संकल्प गुप्ता भारत के 71वें ग्रैंडमास्टर



**चेन्नई।** संकल्प गुप्ता भारत के 71वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। संकल्प ने सर्बिया के अरांदजेलोवाक में जीएम आस्क थ्री राउंड रोबिन प्रतियोगिता में 6.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहकर तीसरा ग्रैंडमास्टर नार्म हासिल किया। संकल्प ने लगातार तीन टूर्नामेंट में खेलते हुए 24 दिन के अंदर तीन ग्रैंडमास्टर नार्म हासिल किए। यह उपाधि पाने के लिए खिलाड़ी को तीन ग्रैंडमास्टर नार्म प्राप्त करने पड़ते हैं। उसकी ईएलओ रेटिंग 2500 या अधिक होनी चाहिए।

### योगासन चैंपियनशिप 11 नवंबर से शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय से मान्यता हासिल करने वाले योगासन की पहली (ऑफलाइन) राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 13 नवंबर के बीच भुवनेश्वर में किया जाएगा। इसमें 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

### वर्सटापेन मैक्सिकन ग्रां प्री में विजेता बने

**मैक्सिको सिटी।** रेडबुल के मैक्स वर्सटापेन ने रविवार को मैक्सिको सिटी ग्रां प्री फार्मूला वन रेस जीती। इसके साथ उन्होंने चैंपियनशिप के लिए मर्सिडीज के लुइस हैमिल्टन पर बढ़त मजबूत की। वर्सटापेन के साथी पेरेज इस रेस के इतिहास में पोडियम पर पहुंचने वाले मैक्सिको के पहले ड्राइवर बने।

**खेल मसाला**

## कायली ने समुद्र की रेत पर धूप का आनंद लिया

### माइकल क्लार्क की पूर्व पत्नी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर फिटनेस और खूबसूरती दिखाई



ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान रहे माइकल क्लार्क की पूर्व पत्नी इन दिनों सिडनी में धूप के दिनों का आनंद ले रही हैं। 40 वर्षीय कायली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक सेल्फी साझा की जिसमें वह समुद्र के किनारे रेत पर लेटी हुई हैं। इस सेल्फी में उन्होंने काले रंग की टू पीस बिकनी पहनी हुई हैं जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस तस्वीर को देखकर यह साफ कहा जा सकता है कि वह आज भी बहुत फिट हैं। इसमें उनकी काया बेहद आकर्षक दिखाई दे रही है। कायली ने पिछले हफ्ते अपने पांच साल की बेटी केल्सी ली के साथ समुद्र तट पर समय बिताया। यह उसी समय की तस्वीर है। इसके अलावा कायली ने पहले भी कई और तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जिसमें वह अपनी खूबसूरती और फिटनेस दिखाती नजर आती हैं। समुद्र तट पर मस्ती और आराम के दौरान की तस्वीरों में कायली ने अपनी बेटी की भी एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह बहुत प्यारी लग रही है। इसमें दोनों एकदूसरे को किस करने का प्रयास कर रही हैं। इसे साझा करते हुए कायली ने लिखा कि केल्सी और मैं हमेशा किसी भी क्षण का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। हम मस्ती और एकदूसरे के साथ का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। कायली ने अपनी और केल्सी की तस्वीर वाली पोस्ट को प्यारा सा कैप्शन भी दिया और लिखा, इट्स ऑलवेज यू बेला।

**दिग्गज बोले**

## आईपीएल के बजाए देश पर ध्यान दें : कपिल

**टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद दिग्गजों ने भारतीय टीम की आलोचना करने के साथ खिलाड़ियों को पिछली गलतियों को लेकर आगाह किया। उन्होंने खामियां बताने के साथ आने वाले दिनों के लिए अहम नसीहत भी दी...**

**नई दिल्ली।** विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का मानना है कि देश के क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम से अधिक आईपीएल को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा टी-20 विश्व कप के दौरान की गई गलतियों से बचने के लिए बेहतर कार्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी बीसीसीआई की है।

भारत सुपर-12 में पहले दो मैच गंवाने के कारण विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना पाया। कपिल ने कहा कि जब खिलाड़ी देश के लिए खेलने से ज्यादा आईपीएल को प्राथमिकता देते हैं, तो हम क्या कह सकते हैं? खिलाड़ियों को अपने देश के लिए खेलने पर गर्व होना चाहिए। आईपीएल का आयोजन विश्व कप से ठीक पहले किया गया था। कोरोना के कारण बीसीसीआई ने इतना व्यस्त कार्यक्रम तैयार किया। मुझे लगता है कि पहले राष्ट्रीय टीम और फिर फ्रेंचाइजी होनी चाहिए।



"यह भविष्य पर गौर करने का समय है। आपको तुरंत योजना तैयार करनी शुरू कर देनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि विश्व कप खत्म हो गया है तो भारतीय टीम का पूरा क्रिकेट भी खत्म हो गया है। आईपीएल और विश्व कप के बीच कुछ समय का अंतर होना चाहिए था। **-कपिल देव**

### टीम रन ही नहीं बना सकी : गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों का मजबूत देशों के खिलाफ रन बनाने में असफल रहना टीम के विश्व कप से जल्दी बाहर होने का मुख्य कारण रहा। उन्होंने टीम से पावरप्ले के ओवर में अपना रवैया बदलने का आग्रह किया। गावस्कर ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने हमारे बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया और उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, यही मुख्य कारण था कि भारत आगे नहीं बढ़ पाया। ओस (दूसरी पारी में) बल्लेबाजी को आसान बना रही थी क्योंकि गेंद टर्न नहीं कर रही थी और स्पिनरों की गेंदें सीधी जा रही थी।

"भारत के पास प्रतिभा की कमी नहीं है। हालांकि, भारत आईसीसी टूर्नामेंट में खुलकर नहीं खेलता। वहीं, वैकल्पिक योजना का अभाव व चयन से जुड़े मुद्दे विश्व कप से टीम के बाहर होने के कारण रहे। **-नासिर हुसैन,** पूर्व कप्तान, इंग्लैंड

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर कार्यकारी सम्पादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

# देश-विदेश

## वांग अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली पहली चीनी महिला

उपलब्धि

**बीजिंग | एजेंसी**

अंतरिक्ष यात्री वांग यपिंग ने सोमवार को अंतरिक्ष में चलने वाली पहली चीनी महिला की उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया है।

अपने पुरुष सहकर्मी झाई जिगांग के साथ वह निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकलीं और छह घंटे से ज्यादा समय तक उन्होंने अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया। सरकारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली।

सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार दोनों अंतरिक्ष स्टेशन के कोर मॉड्यूल 'तियान' से बाहर निकले और सोमवार तड़के साढ़े छह घंटे तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की और फिर सफलतापूर्वक स्टेशन लौट आए। 'चाइना मेन्ड स्पेस एजेंसी' ने एक बयान में कहा कि चीन के अंतरिक्ष इतिहास में पहली बार था जब एक महिला अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में चहलकदमी की।

चीन ने तीन अंतरिक्ष यात्रियों को 16 अक्टूबर को छह महीने के लिए शेनजो-13 यान से अंतरिक्ष में रवाना किया था। देश द्वारा आर्बिटिंग स्ट्रक्चर (अंतरिक्ष स्टेशन) का काम पूरा करने के लक्ष्य से इन्हें भेजा गया है। ऐसी उम्मीदें हैं कि स्टेशन निर्माण का काम अगले साल तक पूरा हो जाएगा। 41 वर्षीय वांग पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स से अगस्त1997 में जुड़ी थीं। पीएलए की अंतरिक्ष इकाई के दूसरे समूह के अंतरिक्षयात्रियों से मई, 2010 में जुड़ने से पहले वह उप स्क्वाड्रन कमांडर थीं। अंतरिक्ष में जाने वाली वह दूसरी चीनी महिला हैं।



अंतरिक्ष स्टेशन के कोर मॉड्यूल 'तियान' से सोमवार सुबह बाहर निकलतीं चीनी अंतरिक्ष यात्री वांग यपिंग। इसके बाद उन्होंने अंतरिक्ष में चहलकदमी की। • एपी



**06** घंटे से ज्यादा समय तक अंतरिक्ष गतिविधियों में हिस्सा लिया

**16** अक्तूबर को छह माह के लिए अंतरिक्ष रवाना हुईं थीं यपिंग

**दिसंबर 2019 में चयन हुआः** मौजूदा मानव अंतिरक्ष मिशन के लिए वांग का चयन दिसंबर 2019 में किया गया था। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री संघ के लिए अंतरिक्ष परिवहन समिति के उपाध्यक्ष यांग यूगुआंग ने कहा कि हम वांग की बहादुरी के जरिए इतिहास रचते देख रहे हैं।

पीएमएसए कर्मियों ने भारतीय नौका पर गोली चला दी थी

## भारत में दस पाक सुरक्षा कर्मियों पर मामला दर्ज

मछुआरा गोलीबारी

**पोरबंदर | एजेंसी**

गुजरात पुलिस ने तटीय इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में भारतीय मछुआरे की मौत के सिलसिले में पाकिस्तान नौवहन सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) के 10 कर्मियों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

गुजरात के अपतटीय क्षेत्र में अरब सागर में पीएमएसए के कर्मियों ने मछली पकड़ने वाली एक नौका पर शनिवार को गोली चला दी थी। इसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीएमएसए के 10 कर्मियों के खिलाफ पोरबंदर जिले के नवी बंदर पुलिस थाने में रविवार रात भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और 114 के अलावा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। गौरतलब है कि पोरबंदर जिले की पुलिस का क्षेत्राधिकार गुजरात तट से 12 समुद्री मील से अधिक है।

प्राथमिकी के अनुसार 10 अज्ञात पीएमएसए कर्मियों पर शनिवार शाम करीब चार बजे मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नाव जलपरी पर गोलीबारी करने का आरोप है, जिसमें महाराष्ट्र के पालघर जिले के मछुआरे श्रीधर रमेश चमरे की मौत हो गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक दो नावों पर पीएमएसए के पांच-पांच कर्मचारी सवार थे।

गोलीबारी की इस घटना में दिलीप सोलंकी नामक एक अन्य मछुआरा घायल हो गया। दिलीप दीव का रहने वाला है। उसका गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के ओखा तटीय शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मछली पकड़ने वाली नाव पर चालक दल के सात सदस्य थे।

### पाकिस्तान के समक्ष पुरजोर विरोध जताया

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तान उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और पाकिस्तानी पक्ष द्वारा की गई एक निर्दोष भारतीय मछुआरे की हत्या पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। पाकिस्तानी नौवहन सुरक्षा एजेंसी ने शनिवार को अरब सागर में मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नाव पर अकारण गोलीबारी की, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई, एक अन्य घायल हो गया। एक सूत्र ने कहा, 'पाकिस्तान उच्चायोग के वरिष्ठ राजनयिक को आज विदेश मंत्रालय ने तलब किया। पाक की ओर से भारतीय मछुआरों पर अकारण गोलीबारी की घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।'

## पाक में चरमपंथी समूह टीएलपी से प्रतिबंध हटा

**इस्लामाबाद | एजेंसी**

चरमपंथी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) की ओर से हाल में शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन वापस लेने के बदले पाकिस्तान की सरकार ने टीएलपी पर से प्रतिबंध हटा लिया है। सरकार के विरोध में उक्त प्रदर्शन में 21 की जान गई थी, जिनमें आधी संख्या पुलिसकर्मियों की थी।

फ्रांस में प्रकाशित हुए ईशनिंदा से संबंधित कार्टून के मुद्दे पर टीएलपी ने फ्रांसीसी राजदूत को वापस भेजने की मांग की थी और हिंसक प्रदर्शन किया था, जिसके बाद इस साल अप्रैल में संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

हाल में टीएलपी के साथ एक गोपनीय समझौता करने वाली सरकार ने रविवार को एक औपचारिक अधिसूचना जारी की और टीएलपी को प्रतिबंधित संगठनों की सूची से बाहर कर दिया। संगठन की ओर से भविष्य में कानून के दायरे में रहकर काम करने की प्रतिबद्धता जताने के बाद यह कदम उठाया गया है।

## अमेरिकी विश्वविद्यालय खाली करने के आदेश

**वाशिंगटन | एजेंसी**

न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों को बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद खाली करने के आदेश दिए गए हैं।

कोलंबिया विश्वविद्यालय ने ट्विटर पर कहा, रविवार 7 नवंबर को विश्वविद्यालय भवनों पर बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन अलर्ट जारी किया। न्यूयार्क पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यूयार्क पुलिस ने हालांकि इन धमकियों को विश्वसनीय नहीं माना है, आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है। न्यूयॉर्क में कॉर्नेल विश्वविद्यालय ने भी ऐसी ही धमकी की सूचना दी है।

## इजरायल ने बनाई एनएसओ से दूरी

**येरुशलम।** वैश्विक स्तर पर सरकारी अधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की कथित तौर पर जासूसी करने के लिए इस्तेमाल पेगासस स्पाईवेयर को बनाने वाली एनएसओ को अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद इजराइल ने प्रौद्योगिकी कंपनी से दूरी बना ली है।

इजरायल के विदेश मंत्री, येर लापिद ने प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और वित्त मंत्री एविगडोर लिबरमैन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, एनएसओ एक निजी कंपनी है, यह एक सरकारी परियोजना नहीं है और भले ही इसे नामित किया गया हो, इसका इजरायल सरकार की नीतियों से कोई लेना-देना नहीं है। **(एजेंसी)**

## पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल

**ह्यूस्टन।** जॉर्जिया प्रांत में एक घरेलू विवाद को सुलझाने गए भारतीय मूल के 38 वर्षीय अमेरिकी पुलिसकर्मी पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी और फरार हो गया। गोली लगने से पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए।

एबीसीन्यूज डॉट काम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जॉर्जिया और नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन हॉल ऑफ फेमर शेक्विल ओ नील के जांचकर्ताओं ने परमहंस देसाई नामक पुलिसकर्मी को गोली मार कर घायल करने वाले संदिग्ध के बारे में जानकारी के लिए 30,000 डॉलर का इनाम देने की पेशकश की है।

## सूडान में 100 लोग गिरफ्तार

**खार्तूम।** सूडान के सुरक्षा बलों ने देश में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद रविवार को लोकतंत्र समर्थकों पर एक बार फिर कार्रवाई दोहराई। इसके तहत सैन्य बलों ने राजधानी खार्तूम में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करते हुए 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

सूडान की सेना ने 25 अक्तूबर को सत्ता पर कब्जा कर अस्थाई सरकार को भंग कर दिया था। इस दौरान कई अधिकारियों, राजनेताओं को गिरफ्तार किया था। तख्तापलट के विरोध में खार्तूम और देश में अन्य कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए गए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तख्तापलट की आलोचना हुई।






### अध्ययन में युवाओं के एक दशक के स्वास्थ्य आंकड़ों की जांच

# युवाओं की मानसिक सेहत पर भारी भेदभाव

**दावा**

वाशिंगटन | एजेंसी

सामाजिक भेदभाव युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। यूसीएलए के नए अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आए हैं। इसके मुताबिक जिन युवाओं ने भेदभाव का सामना किया है, उनके अल्पकालीन व दीर्घकालीन व्यवहार के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। निष्कर्ष 'पीडियाट्रिक्स' पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

**1800 से अधिक अमेरिकियों पर हुआ अध्ययन :** शोधकर्ताओं ने 18 से 28 वर्ष के बीच के 1,834 अमेरिकी वयस्कों पर अध्ययन किया है, इसके तहत उनके एक दशक के स्वास्थ्य आंकड़ों की जांच की गई।



**18**

सौ से अधिक अमेरिकी वयस्कों के आंकड़े शामिल किए गए

- 26 फीसदी ने आम कारणों से भेदभाव की बात कही

### अध्ययन के निष्कर्ष विशेष रूप से प्रासंगिक

यूसीएलए में स्कूल ऑफ मेडिसिन के एक मेडिकल छात्र यवोन लेई ने कहा कि वयस्कता का समय मानसिक और व्यवहारिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए अहम है। निष्कर्ष विशेष रूप से प्रासंगिक हैं। युवा वयस्कों को तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

### 93 फीसदी लोगों ने स्वीकारा भेदभाव हुआ

अध्ययन में 1800 से अधिक अमेरिकी वयस्कों के 2007 से 2017 तक के आंकड़े शामिल थे। इसमें लगभग 93 फीसदी लोगों ने भेदभाव सहने की जानकारी दी। इनमें से 26 फीसदी वयस्कों ने आम कारणों से भेदभाव सहने की जानकारी दी।

# कोविड महामारी के दौरान डिमेंशिया टेस्ट में गिरावट

ब्रिटेन | एजेंसी

महामारी के दौरान डिमेंशिया के आकलन में एक तिहाई की गिरावट आई है। याददाश्त में कमी वाले लोगों को एनएचएस हेल्प से गायब कर दिया गया है। एक चैरिटी ने चेतावनी दी है कि लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उन्हें डिमेंशिया हो सकता है, इसलिए उनकी स्थिति अनिश्चितता वाली है। अल्जाइमर सोसायटी द्वारा एनएचएस डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि सितंबर में डिमेंशिया के 19,393 मामले थे, जो कोविड-19 से पहले मासिक मामलों से करीब 28,641 कम थे।

**चिंताजनक**

- महामारी में डिमेंशिया परीक्षण में एक तिहाई कटौती हुई
- याददाश्त में कमी वालों को एनएचएस हेल्प से गायब किया

आमने-सामने अपॉइन्टमेंट की कमी के कारण डिमेंशिया के आकलनों की संख्या 30 प्रतिशत गिरकर 23,986 से 16,800 हो गई है। हालांकि एनएचएस का यह सुझाव भी है कि मामले इसलिए भी गिर सकते हैं, क्योंकि लोग खुद महामारी के कारण डॉक्टर के पास जाने से घबरा रहे थे।

# भारतीय संगठनों को आर्थिक मदद

**नई दिल्ली।** गूगल की परोपकार सेवा इकाई गूगलडॉटओआरजी ने सोमवार को घोषणा की कि गूगलडॉटओआरजी इम्पैक्ट चैलेंज फॉर वूमेन एंड गर्ल्स के तहत उसने 19 देशों से 34 संगठनों को वित्तपोषण के लिए चुना है, जिनमें तीन भारतीय गैर-लाभकारी संगठन शामिल हैं। इनमें संहिता-सीजीएफ, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन और स्वातलीम फाउंडेशन शामिल हैं। इन्हें कुल मिलाकर करीब 18.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके लिए मिली प्रतिक्रिया दूसरे गूगलडॉटओआरजी इम्पैक्ट चैलेंज के लिए मिली प्रतिक्रिया से ज्यादा जोरदार थी।

# नई तकनीक से कार की बैटरी रिसाइकिल होगी

ब्रिटेन | एजेंसी

ब्रिटेन की एक फर्म इलेक्ट्रिक कार बैटरी को रिसाइकिल करने की एक खास तकनीक विकसित कर रही है। कंपनी आगामी हफ्तों में इसे लंदन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने की योजना बना रही है।

टेक्नोलॉजी मिनरल्स का मकसद ऐसी पहली ब्रिटिश कंपनी बनना है, जो अपने उत्पादन में प्रयुक्त धातुओं को फिर से प्राप्त करके औद्योगिक पैमाने पर बैटरियों को रिसाइकिल कर सके। इस समूह की अध्यक्षता पूर्व फॉर्मूला वन ड्राइवर मार्टिन ब्रंडल के भाई रॉबिन ब्रंडल कर रहे हैं।






# अनुमान से सौ गुना घातक सूक्ष्म प्लास्टिक

ब्रिटेन | एजेंसी

सूक्ष्म प्लास्टिक के कंण सेहत के लिए हमारे अनुमान से अधिक खतरनाक हैं। एक हालिया शोध में यह खुलासा हुआ है। शोध में पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक कण हमारे आसपास इतने अधिक हैं कि हर दिन करीब सात हजार कंण हमारी सांस के साथ शरीर में प्रवेश करते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह संख्या लोगों के अनुमान से सौ गुना अधिक है। यह एक संभावित स्वास्थ्य खतरा है, जो तंबाकू की बराबर ही खतरनाक है।

**संवेदनशील उपकरण इस्तेमाल किएः** हालिया अध्ययन के दौरान 10 माइक्रोन से कम आकार के छोटे- छोटे प्लास्टिक कणों को गिनने के लिए अत्यधिक संवेदनशील उपकरणों का उपयोग किया गया। दस माइक्रोन मतलब मानव बाल की चौड़ाई का केवल दसवां हिस्सा।

### मेटाबॉलिज्म पर असर

विशेषज्ञों ने कहा कि शरीर में इन प्लास्टिक कणों के होने से तनाव और मेटाबॉलिज्म (चयापचय) में परिवर्तन हो सकता है। यह प्रतिरक्षा, संक्रमण से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करते हैं। साथ ही प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं और संभावित रूप से यह कैंसरकारी भी साबित हो सकते हैं।







